

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- बंगाल को तीन भागों में बांटना चाहती है भाजपा - 12



टीसीएस दे रही 25 हजार फ्रेशर्स को नौकरी - 12



भारत का आर्थिक विकास वैश्विक साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर : विनय क्वात्रा - 13



घर में ही फिर लड़खड़ाया लखनऊ गुजरात ने सात विकेट से हराया- 14


आज का मौसम
30.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.48
सूर्यास्त 06.37

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी 01:08 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 13 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 47, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## अगले एक सप्ताह में 40 डिग्री के भी पार जा सकता है पारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में करवट लेने लगा मौसम अब तपिश बढ़ने की भविष्यवाणी

**अमृत विचार:** प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। पिछले दिनों की बारिश, आंधी और ठंडी हवाओं से मिली राहत के बाद अब प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले एक सप्ताह में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है।

रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से हवाओं की रफ्तार कम होने के साथ गर्मी का असर तेज होगा। अगले कुछ दिनों तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा, जिससे तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 6 से 8 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### सलाह: सावधानी बरतें

मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासतौर पर दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की जरूरत बताई गई है।

## संगीत के सुनहरे युग का एक कोना खाली... नहीं रहीं आशा भोसले

### मुंबई के अस्पताल में 92 की उम्र में ली आखिरी सांस, सीने में संक्रमण के बाद कराया गया था भर्ती

मुंबई, एजेंसी

अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आशा भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली।

महान गायिका के बेटे आनंद ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। उन्होंने कहा, लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांदे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। आशा भोसले ने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने परंपराओं को तोड़ते हुए सिनेमा में महिलाओं की आवाज को गहराई दी, चाहे वह 'हम इंतजार करेंगे' में विरह से भरी मीना कुमारी हों या 'पिया तू अब तो आजा' में बेबाक और मदहोश हेलेन हों। आजा-आजा पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर करने वाली 'चैन से हम को कभी' में बिछड़े प्रेम का दर्द भी महसूस कराने वाली उनकी आवाज ने कई पीढ़ियों तक राज किया।



### रिकॉर्ड: 80 साल की संगीत यात्रा... 12,000 से ज्यादा गाने

आशा ने अपनी बहन लता के साथ सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने 12,000 गाने रिकॉर्ड किए। उनका पहला गाना 1943 में 10 वर्ष की आयु में मराठी फिल्म 'माझा बल' के लिए था। उन्होंने 2010 के दशक के अंत तक गायन जारी रखा और वैश्विक संगीत इतिहास में सबसे लंबे समय तक गायन करने वाली गायिका बन गईं।

### पद्मिनी-वैजयंती माला से लेकर काजोल तक को दी आवाज

आशा भोंसले पद्मिनी एवं वैजयंतीमाला जैसी दक्षिण भारतीय अभिनेत्रियों से लेकर मीना कुमारी, मधुबाला, जीनत अमान, काजोल और उर्मिला मातोंडकर सहित कई प्रमुख अभिनेत्रियों को अपनी आवाज दी। आशा ने 2023 में अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में दुबई में आयोजित एक विशेष संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति दी थी। उनकी आवाज अंत तक गहन ठहराव, लचीलापन और ताजगी लिए रही।

### मुर्मू, मोदी, योगी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनके साथ हुई बातचीत की यादें मेरे दिल में हमेशा बसी रहेंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट किया, आशा भोसले जी के निधन से संगीत जगत में खालीपन आ गया है। प्रख्यात गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। उनके पास भोसले के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई बातचीत की सुखद यादें हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित महान सुर साधिका आशा भोसले का निधन अत्यंत दु:खद है और कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

## ब्रीफ न्यूज

### विदेश राज्यमंत्री ने खामेनेई की स्मृति में हुई सभा में भाग लिया

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने रविवार को ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की स्मृति में आयोजित शोक सभा में भाग लिया। ईरानी दूतावास ने खामेनेई के निधन के 40वें दिन (चेहेलुम) पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यह सभा आयोजित की थी। इजराइल-अमेरिका के एक हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मृत्यु हो गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने नई दिल्ली में ईरान के दूतावास द्वारा आयोजित 40वें दिन के शोक समारोह में भारत सरकार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बंगाल में एसआईआर से संबंधित याचिकाओं पर आज सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव से पहले एसआईआर से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। इनमें वह याचिका भी शामिल है जिसमें विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों को फ्रीज करने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने इस पर 13 अप्रैल को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। मतदाता सूचियों को फ्रीज करने का मतलब है कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, उन्हें इस चुनाव के लिए मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता।

## महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने का समय आ गया : मोदी

### पीएम का 2029 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव आरक्षण के साथ कराने पर जोर

- विशेष सत्र से पहले लोकसभा और राज्यसभा के नेताओं को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने का समय आ गया है और 2029 के लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे एकजुट होकर महिला आरक्षण कानून में संशोधन पारित करें।

संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से पहले लोकसभा और राज्यसभा के सदन के नेताओं को लिखे पत्र में मोदी ने यह भी कहा कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाओं को प्रगति करने, निर्णय लेने और सबसे महत्वपूर्ण बात, नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि महिलाएं इस यात्रा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश भर में उसके सच्चे स्वरूप में लागू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने 11 अप्रैल को लिखे अपने पत्र में कहा, यह अनिवार्य है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाएं। मोदी ने कहा कि 2029 में महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने से भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और जनता का विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने कहा, मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि हम सभी एक साथ मिलकर इस संशोधन को पारित करने के लिए एकजुट हो सकें।



मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि सभी दल इस संशोधन को पारित करने के लिए एकमत होकर अपनी बात रखें। यह विशेष बैठक हमारे लोकतंत्र को और मजबूत करने का अवसर है। **– नरेंद्र मोदी**

### यथावत रहता तो 2034 से पहले नहीं लागू होता कानून

महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के पारित हो जाने से लोकसभा में सीट की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान 2023 में संविधान में संशोधन करके लाया गया था। हालांकि महिला आरक्षण 2027 की जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू हो पाता। इसका मतलब यह था कि यदि वर्तमान कानून यथावत रहता है तो आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता थी, इसलिए सरकार कानून में संशोधन पारित करने के लिए एक विशेष सत्र आयोजित कर रही है। इसके लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढ़ा दी गई है और सदन का एक विशेष तीन दिवसीय सत्र 16 से 18 अप्रैल तक बुलाया गया है।

### राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी कर रही सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी को जवाब में लिखे पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि राज्यों में चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना इस धारणा को मजबूत करता है कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए महिला आरक्षण कानून को लागू करने में जल्दबाजी कर रही है। पत्र में खरगे ने यह मांग दोहराई कि परिसीमन मुद्दे पर चर्चा करने के लिए 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। खरगे ने कहा, इस अधिनियम को संसद ने सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया था। उस समय कांग्रेस की ओर से मैंने मांग की थी कि यह महत्वपूर्ण कानून तत्काल प्रभाव से लागू होना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इसके तत्काल कार्यान्वयन के लिए व्यापक सहमति थी, लेकिन फिर भी उन्होंने इसे लागू नहीं किया।

## अमेरिका-ईरान के बीच 21 घंटे चली वार्ता विफल

## भड़के ट्रंप बोले- ईरान को टोल देने वाले जहाजों को होर्मुज से नहीं निकलने देंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच 21 घंटे तक चली ऐतिहासिक शांति वार्ता में कोई समझौता नहीं हो सका, इससे दो सप्ताह के लिए लागू युद्धविराम के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। दोनों पक्षों ने वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। शांति वार्ता विफल होने से भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि अमेरिकी नौसेना ऐसे किसी जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं निकलने देगी जिसने इसके लिए ईरान को टोल का भुगतान किया होगा।

वार्ता विफल होने के कुछ घंटों बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान के साथ बातचीत इसलिए असफल रही क्योंकि वह अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने को तैयार नहीं है। ट्रंप ने एलान किया कि अमेरिकी नौसेना अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किसी भी ऐसे जहाज को सक्रिय रूप से रोकेगी जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान को टोल का भुगतान किया हो। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और रडार सिस्टम पहले ही बेकार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सेना ईरान के बचे हुए हिस्से को भी खत्म करने के लिए तैयार है।

इससे पहले इस्लामाबाद में हुई वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका की ओर से अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के बावजूद ईरानी पक्ष ने युद्ध समाप्ति के लिए वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार नहीं किया। ईरान और अमेरिका-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज को बंद कर दिए जाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार ठप होने के साथ व्यापार भी बाधित हुआ है।



- समझौता वार्ता विफल होने के बाद अस्थायी युद्धविराम पर भी उठे सवाल

### समझौता होने में ये मुद्दे बने सबसे बड़ी बाधा

- **परमाणु हथियारों पर लिखित गारंटी :** अमेरिका की सबसे बड़ी शर्त यह थी कि ईरान लिखित में यह प्रतिबद्धता दे कि वह कभी भी परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। ईरान ने इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन माना। कहा, वह पहले ही अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग कर रहा है, इसलिए लिखित शर्त जरूरी नहीं है।
- **आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने की शर्त :** ईरान ने मांग की थी कि अमेरिका वार्ता के पहले चरण के रूप में ही उन पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को तुरंत हटाए और विदेशों में फंसी उसकी अरबों डॉलर की संपत्ति को मुक्त करे। अमेरिका इस पर सहमत नहीं हुआ। वह चाहता था कि पहले ईरान अपने परमाणु और सैन्य कार्यक्रमों पर ठोस कदम उठाए।
- **अंतिम प्रस्ताव का दबाव :** अमेरिका की ओर से वार्ता का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस वार्ता को अमेरिका का अंतिम और सबसे अच्छा प्रस्ताव बताया था। ईरान ने अमेरिका की इस भाषा को धमकी से भरा और अल्टीमेटम के रूप में देखा। इस कड़े रुख के कारण बातचीत में लचीलापन खत्म हो गया।

## उत्तराखंड के लिए पीएम मोदी का दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण: धामी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी ने किया प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण
- सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देहरादून में 14 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल आयोजन के दृष्टिगत गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड एवं मां डाट काली मंदिर तक सड़क मार्ग से स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं ताकि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। उन्होंने यातायात प्रबंधन की सुव्यवस्थित योजना तैयार करने एवं आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जसवंत ग्राउंड में मंच, दर्शक दीर्घा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी की जाएं। उन्होंने साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मां डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सचिव शैलेश बगौली, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, डीएम सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल मौजूद रहे।

## बरेली-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का कासगंज तक विस्तार, आज से शुरुआत

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के कासगंज जंक्शन तक अपनी यात्रा के मार्ग के विस्तार के बाद बरेली-नई दिल्ली के बीच संचालित 14315/14316 इंटरसिटी एक्सप्रेस सोमवार से अपने नए सफर की शुरुआत करेगी।

इस बदलाव से कासगंज, एटा और बदायूं के यात्रियों को राजधानी तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। बदायूं स्टेशन पर मंत्री बीएल वर्मा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रेल अधिकारियों के मुताबिक यह ट्रेन दोपहर 12 बजे बदायूं से रवाना होगी।

## अमरनाथ यात्रा इस बार तीन जुलाई से 28 अगस्त तक होगी

- श्राइन बोर्ड की बैठक में फैसला, 15 अप्रैल से शुरू होंगे पंजीकरण

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर 57 दिन बाद 28 अगस्त को संपन्न होगी। श्राइन बोर्ड की बैठक में लिए इस निर्णय की जानकारी जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दी।

उपराज्यपाल ने यहां लोक भवन में बताया कि 13 से 70 वर्ष की आयु के श्रद्धालु यात्रा कर सकेंगे और पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। सिन्हा ने कहा, इस बार यात्रा की अवधि पिछले वर्षों की तुलना में कुछ अधिक करीब 57 दिन होगी। यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा।

## बाल तस्करी: बिहार से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 163 बच्चों को ट्रेन से उतारा

- कटनी में जीआरपी और आरपीएफ ने रात भर चलाया अभियान

**कटनी।** मध्यप्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन पर बाल तस्करी का बड़ा मामला पकड़ा गया है। यहां रातभर के अभियान के बाद आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने पटना-पूर्णा एक्सप्रेस से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे छह से 13 वर्ष आयु के 163 नाबालिग लड़कों को मुक्त कराया। उनके साथ मौजूद आठ लोगों को बिना टिकट और दस्तावेजों के यात्रा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

कटनी के आरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक उन्हें भारी संख्या में बच्चों को बिहार के अररिया क्षेत्र से महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने की एक गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद रात करीब 8.30 बजे बचाव अभियान चलाया गया, जो तड़के तक चला। जीआरपी ने बिहार के विभिन्न जिलों के आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 143 की उपधारा चार के तहत मामला दर्ज किया है जो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की तस्करी से संबंधित है।

## न्यायिक अधिकारियों का घेराव: कांग्रेस उम्मीदवार समेत सात लोग हिरासत में

- आईएसएफ के एक पंचायत सदस्य को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** एनआईए ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के एक उम्मीदवार सहित सात लोगों को हिरासत में लिया है। इंडियन सेक्युलर फ्रंट के एक पंचायत सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसआईआर कवायद में मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के संबंध में की गई है। कांग्रेस के मोथाबाड़ी से उम्मीदवार सायम चौधरी को उनके कुछ सहयोगियों के साथ उस समय हिरासत में ले लिया गया जब वह अलीनगर पंचायत क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे।

**चिंता** | प्रधान न्यायाधीश ने किया देहरादून में नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित

## न्याय तक पहुंच की कमी सबसे बड़ी चुनौती : सीजेआई सूर्यकांत

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि देश की कानूनी व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती कानूनों का अभाव नहीं, बल्कि आम नागरिकों की उन तक सीमित पहुंच है। उन्होंने कानूनी अधिकारों और उनकी व्यावहारिक उपलब्धता के बीच की खाई को पाटने के लिए तत्काल प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तराखंड हाईकोर्ट और उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि भारत में अधिकारों व नीतियों का मजबूत ढांचा है, लेकिन दूरी, देरी और क्रियान्वयन की कमियों के कारण ये लाभ अक्सर जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाते। न्याय का अस्तित्व पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक अंतिम नागरिक के दरवाजे तक समय पर पहुंचना चाहिए।

सीजेआई ने उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों की विशेष चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां और सीमित संपर्क व्यवस्था न्याय तक पहुंच को प्रभावित करती हैं। ऐसे क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप न्यायिक व्यवस्था को अधिक सुलभ और उत्तरदायी बनाना जरूरी है। लद्दाख, श्रीनगर, नगालैंड और केरल के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिक अक्सर अधिकारों की कमी से नहीं, बल्कि उन्हें प्राप्त करने के लिए सुलभ मंचों के अभाव के कारण संघर्ष करते हैं। सम्मेलन को राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी संबोधित किया।




सम्मेलन शुरू करते सीजेआई सूर्यकांत, साथ में राज्यपाल गुरमीत सिंह, सीएम धामी।

### मध्यस्थता, सुलह और लोक अदालतों पर जोर

सीजेआई ने मध्यस्थता, मुकदमे पूर्व सुलह जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र और लोक अदालतों को बढ़ावा देने पर बल दिया। कहा, ये विवादों के त्वरित व किफायती समाधान में सहायक हैं, सामाजिक संबंधों को भी बनाए रखने में मदद करते हैं।

### न्याय मित्र पोर्टल का किया शुभारंभ

मुख्य विषय 'एनहेंसिंग एक्सेस टू जस्टिस' तथा मुख्य थीम 'जस्टिस बियॉन्ड बैरियर्स: राइट्स, रिहेबिलिटेशन एंड रिफॉर्म फॉर द मोस्ट वलनेरिबल' पर आयोजित सम्मेलन में सीजेआई ने न्याय मित्र पोर्टल शुरू किया ताकि आमजन त्वरित न्याय प्राप्त कर सकें। नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने ई-बुकलेट का विमोचन किया।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 13 अप्रैल 2026



# सीएम धामी की अगुवाई में 18 वीं बार पीएम मोदी का होगा स्वागत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28वीं बार मंगलवार को आएंगे उत्तराखंड के दौरे पर, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे व टिहरी में स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का करेंगे लोकार्पण

**स्टेट ब्रीफ**

### भंडारकर ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**देहरादून :** मुख्यमंत्री धामी से रविवार को प्रख्यात फिल्म निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तराखंड को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक अग्रणी गंतव्य के रूप में विकसित करने, निवेश को आकर्षित करने तथा राज्य की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कई फिल्मों व वेब सीरीज़ की शूटिंग से राज्य फिल्म मेकर्स की पसंदीदा लोकेशन बन चुका है। उत्तराखंड को देश का अग्रणी फिल्म शूटिंग हब बनाने का संकल्प लिया गया है।

### उपराष्ट्रपति ने प्रो. दुर्गेश पंत को सम्मानित किया



**देहरादून :** भारत मंडपम, नई दिल्ली में रविवार को 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. रीमा पंत, प्रह्लाद अधिकारी, डॉ राजेंद्र राणा, विकास नौटियाल, अर्चित पांडेय, कुमार रोशन, संदीप मनराल आदि उपस्थित रहे।

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढे. चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के साथ ही, टिहरी में 1 हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंडवासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटी है।

मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद, नरेंद्र मोदी 11 सितंबर 2015 को उत्तराखंड के पहले दौरे पर ऋषिकेश पहुंचे थे। तब उन्होंने दयानंद सरस्वती आश्रम पहुंचकर अपने गुरु दयानंद गिरी से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। भगवान केदारनाथ सहित उत्तराखंड के प्रमुख धामों के प्रति भी पीएम मोदी की गहरी आस्था है। प्रधानमंत्री बनने के बाद वह पांच बार केदारनाथ की यात्रा पर आ चुके हैं, साथ ही बद्रीनाथ ओर मुखबा का भी दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के तीर्थाटन-पर्यटन के ब्रांड एम्बेसडर साबित हुए हैं। प्राकृतिक आपदाओं के चलते केदारनाथ धाम की यात्रा प्रभावित हुई तो पीएम मोदी ने केदारधाम पहुंचकर सुरक्षित चारधाम यात्रा का संदेश देश-दुनिया को दिया। प्रधानमंत्री के दौरों के बाद केदारनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या अप्रत्याशित ढंग से बढ़ी है।

इसी तरह प्रधानमंत्री के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश में पहुंचने के बाद, इस क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बीते वर्ष मार्च में उत्तरकाशी जिले में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा पहुंचकर प्रधानमंत्री ने शीतकालीन यात्रा का संदेश दिया। इससे प्रदेश में शीतकालीन यात्रा के साथ ही बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा मिला है।





### पीएम मोदी का उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है। उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम ऑलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज के समय में पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है।

### वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र टिहरी

प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को देश का पहला वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। कुल 1000 मेगावाट, उत्पादन क्षमता के इस प्लांट का निर्माण टीएचडीसी ने 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स के क्रम में किया है, जो टिहरी हाईड्रो प्रोजेक्ट के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा। यह संयंत्र, भारत की ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे की विशेषताएं

शामिल राज्य – दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड
कुल लंबाई – 213 किलोमीटर
लागत – 11,963 करोड़
12 किलोमीटर लंबा एशिया का सबसे लंबा वाइल्ड लाफ कॉरिडोर
200 मीटर लंबे 2 एलिफिटेंट अंडरपास, 6 एनिमल पास
370 मीटर लंबी सुरंग डाटकाली के पास
6 लेन का एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर
2 आरओबी, 10 पुल, 7 इंटरचार्ज
2.5 घंटे में होगा दिल्ली का सफर

### कब-कब उत्तराखंड आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**11 सितंबर 2015 :** ऋषिकेश स्थित दयानंद सरस्वती आश्रम के स्वामी दयानंद गिरी की कुशलक्षेम लेने पहुंचे

**27 दिसंबर, 2016 :** देहरादून में चारधाम सड़क परियोजना की नींव रखी

**18 मार्च 2017 :** देहरादून में सीएम टीएसआर व कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग

**03 मई 2017 :** प्रधानमंत्री बनने के बाद केदारनाथ की पहली यात्रा। कपाटोद्घाटन पर की पूजा-अर्चना

**20 अक्टूबर 2017 :** दूसरी बार पहुंचे केदारनाथ दर्शन को

**21 जून 2018 :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एफआरआई में कार्यक्रम में प्रतिभाग

**7 अक्टूबर 2018 :** अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में डेस्टिनेशन इन्वेस्टर समिट को किया संबोधित

**7 नवंबर 2018 :** केदारनाथ में दर्शन कर पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उत्तरकाशी में हर्षिल के पास अग्रिम सैन्य चौकी पर आईटीबीपी और सेना के जवानों के साथ मनाई दीवाली

**14 फरवरी 2019 :** ढिकाला पहुंचकर कॉर्बेट पार्क को रेस्क्यू सेंटर और वाइल्ड लाइफ टाइगर सफारी की सौगात दी

**18 मई 2019 :** केदारनाथ दर्शन और पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर ध्यान गुफा में 16 घंटे 45 मिनट तक की साधना। 19 मई को भगवान बद्रीनाथ के किए दर्शन।

**वर्ष 2021 के बाद :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले 17 बार उत्तराखंड आ चुके हैं। इस दौरान प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक, धार्मिक पहचान से जुड़ी प्रतिकृतियों, प्रतीक चिन्हों के साथ ही उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद भेंट किए।

**7 अक्टूबर 2021 :** ऋषिकेश (स्थानीय हस्तशिप आधारित शॉल-पुस्तक)

**5 नवंबर 2021 :** केदारनाथ धाम (केदारनाथ मंदिर प्रतिकृति)

**4 दिसंबर 2021 :** देहरादून (शॉल, चंदन, इत्र और हर्बल प्रोडक्ट)

**30 दिसंबर 2021 :** हल्द्वानी (शॉल और हिमालय की तस्वीर)

**10 फरवरी 2022 :** श्रीनगर (चुनावी जनसभा)

**11 फरवरी 2022 :** अल्मोड़ा (चुनावी जनसभा)

**12 फरवरी 2022 :** रुद्रपुर (चुनावी जनसभा)

**23 मार्च 2022 :** देहरादून (नवनिर्वाचित सरकार का शपथ ग्रहण)

**21 अक्टूबर 2022 :** केदारनाथ-बद्रीनाथ-माणा (बदरीनाथ प्रसाद बॉक्स)

**12 अक्टूबर 2023 :** पिथौरागढ़-जागेश्वर (शिव प्रतिमा, आदि कैलाश चित्र)

**8 दिसंबर 2023 :** देहरादून (हाउस ऑफ़ हिमालय ब्रांड के उत्पाद)

**2 अप्रैल 2024 :** रुद्रपुर (शंख)

**11 अप्रैल 2024 :** ऋषिकेश (उत्तराखंड का वाद्य यंत्र हुड़का)

**28 जनवरी 2025 :** देहरादून (पुस्तक और अंगवस्त्र)

**6 मार्च 2025 :** मुखबा (उत्तरकाशी) (मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा मंदिर की प्रतिकृति)

**11 सितंबर 2025 :** देहरादून (आपदा प्रभावितों से भेंट)

**09 नवम्बर 2025 :** देहरादून (पहाड़ी शॉल, बाबा केदार के शीतकालीन निवास स्थल ओंकारेश्वर मंदिर की प्रतिकृति राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आधारित स्मृति चिन्ह)



टापू में फंसे लोगों का रेस्क्यू करती पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम। ● अमृत विचार

# गंगा में बढ़ा जलस्तर, टापू पर फंसे 21 लोग बचाए

**संवाददाता, हरिद्वार**

**अमृत विचारः** हरिद्वार के सप्तऋषि क्षेत्र में पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम ने रविवार सुबह बड़ी अनहोनी होने से बचा ली। कबीर कुटीर घाट के आगे बने टापू पर श्रद्धालु नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ऊपर से जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा का बहाव तेज हो गया, जिससे सभी लोग टापू पर फंस गए।

इस दौरान पुलिस और आपदा प्रबंधन टीमों ने सभी को सुरक्षित बचा लिया। बताया गया कि सुबह करीब 10:40 बजे कॉलर प्रतीक चतुर्वेदी ने आपदा कन्ट्रोल रूम को सूचना दी कि सप्तर्षि घाट क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने के कारण काफी श्रद्धालु टापू पर फंस गए हैं। सूचना मिलने के बाद सप्तऋषि चौकी पुलिस, जल पुलिस पीएसी और फ्लड कम्पनी के कर्मचारी बोट व आपदा राहत उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। इन टीमों ने मौके पर संयुक्त रूप से बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर टापू पर फंसे सभी व्यक्तियों को सुरक्षित किनारे पर लाया गया। रेस्क्यू किए गए लोगों में 10 पुरुष, 7 महिलाएं तथा 4 बच्चे शामिल हैं। ये सभी व्यक्ति दिल्ली, हरियाणा एवं राजस्थान के निवासी हैं।

### खाई में गिरा दिल्ली का पयर्टक, बचाया

**टिहरी :** टिहरी के नीर गुड्डू वॉटरफॉल क्षेत्र में शनिवार देर रात एक युवक गहरी खाई में गिर गया। जिला नियंत्रण कक्ष के अनुसार, एसडीआरएफ कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर ढालवाला से एसआई नरेंद्र राणा के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच सघन सर्चिंग अभियान शुरू किया। खोजबीन के दौरान खाई में गिरे युवक प्रेम ठाकुर (20) पुत्र अशोक कुमार निवासी नई दिल्ली को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हरकी पैड़ी पर 'घर वापसी' से बढ़ा विवाद

**हरिद्वार :** धर्मनगरी स्थित हरकी पैड़ी पर रविवार को एक पदयात्रा के पहुंचने के साथ ही धार्मिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई। बिजनौर के गंगापुर बैराज से शुरू हुई यह दो दिवसीय यात्रा हरकी पैड़ी पहुंची, जहां कुछ लोगों द्वारा इस्लाम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपनाने और गंगा स्नान करने का दावा किया गया। इस घटनाक्रम ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब हरकी पैड़ी क्षेत्र में गैर हिंदुओं की एंट्री को लेकर पहले से जारी प्रतिबंध के बीच कुछ लोगों के प्रवेश की सूचना सामने आई। गंगा सभा (रजि.) के अध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि प्रशासन ने पूर्व में सूचना दी थी कि कुछ लोग हिंदू धर्म अपना चुके हैं और सनातन परंपरा के तहत गंगा स्नान के लिए आ रहे हैं। ऐसे मामलों में गंगा सभा सहयोग के लिए तैयार रहती है और सनातन से जुड़ने वालों का स्वागत है। हालांकि, उन्होंने वीडियो में कुछ लोगों के पारंपरिक टोपी पहनकर हरकी पैड़ी क्षेत्र में प्रवेश करने पर कड़ी आपत्ति जताई।

# दिल्ली-दून एक्सप्रेसवे पर यातायात किया बंद

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

● **गणेशपुर में सड़क मरम्मत के चलते बंद, रूट डायवर्जन प्लान लागू**

**अमृत विचारः** आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देहरादून भ्रमण के दृष्टिगत गणेशपुर में सड़क मार्ग की मरम्मत के कारण रविवार को देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे को यातायात हेतु पूर्णतः बन्द कर दिया गया है। ट्रैफिक विभाग ने रूट डायवर्जन प्लान लागू करते हुए असुविधा से बचने के लिए डायवर्ट रूटों का प्रयोग करने का अनुरोध किया है।

डायवर्ट रूट के तहत, दिल्ली/सहारनपुर/रुड़की/छुटमलपुर से देहरादून/मसूरी आने वाले वाहनों के लिए संशोधित रूट- छुटमलपुर से बेहट-धर्मावाला चौक- प्रेमगनर-ठाकुरपुर हाईवे -प्रेमनगर चौक-बल्लुपूर चौक से होते हुए अपने गंनतव्य हेतु जा सकेंगे। जबकि देहरादून शहर क्षेत्र से सहारनपुर/रुड़की/दिल्ली जाने वाले वाहन शिमला बाईपास तिराहा-नयागांव रोड-धर्मावाला चौक-बेहट या दूसरे मार्ग रिस्पना पुल-जोगीवाला-लालतप्पड़-रायवाला-हरिद्वार होते हुए जा सकते हैं। देहरादून शहर से छुटमलपुर/बिहारीगढ़ जाने वाले वाहन शिमला बाइपास तिराहा-नयागांव रोड-धर्मावाला चौक-शाकुम्बरी देवी-छुटमलपुर से अपने गंतव्य हेतु जा सकेंगे।

# चारधाम यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**



मुख्यमंत्री धामी का आभार जताते तीर्थ पुरोहित एवं संगठनों के प्रतिनिधि।

**अमृत विचारः** राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के चारों धामों में यात्रियों की संख्या सीमित न किए जाने के निर्णय पर चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों, पुजारियों, हितधारकों, चार धाम होटल एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंसियों एवं विभिन्न संगठनों ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए चारधाम यात्रा को और अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी को सहभागी बनने की अपील की।

# मंदिर में घुसकर की बुजुर्ग पुजारी की हत्या, सनसनी

**संवाददाता, हरिद्वार**

**अमृत विचारः** हरिद्वार जिले के भोगपुर गांव में बुजुर्ग पुजारी की हत्या से सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, पुरकाजी क्षेत्र के गोदना गांव निवासी राजवीर (65) दो माह से भोगपुर स्थित मंदिर में रहकर पूजा-पाठ का कार्य कर रहे थे। चर्चा है कि शनिवार देर रात अज्ञात लोग मंदिर में चोरी के इरादे से घुसे। इसी दौरान आहट सुनकर पुजारी जाग गए, जिस पर बदमाशों ने उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पुजारी की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह जब ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो घटना का पता चला। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला चोरी के प्रयास के दौरान हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी का दावा किया है। घटना के बाद गांव में शोक और गुस्से का माहौल है।

# दून में रात भर चेकिंग अभियान, 24 गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**



राजधानी में थार वाहन की चेकिंग करती दून पुलिस।

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देहरादून दौरे से पूर्व दून पुलिस ने ''ऑपरेशन प्रहार'' और "ऑपरेशन नाइट स्ट्राइक" कोर ज्यादा सख्त कर दिया है।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देशन में वीकेंड पर शनिवार रात भर राजधानी में चले अभियान में एसपी सिटी के नेतृत्व में पुलिस की टीमों ने संदिग्धों की तलाश में उनके ठिकानों पर छापेमारी की। वहीं, पुलिस ने सभी वाहनों/व्यक्तियों की सघन चेकिंग सुनिश्चित की। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 24 चालकों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया तथा यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर कई थार वाहनों सहित 68 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही, 77 वाहन चालकों के एमवी एक्ट में चालान कर 46000 रुपए का जुर्माना वसूला गया तथा 62 वाहन चालकों के न्यायालय के चालान किए गए। अभियान के दौरान रायपुर पुलिस ने रात्रि में पब/बार/रेस्टोरेंट की चेकिंग के दौरान थाना रायपुर क्षेत्र में मैगी पॉइंट के पास एक होटल में बिना लाइसेंस लोगों को शराब पिलाने वाले रेस्टोरेंट स्वामी प्रदीप सोलंकी निवासी रायपुर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। एसएसपी डोबाल ने रविवार को बताया कि देर रात्रि में घूम रहे 1252 व्यक्तियों की पुलिस द्वारा मौके पर पूछताछ करते हुए उनके सत्यापन की कार्रवाई की गई तथा अलग-अलग थाना क्षेत्र में 109 संदिग्ध व्यक्तियों के 81 पुलिस एक्ट में चालान कर 29500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

**कॉन्फ्रेंस**

**प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया दो दिवसीय नॉर्थ जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित**

# न्याय तक पहुंच बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : राज्यपाल

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**



देश के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत का सम्मान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचारः** दो दिवसीय नॉर्थ जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का रविवार को भव्य समापन हुआ।

राज्यपाल गुरमीत सिंह, भारत के मुख्य न्यायाधीश एवं नालसा के संरक्षक-प्रधान न्यायमूर्ति सूर्यकांत, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल सहित सुप्रीम कोर्ट एवं उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्तिगण, उत्तर भारत के विभिन्न उच्च न्यायालयों से पधारे न्यायमूर्तिगण और विधि विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया तथा विभिन्न गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष, सचिव एवं न्यायिक अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। विभिन्न तकनीकी सत्रों के माध्यम से न्याय तक पहुंच को सशक्त बनाने, वंचित वर्गों के अधिकारों के संरक्षण तथा न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। समापन कार्यक्रम में संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि 'न्याय तक पहुंच को आसान बनाना' केवल विधिक व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा और संवैधानिक प्रतिबद्धता का आधार है। न्याय तभी सार्थक है, जब वह सुलभ, समयबद्ध व किफायती हो। विलंबित या महंगा न्याय अपने वास्तविक उद्देश्य को खो देता है। सभी के लिए न्याय तक समान पहुंच होना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे न्याय

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि न्याय व्यवस्था की वास्तविक सफलता तभी सुनिश्चित होती है, जब न्याय समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने 'जस्टिस बियॉन्ड बैरियर्स' की अवधारणा को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ उससे जुड़ी सभी बाधाओं को दूर करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन के विषय को अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि आदिवासी समुदायों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, एसिड अटैक पीड़ितों के पुनर्वास, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा कारागार सुधार जैसे विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श समय की आवश्यकता है। उन्होंने नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी (नालसा) द्वारा संचालित वीर परिवार सहायता योजना, लीगल सर्विस क्लीनिक, स्पृहा, जागृति एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये पहल समाज के वंचित वर्गों तक न्याय पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ई-कोर्ट्स, नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड, फास्ट ट्रैक कोर्ट्स और डिजिटल केस मैनेजमेंट जैसे सुधारों से न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाया जा रहा है। राज्य सरकार भी डिजिटल कोर्ट्स, ई-फाइलिंग, वर्चुअल हियरिंग तथा समान नागरिक संहिता लागू कर न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन से प्राप्त सुझाव प्रदेश एवं देश के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।




देहरादून में 'जय भीम, जय हिंद' कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी।

### युवा जागा तो बदलेगा देश: कन्हैया

**देहरादून :** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर रविवार को कांग्रेस द्वारा 'जय भीम, जय हिंद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने आरोप लगाया कि आज सत्ता में बैठे लोग संविधान की मूल भावना पर लगातार प्रहार कर रहे हैं। युवा जागेगा तो देश बदलेगा। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आज देश में सामाजिक न्याय और बराबरी के सिद्धांतों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह, हरक सिंह रावत, संयोजक वैभव वालिया, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी इंवेट्स

- गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में कॉर्बेट लीग होगी 10 बजे से
- बनभूलपुरा में डोर टू डोर वेरिफिकेशन होगा 10 बजे से
- आरएसएस कार्यालय में नारी वंदन कार्यालय को लेकर कार्यक्रम 1 बजे से

## सिटी ब्रीफ

### मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन अप्रैल तक

**हल्द्वानी :** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए काठगोदाम–मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन के संचालन की अवधि बढ़ा दी है। इज्जतनगर मंडल के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि यह विशेष ट्रेन अब 2 से 30 अप्रैल तक प्रत्येक गुरुवार को संचालित होगी। मुंबई सेंट्रल से काठगोदाम के लिए यह ट्रेन 1 अप्रैल से 29 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से चलाई जाएगी।

### सीमा जागरण मंच सुरक्षा प्रहरी का करेगा सम्मान

**हल्द्वानी :** सीमा जागरण मंच कल बॉर्डर क्षेत्र के सुरक्षा प्रहरियों को सम्मानित करेगा। इसको लेकर रविवार को संघ कार्यालय मुखानी में एक योजना बैठक हुई। प्रांत प्रचार विभाग से पंकज मलकानी ने बताया कि बॉर्डर, आंतरिक, आत्मनिर्भर राष्ट्र जागरण, सीमा विमर्श, अवैध घुसपैठ, नशा और बदलती डेमोग्राफी जैसे मुद्दों पर समाज को जागरूक और संगठित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह 14 अप्रैल को हल्द्वानी नगर निगम हाल में आयोजित किया जाएगा।

# उत्तराखंड का युवा अब नशे को ना और जीवन को हां कह रहा : धामी

## सीएम ने एमबी इंटर कॉलेज में नशे के खिलाफ दौड़ में युवाओं को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नशे के खिलाफ आज की यह दौड़ मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और नशे से मुक्त उत्तराखंड के संकल्प की दौड़ है। जब हम सभी यहां से कदम आगे बढ़ाएंगे, तो यह संदेश पूरे प्रदेश में जाना चाहिए कि उत्तराखंड का युवा अब नशे को न और जीवन को हां कह रहा है। कुछ इस तरह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं, छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। वह रविवार को एमबी इंटर कॉलेज मैदान से नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत रन फॉर अवेयरनेस रैली को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि नशा एक साइलेंट वार की तरह फैल रहा है, इसका सबसे बड़ा निशाना युवा शक्ति है। मजाक-मजाक में युवा नशे की चपेट में आ जाते हैं फिर वहां से लौटना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को संकट में डाल देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2020 में शुरू किए नशा मुक्त भारत अभियान से प्रेरणा लेकर



एमबी इंटर कॉलेज में अवेयरनेस रन को झंडा दिखाकर रवाना करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

राज्य सरकार इस दिशा में मिशन मोड पर काम कर रही है। वर्ष 2022 में गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने हजारों आरोपियों की गिरफ्तारी की और भारी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी की है। एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी एटीएफ केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए 'दगड़िया क्लब' बनाए गए हैं, जो युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। युवाओं से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल कानून बनाने से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए समाज की जागरूकता और युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। सभी संकल्प लें कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और मित्रों व समाज को भी जागरूक करेंगे। औपचारिकता से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प से ही ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और ऊर्जावान युवा शक्ति के लिए जाना जाता है। यदि युवा शक्ति सही दिशा में बढ़े तो वह पूरे भारतवर्ष के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अंत में उन्होंने सभी नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। इसके बाद उन्होंने रन फॉर अवेयरनेस के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान डॉ. स्वामी रामेश्वरम हरि, आरएसएस संपर्क प्रमुख उत्तर क्षेत्र डॉ. हरीश रौतेला, श्याम अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भारत भूषण, शंकर कोरंगा, शांति महरा, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, रेनू अधिकारी, ध्रुव रौतेला, सुरेश भट्ट आदि रहे।

## गिरावट के बाद पारे में आ रहा उछाल

**हल्द्वानी :** पिछले दिनों बारिश, ओलावृष्टि और पहाड़ों में हुई बर्फबारी की वजह से उत्तराखंड में ठंड फिर से बढ़ गई थी। अब तापमान में उछाल आना शुरू हो गया है हालांकि अभी भी पूरे राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से कम ही चल रहा है।

हल्द्वानी में पारा 33.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम है। पिछले चार दिनों के मुकाबले पारे में छह डिग्री तक का उछाल आया है। रविवार को हल्द्वानी में पूरे दिन धूप रही और दोपहर के समय लोगों को हल्की गर्मी का भी अहसास हुआ। हालांकि रात होने पर पारे में फिर से बढ़ी गिरावट आ गई। मौसम विज्ञानियों के अनुसार ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ जमी हुई है, जिस वजह से शाम के समय मैदानी इलाकों में ठंडी हवा चल रही है। मुक्तेश्वर में पारा 21 डिग्री तक पहुंच गया।

यहां अब दिन के समय चटख धूप निकल रही है। दो दिन पहले तक यहां दिन के समय भी कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। फिर भी पारा सामान्य से एक डिग्री कम ही रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसर अब राज्य में अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ ही रहेगा। अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे उछाल आएगा। मैदानी इलाकों में अगले सात दिनों के अंदर पारा 35 से 36 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

# नार्थ चैनल के लिए तन्वी का नैनी झील में अभ्यास

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** तन्वी चव्हाण-देवरे इन दिनों नैनी झील में कड़ी मेहनत कर रही हैं। नागपुर की रहने वाली यह तैराक इंग्लिश चैनल पार कर इतिहास रच चुकी हैं और अब नॉर्थ चैनल को पार करने की तैयारी में जुटी हैं। इसके लिए वह नैनीताल की ठंडी झील में लगातार अभ्यास कर रही हैं।

नैनी झील देश के सबसे ठंडे जल निकायों में गिनी जाती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर के तैराकों के लिए प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनती जा रही है। यहां का तापमान इंग्लिश चैनल सहित दुनिया के कई ठंडे समुद्री क्षेत्रों के बराबर माना जाता है, जिससे यह ओपन वॉटर स्विमिंग के लिए बेहद उपयुक्त साबित हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि नैनी झील का ठंडा पानी और प्राकृतिक परिस्थितियां इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की ओपन वॉटर स्विमिंग के लिए आदर्श बनाती हैं। तन्वी की इस तैयारी से एक बार फिर नैनीताल का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर उभर रहा है और उनकी उपलब्धियां महिलाओं व युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। **इंग्लिश चैनल पार कर बनाई पहचान :** दो बच्चों की मां 35 वर्षीय तन्वी चव्हाण-देवरे ने 17 घंटे में इंग्लिश चैनल पार कर किया। यह इंग्लिश चैनल को विश्व के सबसे कठिन व खतरनाक जलमार्गों में गिना जाता है।


नैनी झील मे अभ्यास करती तन्वी।

### नैनीताल में किया ठंडे पानी में अभ्यास

इंग्लिश चैनल की तैयारी के लिए तन्वी ने नैनीताल को ही प्रशिक्षण केंद्र बनाया था। उन्होंने करीब 11 डिग्री सेल्सियस तापमान में अभ्यास कर खुद को तैयार किया। इसी कठिन अभ्यास के बाद उन्हें इंग्लिश चैनल पार करने की अनुमति मिली थी।

### कठिन चैनल को पार करने वाली भारत की पहली मां बनीं

तन्वी ने अपने दो साथियों के साथ यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस के बीच स्थित इस कठिन चैनल को पार किया और ऐसा करने वाली भारत की पहली मां बनीं। इस उपलब्धि ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

# सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे भवनों को जल्द ध्वस्त करें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने मंगल पड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे भवनों का निरीक्षण किया। भवन स्वामियों को जल्द से जल्द दायरे में आ रहे भवन तोड़ने के निर्देश दिए ताकि सड़क चौड़ीकरण में तेजी आ सके।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व तहसीलदार कुलदीप पांडेय ने मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से नाले का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। हाल ही में दो अन्य व्यक्तियों ने भी हाईकोर्ट में दायर याचिकाएं वापस ले ली हैं। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी ने मंडी से तीनपानी के बीच चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। पूर्व में दिए गए 15 दिन के नोटिस के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेते हुए अतिक्रमणकारियों की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित 15 दिन की अवधि पूर्ण होने के बाद लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की ओर से अग्रिम कार्रवाई की जाए ताकि सड़क चौड़ीकरण में किसी प्रकार की बाधा नहीं आए।


ध्वस्तीकरण का जायजा लेते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व तहसीलदार कुलदीप पांडे।

## हादसों में युवक व मासूम की हुई मौत

**लालकुआं/कालाढूंगी:** अमृत विचारः बिंदुखत्ता और कालाढूंगी में हुए दो अलग-अलग हादसों में एक युवक और चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जिससे दोनों क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई।

बिंदुखत्ता के इंदिरा नगर द्वितीय में 26 वर्षीय संतोष भट्ट की स्कूटी सामने जानवर आने से फिसल गई। सिर में गंभीर चोट लगने पर उन्हें 108 एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं कालाढूंगी के वार्ड नंबर 7 में चार वर्षीय हस्मिता अधिकारी घर के बाहर खेलते समय लोहे के स्लाइडिंग गेट की चपेट में आ गई।

गंभीर रूप से घायल मासूम को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों घटनाओं से परिजनों में कोहराम मचा है।

# शॉर्ट सर्किट से ट्रॉली में आग, गेहूं जलकर खाक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार क्षेत्र में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब शॉर्ट सर्किट के चलते गेहूं की फसल से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में अचानक आग लग गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से झुलस गया।

ग्राम सुंदरपुर रैकवाल में किसान भवान सिंह बिष्ट की गेहूं की फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से उनके घर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से चिंगारी गिर गई, जिसने ट्रॉली में भरी सूखी गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। सूखी फसल होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि ट्रैक्टर चालक रमेश चंद्र को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। उनकी आंखों के सामने ही उनकी कई माह की मेहनत जलकर राख होने लगी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्राम प्रधान नीरज रैकवाल और अन्य ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल चालक को निजी वाहन से डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि आग लगने से गेहूं की पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान नीरज रैकवाल ने प्रशासन से मांग की है कि हादसे में घायल चालक के इलाज का पूरा खर्च उठाया जाए और फसल नुकसान झेलने वाले किसान को उचित मुआवजा दिया जाए।


आग में झुलसा किसान।


गौलापार में ट्रॉली में शार्ट सर्किट से फसल में लगी आग। ● अमृत विचार


शनिवार को नैनीताल के पंत पार्क में सैरसपाटा करते पर्यटक।

# वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार हुआ नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

- मैदानी इलाकों की गर्मी से बढ़ी भीड़, होटल कारोबार में आई तेजी

**अमृत विचार:** मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के बीच सप्ताहांत पर नैनीताल पर्यटकों की भारी आमद से गुलज़ार नजर आया। बीते वीकेंड की तुलना में इस बार सैलानियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे होटल व्यवसाय, रेस्टोरेंट, टैक्सी संचालकों और स्थानीय कारोबारियों के चेहरे खिल उठे। गुलाबी ठंड और हल्की धूप के बीच नैनीताल का मौसम पर्यटकों के लिए बेहद खुशनुमा बना रहा। रविवार को नैनी झील, माल रोड नैनीताल, स्नोव्यू प्वाइंट नैनीताल, टिफिन टॉप नैनीताल, केव गार्डन नैनीताल और हिमालय दर्शन प्वाइंट नैनीताल सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही नैनी झील में नौकायन के लिए पर्यटकों की कतारें लगी रहीं, जबकि शाम होते-होते माल रोड पर चहल-पहल बढ़ गई।

**होटल कारोबार में आई तेजी:** होटल एवं गेस्ट हाउस संचालकों के अनुसार इस वीकेंड पर अधिकांश होटल 60 से 70 प्रतिशत तक भरे रहे। स्थानीय पर्यटन कारोबार को अच्छा लाभ मिला है।

### मैदानी इलाकों की गर्मी बनी वजह

दिल्ली, उत्तर प्रदेश और अन्य मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ने से लोग ठंडक की तलाश में पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। पर्यटकों ने नैनीताल के सुहावने मौसम को अपनी पहली पसंद बताया।

### ट्रैफिक दबाव भी बढ़ा

पर्यटकों की बढ़ती संख्या के चलते नगर में यातायात दबाव भी देखने को मिला। खासकर प्रवेश मार्गों और माल रोड क्षेत्र में वाहन रेंगते हुए नजर आए। ट्रैफिक पुलिस को व्यवस्था संभालने में अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ी।

# अब 19 अप्रैल से बजेंगी शहनाइयां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** इस वर्ष अप्रैल माह कई महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आ रहा है। ज्योतिषीय आकलनों के अनुसार युद्ध विराम में बाधाएं, राजनीतिक उथल-पुथल, प्राकृतिक प्रकोप, अग्निभय, आकाशीय घटनाक्रम और मौसम में बदलाव जैसी स्थितियां देखने को मिल सकती हैं।



ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि 14 अप्रैल को सुबह 9 बजकर 32 मिनट पर भगवान सूर्य देव मीन राशि से निकलकर अपनी उच्च राशि मेष में गोचर करेंगे और 15 मई तक इसी राशि में रहेंगे। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही पिछले माह से चल रहा खरमास समाप्त हो जाएगा और मांगलिक कार्यों की पुनः शुरुआत हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम 19 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से शुरू होकर 12 मई तक चलेंगे। इसके बाद 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास के कारण मांगलिक कार्यों पर पुनः विराम रहेगा। फिर 19 जून से 11 जुलाई तक दोबारा शुभ कार्य संपन्न किए जा सकेंगे। मेष संक्रांति पर त्रिपुष्कर, शुक्ल और कुबेर योग का विशेष संयोग बन रहा है, जो मेष, सिंह और धनु राशि के जातकों के लिए अत्यंत लाभकारी रहेगा, जबकि अन्य राशियों के लिए यह समय सामान्य फलदायी रहेगा। इस अवसर पर स्नान, जप, पूजा-पाठ और दान का विशेष महत्व बताया गया है। खासतौर पर जौ, चना का सत्तू, वस्त्र, गौदान या गायों के लिए हरे चारे का दान करना अत्यंत शुभ फल देने वाला माना गया है।

# मुक्त विवि में 39 हजार से अधिक प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शीतकालीन सत्र में प्रवेश संख्या बढ़कर 39436 पहुंच गई है, जबकि पिछले साल इस सत्र में 33501 प्रवेश हुए थे। इस तरह करीब 6 हजार की वृद्धि हुई है। नए प्रवेशों की संख्या भी बढ़कर 6608 हो गई है, जो पिछले साल 5358 थी। आंकड़ों के अनुसार 2021 से 2024 तक लगातार बढ़ोत्तरी के बाद 2025 में आई गिरावट समाप्त हुई है।

विवि के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने इसका श्रेय सभी अध्ययन केंद्रों, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय निदेशक, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, समन्वयक, संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों और मीडिया को दिया। विवि मुख्यालय से लेकर अध्ययन केंद्रों तक किए सतत प्रयास, संपर्क अभियान से ही यह संभव हुआ है। डिस्टेंस एजुकेशन के प्रति रुझान लगातार बढ़ रहा है विवि इसके लिए लगातार काम कर रहा है।

### प्रचार-प्रसार से बढ़ी यूओयू की पहुंच

**हल्द्वानी :** यूओयू ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र में डिस्टेंस एजुकेशन के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम चलाए। विवि की ओर से विभिन्न मेलों, शैक्षिक आयोजनों और जनसमूह वाले कार्यक्रमों में आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जहां विद्यार्थियों और अभिभावकों को पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया और सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान निशुल्क पुस्तक वितरण, परामर्श सत्र और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को डिस्टेंस एजुकेशन की उपयोगिता के बारे में बताया गया।

दुखद | बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले पोस्टमैन का मिला शव, भुजियाघाट के पास पुल के नीचे गधेरे में मिला शव

# औरों के घर खुशियां पहुंचाने वाला, बेटी के ब्याह का न्योता न बांट सका

संवाददाता, हल्द्वानी/कालाढूंगी

**अमृत विचारः** दूसरों के घर खुशियां पहुंचाने वाले एक पोस्टमैन से जुड़ी दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आयी है। अपने रिश्तेदारों तक बिटिया के ब्याह का न्योता देने निकले एक डाकिया की सांसें थम गईं और लाडो की शादी के कार्ड उसके बैग में ही रह गए। यानी जिस बैग से निकाल कर उसने हजारों संदेश गंतव्य तक पहुंचाएं, उसमें ही एक पिता की इच्छा बंद रह गई।


नवीन चंद्र।(फाइल)

भुजियाघाट क्षेत्र में एक डाक विभाग के कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार को पुल के नीचे गधेरे में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान नवीन गुणवंत उम्र 54 पुत्र स्व. गोविन्द वल्लभ गुणवंत निवासी तल्ला बन्दरजूड़ा बैलपड़ाव के रूप में हुई। नवीन गुणवंत पवलगढ़ पोस्ट आफिस में पोस्टमैन के पद कार्यरत थे।

पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों ने भुजियाघाट बाजार से कुछ दूरी पहले पुल के नीचे पानी में एक व्यक्ति को डूबा देखा। कुछ लोग नीचे भी पहुंचे और दूर से देखने से समझ गए कि कोई बड़ी घटना हो चुकी है। सूचना पर पहुंची टीम ने पाया कि किसी पुरुष का शव मुंह के बल पानी में पड़ा था। गधेरे की गहराई करीब आठ से दस फीट बताई जा रही है। जल पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया। तलाशी के दौरान पास से एक काला बैग बरामद हुआ, जिसमें आधार कार्ड, भावना संग कमलेश नाम का शादी के निमंत्रण पत्र और अन्य दस्तावेज मिले। इन्हीं के आधार पर मृतक की पहचान हुई। डॉक्टरों ने मृत्यु की पुष्टि की। पुलिस ने परिजनों को फोन पर भी सूचित कर दिया। परिजनों के मुताबिक, नवीन चंद्र 21 अप्रैल को होने वाली अपनी बड़ी बेटी भावना की शादी के कार्ड बांटने के लिए सुयालबाड़ी जा रहे थे लेकिन उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। छोटी बेटी गुंजन की हालत भी लगातार बिगड़ रही है। परिवार वालों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे नवीन चंद्र ने फोन कर खुद को भवाली में एक रिश्तेदार के यहां रुकने की बात कही थी। उन्होंने यह भी बताया था कि खाना खाकर सोने जा रहे हैं। लेकिन शनिवार सुबह से उनका मोबाइल बंद मिलने लगा। शाम होते-होते उनके गधेरे में मिलने की सूचना ने सभी को झकझोर दिया।


कालाढूंगी में नवीन गुणवंत की मौत के बाद घर पर शोक व्यक्त करने पहुंचीं महिलाएं।

### घर में चल रही थीं शादी की तैयारियां

**कालाढूंगी :** घर में लड़की शादी को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। रिश्तेदारों-नातेदारों व क्षेत्र में शादी के कार्ड भी बंट चुके थे। लड़की शादी की खुशी में पिता डूयूटी से ही भवाली रिश्तेदारों व दोस्तों को निमंत्रण देने पहुंच गये। पिता की मौत की सूचना से शादी वाले घर में मातम पसर गया। नवीन गुणवंत की तीन बेटियां है। बड़ी बेटी का डीएलएड में चयन हो गया गया। परिजनों ने कहा कि घटना स्पष्ट जांच होनी चाहिए। घटना की सूचना पर क्षेत्र शोक में डूब गया।

### मोबाइल गायब, जांच के दायरे में कई पहलू

**हल्द्वानी। :** घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ है, जिससे मामला और भी पेचीदा हो गया है। परिजन भी इस बात का अंदेशा नहीं लगा पा रहे हैं कि सुयाल बाड़ी गांव में वह कार्ड बांटने जा रहे थे लेकिन भुजियाघाट के गधेरे में क्यों पहुंचे । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ, मोबाइल ढूंढने, सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद नवीन की मौत का खुलासा होगा। पुलिस हत्या और दुर्घटना दोनों ही एंगिल को ध्यान में रख जांच की जा रही है। इस दर्दनाक घटना ने एक खुशहाल परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, जहां कुछ ही दिनों बाद शादी की खुशियां मनाई जानी थीं।

अमृत विचार

हल्द्वानी, सोमवार, 13 अप्रैल 2026

नैनीताल

## सिटी ब्रीफ

### अंकित कुमार को पीएच-डी की उपाधि



**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के राजनीति विज्ञान विभाग के शोध छात्र अंकित कुमार को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने पीएच-डी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने "श्रमिक महिलाओं एवं मानवाधिकार : सिडकुल (रुद्रपुर) के विशेष संदर्भ में" विषय पर शोध कार्य डॉ. जे.पी. त्यागी के निर्देशन में पूरा किया। मौखिक परीक्षा प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जबकि बाह्य परीक्षक प्रोफेसर नावेद जमाल रहे। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जंगलिया गांव में ग्रामीणों ने की सफाई

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवेश द्वार से खोपटा कान की ओर जाने वाले ग्रामीण मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान रास्ते के किनारे पड़े प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर मार्ग को साफ किया गया। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने ग्रामीणों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव से ही स्वस्थ जीवन संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 14 अप्रैल को दोपहर दो बजे पंचायत घर में होटल स्वामियों, होम-स्टे संचालकों और अस्थायी रूप से निवास कर रहे लोगों की आवश्यक बैठक बुलाई गई है। बैठक में आगामी स्वच्छता कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

### आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग, राष्ट्रपति को पत्र

**हल्दूचौड़ :** समाजसेवी हेमंत सिंह गौनिया और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट ने देश में लागू आरक्षण नीति की संवैधानिक समीक्षा की मांग उठाई है। दोनों ने तहसीलदार लालकुआं के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित प्रार्थना पत्र भेजा। साथ ही पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी रजिस्ट्री डाक से प्रेषित की गई है। प्रार्थना पत्र में संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का हवाला देते हुए समानता, भेदभाव से संरक्षण और सरकारी सेवाओं में समान अवसर सुनिश्चित करने की बात कही गई है। साथ ही इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ (1992) के सुप्रीम कोर्ट निर्णय का उल्लेख करते हुए आरक्षण की सीमा और संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया गया है। समाजसेवियों ने आरक्षण नीति की निष्पक्ष समीक्षा, वंचित वर्गों तक वास्तविक लाभ पहुंचाने और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विमर्श की मांग की है।

#### महान पार्श्व गायिका आशा भोसले का कुमाऊं घूमने का सपना नहीं हो सका पूरा, निधन पर शोक की लहर

# याद तुम्हारी तड़पाएगी, तड़पन आंसू बन जाएगी...

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचारः** भारतीय सिनेमा और संगीत जगत की दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन की खबर से सरोवर नगरी नैनीताल के संगीत प्रेमियों और रंगकर्मियों में गहरा शोक व्याप्त है। अपने मधुर स्वर से हिंदी सहित अनेक भाषाओं में हजारों गीतों को अमर बनाने वाली आशा ताई के जाने को कला जगत के लिए एक युग के अंत के रूप में देखा जा रहा है।

यद्यपि आशा भोसले का नैनीताल से प्रत्यक्ष जुड़ाव नहीं रहा, फिर भी इस शहर से उनका भावनात्मक रिश्ता हमेशा बना रहा। नैनीताल की वादियों में फिल्माए गए कई लोकप्रिय गीतों को उन्होंने अपनी आवाज दी, जिनकी गूंज आज भी यहां के वातावरण में

- **प्रख्यात पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर नैनीताल में शोक**

महसूस की जाती है। प्रख्यात गायक एवं संगीतकार प्रभात गंगोला, जो लंबे समय तक आशा भोसले के साथ कार्य कर चुके हैं, ने बताया कि उनका पहली बार परिचय वर्ष 1986 में हुआ था, जब वह महान संगीतकार नौशाद अली के सहायक के रूप में कार्यरत थे। इसके बाद उन्होंने कई प्रोडक्शन और फिल्मों में उनके साथ काम किया। गंगोला के अनुसार, आशा ताई बेहद सरल, सहज और असाधारण प्रतिभा की धनी थीं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य गठन के बाद से ही आशा भोसले यहां आने की इच्छा जताती थीं। वर्ष 2002-03 में अल्मोड़ा में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में उनके आने की तैयारी भी हुई, लेकिन अंतिम समय में स्वास्थ्य कारणों से उनके आने का कार्यक्रम रद्द हो गया था। तब उनकी बहन उषा मंगेशकर ने महोत्सव में प्रस्तुति दी थी।

नैनीताल में फिल्माए गए कई लोकप्रिय गीतों में उनकी आवाज आज भी लोगों के दिलों में बसी है। इनमें 'दिन है बहार के', 'इन फिजाओं में' और 'ओ लाली है तू सवेरे वाली', जैसे गीत शामिल हैं।

किशोर कुमार के साथ गाया उनका गीत 'ये वादा करो न रोओगी तुम, अगर हो भी जाऊं में तुमसे जुदा' जैसे गीतों को हमेशा याद रखा जाएगा। आशा भोसले के निधन पर शहर के कलाकार मिथिलेश पांडे, इदरिश मलिक, जहूर आलम, मदन मेहरा, मुकेश धस्माना और मोहित सनवाल सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी।

# विधायक बिष्ट ने किया स्व-गणना का शुभारंभ

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** दीवान सिंह बिष्ट ने जनगणना-2027 के तहत अपने आवास पर स्व-गणना की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उन्होंने मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

विधायक बिष्ट ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों से आधिकारिक पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह



स्व-गणना करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट।

राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें सभी की भागीदारी से सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में योगदान मिलेगा। इस दौरान मनीषा मारकाना भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने भी जनगणना के दौरान लोगों से आधिकारिक पोर्टल पर सही जानकारी दर्ज कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव की मांग को लेकर कांग्रेस करेगी धरना-प्रदर्शन

## 21 मई को हल्द्वानी में धरना देने का ऐलान, यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों का स्वागत

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचारः** कार रोड स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने और गोला नदी में शीघ्र सुरक्षा दीवार बनाने की मांग को लेकर 21 मई को बुद्ध पार्क हल्द्वानी में धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक में यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत भी किया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 18 फरवरी को संयुक्त संघर्ष समिति ने लालकुआं में प्रदर्शन कर जिला अधिकारी नैनीताल को ज्ञापन सौंपा था और शासन-प्रशासन को दो माह का समय दिया गया था, जिसकी अवधि 18 अप्रैल को पूरी हो रही है। इसके बावजूद अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया, जिससे क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ गई है।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही गोला नदी में सुरक्षा दीवार का कार्य भी शुरू नहीं कराया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 मई को बुद्ध पार्क हल्द्वानी में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

इससे पूर्व कार्यक्रम में कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी को कांग्रेस सैनिक विभाग का प्रदेश महामंत्री, कमल दानू को विधानसभा अध्यक्ष, उर्मिला धामी को महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, सूरज राय को नगर अध्यक्ष, सरदार अनमोल सिंह को प्रदेश महामंत्री तथा हेमंत पांडे को जिला महामंत्री बनने पर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुष्कर दानू ने तथा संचालन प्रदीप बथ्याल ने किया। इस दौरान राजेंद्र सिंह खनवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, देवेंद्र चौहान, कुंदन सिंह मेहता, दीपा बिष्ट, राजेंद्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



लालकुआं में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बिंदुखत्ता राजस्व गांव के लिए होगा क्रमिक अनशन

**लालकुआं :** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने की मांग को लेकर संघर्षरत वनाधिकार संगठन और भूतपूर्व सैनिक संगठन ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट पर मुख्यमंत्री के समक्ष शिष्टमंडल से कथित दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कड़ी निंदा की है। रविवार को आयोजित चाय पर चर्चा में संगठनों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर आगामी विधानसभा चुनाव में जवाब देने की बात कही। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा आमंत्रित किए जाने के बावजूद शिष्टमंडल को अधिकारियों की बैठक में शामिल न किए जाने पर भी नाराजगी जताई गई। साथ ही बिंदुखत्ता की पत्रावली को निर्वनीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट भेजने के निर्णय का विरोध किया गया। संगठनों ने 4, 5 और 6 मई 2026 को तीन दिवसीय क्रमिक अनशन का निर्णय लिया है। बैठक की अध्यक्षता उमेश भट्ट और संचालन नंदन बोरा ने किया।



खो-खो ऑल इंडिया रेफरी परीक्षा देते परीक्षार्थी।

# खो-खो रेफरी परीक्षा में 60 खिलाड़ियों ने लिया भाग

संवाददाता, कालाढूंगी

- **तकनीकी प्रमुख संजीव कुमार की मौजूदगी में ऑल इंडिया रेफरी परीक्षा संपन्न, प्रशिक्षित रेफरी तैयार करने पर जोर**

**अमृत विचारः** उत्तरांचल क्षेत्र खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में भगवती शाह स्पोर्ट्स क्लब देवीपुरा चकलुवा द्वारा उत्तराखंड में ऑल इंडिया खो-खो रेफरी परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवीपुरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

रविवार को आयोजित परीक्षा में उत्तराखंड के लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। परीक्षार्थियों ने तकनीकी जानकारी और रेफरी कौशल का प्रदर्शन किया। परीक्षा का संचालन खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तकनीकी प्रमुख संजीव कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार ने प्रतिभागियों को खो-खो के नियमों, तकनीकी पहलुओं और रेफरी की जिम्मेदारियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं से खेल का तकनीकी स्तर मजबूत होता है और भविष्य में अधिक प्रशिक्षित रेफरी तैयार होते हैं।

उत्तरांचल क्षेत्र खो-खो एसोसिएशन के सचिव रजत शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से प्रदेश में खो-खो खेल को बढ़ावा मिलता है तथा नए प्रशिक्षित रेफरी तैयार होते हैं। इस दौरान राजेश बिष्ट, विप्लव कुमार और रजत कुमटिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर परीक्षा को सफल बनाया।

### नाले को ड्रेन-बी से जोड़ने की मांग

**भीमतालः** भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भीमताल क्षेत्र के बरसाती खुटानी और चौड़िया नाले को ड्रेन-बी से जोड़ने की मांग की है।

इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बरसात के दौरान भीमताल क्षेत्र में जल निकासी की समस्या गंभीर रूप ले लेती है। खुटानी और चौड़िया नालों में बरसात का पानी उचित निकासी नहीं होने से रिहायशी क्षेत्रों, ब्लॉक रोड और मुख्य मार्गों पर जलभराव हो जाता है। भट्ट ने कहा कि यदि इन नालों को ड्रेन-बी से जोड़ दिया जाए तो पानी की निकासी सुचारू हो सकेगी और लोगों को जलभराव से राहत मिलेगी।

### पहाड़ की बेटियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**भीमतालः** राजकीय इंटर कॉलेज पटलोत के प्रांगण में छात्राओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण नीलम सक्सेना ने दिया, जिन्हें दिल्ली पुलिस के ''क्राइम अगेंस्ट विमेन सेल'' में कार्य करने का लंबा अनुभव है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने के लिए ''किक'', ''पंच'' और बचाव के विभिन्न तकनीकी पैंतरे सिखाए गए। प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आत्मरक्षा के गुर सीखे और इसे उपयोगी बताया।

# शराब दुकान के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नलनी-घटगढ़ क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दुकानों के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव की पीड़ा और भविष्य की चिंता को लेकर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर सरकार के फैसले के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

रविवार को मंगोली-बजुन क्षेत्र में प्रस्तावित अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों के विरोध में महिलाएं एकत्रित हुईं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर गांव में शराब की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। उनका कहना है कि इससे सामाजिक माहौल बिगड़ेगा और युवाओं का भविष्य प्रभावित होगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं कांता बिष्ट ने बताया कि नलनी गांव में मात्र 22 परिवार रहते हैं, जो मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। ऐसे में गांव में शराब की दुकान खोलना ग्रामीणों के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने निर्णय वापस नहीं लिया तो महिलाएं अनशन पर बैठेंगी और आंदोलन को उग्र किया जाएगा। स्थानीय निवासी योगेश बिष्ट ने बताया कि आबकारी विभाग के पत्र में न्याय पंचायत घटगढ़ क्षेत्र में शराब की दुकान न खोलने का उल्लेख है, जबकि नलनी गांव इसी क्षेत्र में आता है। प्रदर्शन में प्रभा बुधलाकोटी, कमला देवी, सुनीता बिष्ट, वैशाली, हेमा देवी, लीला देवी, उमा देवी, ग्राम प्रधान खमारी हेम बहुखंडी, ग्राम प्रधान खुशहाल सिंह बिष्ट रहे।



शराब की दुकान खोलने के विरोध में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



देहरादून में डॉ. ललित रखोलिया को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### डॉ. ललित रखोलिया को किया सम्मानित

**हल्द्वानी/देहरादून :** रविवार को देहरादून में प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. ललित रखोलिया को स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य महानिदेशक ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उल्लेखनीय स्वास्थ्य सेवाओं में पहले भी उनकी कई बार सराहना की जा चुकी है। उन्होंने समारोह में पूर्व महानिदेशक डॉ. तृप्ति बहुगुणा, डायरेक्टर डॉ. शिखा जनपांगी, डायरेक्टर डॉ. रश्मि पंत, डॉ. आरसी पंत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, डॉ. श्याम, डॉ. आरके सिंह, डॉ. मनोज शर्मा, प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश कुंवर और महासचिव डॉ यशपाल तोमर सहित कई चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड ग्वाल सेवा संगठन के संरक्षक मंडल का विस्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड ग्वालसेवा संगठन का सम्मेलन रविवार को संस्थापक पंकज कुलौरा की अध्यक्षता में नैनीताल रोड स्थित एक होटल में हुआ।

सम्मेलन में संस्थान पंकज कुलौरा ने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर एक व्यापक रणनीति बनाकर आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद संगठन का विस्तार करते हुए 21 सदस्यीय संरक्षक मंडल बनाया। इसमें पूर्व कर्नल डॉ गिरिजा शंकर मुनगली को मुख्य संरक्षक, संस्थापक पंकज कुलौरा, नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, सिंथिया पब्लिक स्कूल के एमडी डॉ. प्रवीन्द्र रौतेला, सेंट लॉरेंस पब्लिक स्कूल के एमडी सुनील जोशी, डॉ. रेखा पांडे, हेमंत सिंह बोरा, गोपाल सिंह गंगोला, मनोज साहनी, आशीष दुम्का, जसविंदर सिंह भसीन, मोहम्मद अबरार संरक्षक मंडल के सदस्य चुने गए। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के सचिव संजय सुयाल तथा उपाध्यक्ष कमल चिलवाल को सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिषेक मेहरा, अनिल मुनगली, अर्जुन सिंह, दीप भट्ट, न्यूरोसर्जन डॉ पुनीत गोयल, चंद्र विजय सिंह बिष्ट, कनक चंद, राजीव शाह, संजय त्यागी, दीपक राठौड़ आदि रहे।



ग्वालसेवा संगठन के सम्मेलन में बार पदाधिकारियों को सम्मानित करते लोग।

**क्रिकेट** | **अंतर-जिला क्रिकेट लीग में पूल-बी का अंतिम लीग मैच में नैनीताल ने अल्मोड़ा को हराया**

# नैनीताल की 10 विकेट से जीत, सेमीफाइनल में एंट्री

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड व जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर-जिला क्रिकेट लीग में पूल-बी का अंतिम लीग मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना में नैनीताल और अल्मोड़ा के बीच खेला गया। मुकाबले में नैनीताल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अल्मोड़ा की टीम का फैसला गलत साबित हुआ और पूरी टीम 24वें ओवर में मात्र 115 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से मनन ने 38, शुभम ने 30, अर्पित कुमार ने 17 और मयंक बिष्ट ने 16 रनों का योगदान दिया। नैनीताल की ओर से गेंदबाजी में रवि सिंह ने लीग की पहली हैट्रिक लेते हुए 4 विकेट झटके। पृथ्वी गैड़ा ने 3, आयुष तिलारा ने 2 और आकाश सिंह ने 1 विकेट हासिल किया। 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नैनीताल की टीम ने मात्र 11 ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। पीयूष जोशी ने 32 गेंदों में 7 छक्कों और 4 चौकों की मदद से नाबाद 64 रन बनाए, जबकि लक्ष्य राय चंदानी ने 34 गेंदों में 48 रन (2 छक्के, 6 चौके) की नाबाद पारी खेली। इस जीत के साथ नैनीताल पूल-बी में सर्वाधिक अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गया। पूल-बी से हरिद्वार की टीम ने भी अंतिम चार में जगह बनाई। रवि सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर विजय आर्या और हिमांशु चतुर्वेदी रहे।



विजेता नैनीताल की टीम के खिलाड़ी, कोच व अंपायर।

### सुपर ओवर में धम्मू एकादश की जीत

**हल्द्वानी :** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित कॉरपोरेट कप क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रविवार को रोमांच देखने को मिला। धम्मू एकादश और स्विंग मास्टर्स के बीच खेला गया मैच निर्धारित ओवरों में बराबरी पर छूट गया, जिसके बाद नतीजा सुपर ओवर से निकला, जिसमें धम्मू 11 ने शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों ने 165-165 रन बनाकर मुकाबला टाई कर दिया। धम्मू एकादश की ओर से नवल ने 45 और कैलाश बहुगुणा ने 27 रनों की अहम पारियां खेलीं। वहीं स्विंग मास्टर्स की ओर से अनिल देव ने 45 और कमल सुनोरी ने 27 रन बनाकर मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। सुपर ओवर में स्विंग मास्टर्स ने 5/2 रन बनाए, जिसके जवाब में धम्मू 11 ने एक विकेट खोकर 9 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली।

### सम्मेलन में छात्रों ने उत्साह से लिया भाग

**नैनीतालः** लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल में एलपीएस मॉडल यूनाइटेड नेशंस का द्वितीय संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन में 220 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस सम्मेलन में ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल, बिरला विद्या मंदिर नैनीताल, सेंट जोसेफ्स कॉलेज नैनीताल, लॉन्ग व्यू, औरम, ग्राफिक एरा, टीआईएसए सहित क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र शामिल हुए। इसके अलावा आगरा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से भी प्रतिभागियों ने भागीदारी की। सम्मेलन के दौरान कुल नौ समितियों का गठन किया गया, जिनका संचालन देशभर से आमंत्रित अनुभवी एक्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्यों ने किया।



नैनीताल में लेक सिटी क्लब के स्थापना दिवस पर केक काटतीं महिलाएं।

### उत्साह से मनाया लेक सिटी वेलफेयर क्लब का वार्षिकोत्सव

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब का वार्षिकोत्सव शारदा संघ में हर्षोल्लास से मनाया गया। क्लब सदस्यों ने केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में गेम्स, डांस, कैटवॉक सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। सचिव डॉ. प्रगति जैन ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस मौके पर डॉ. प्रगति जैन व रमा भट्ट को "कुशल संयोजक पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में पर्पल क्वीन में लीला राज प्रथम, तुसी शाह द्वितीय और हेमा भट्ट तृतीय रहीं। भाग्य आजमाओ प्रतियोगिता में दया कुंवर, ग्लास नृत्य में आशा पांडे और बैलून फोड़ो प्रतियोगिता में भी दया कुंवर प्रथम रहीं। संयोजक दीपा पांडे और सह-संयोजक ज्योति ढौढ़ियाल ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर अध्यक्ष कविता त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

उत्तराखण्ड शासन | उत्तराखण्ड 25 गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

देवभूमि उत्तराखण्ड

# आगमन पर प्रधानमंत्री
# श्री नरेन्द्र मोदी जी
का
## हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संकल्प से शिखर तक



रूपये 11970 करोड़ की 210 किमी. लम्बी

# दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

## परियोजना का लोकार्पण

प्रधानमंत्री
**श्री नरेन्द्र मोदी जी**
के कर कमलों द्वारा

### कार्यक्रम

दिनांक : 14 अप्रैल 2026
समय : प्रातः 10:00 बजे

स्थानः
जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड, गढ़ी कैंट, देहरादून, उत्तराखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि) राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह**
सांसद

आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

### गरिमामयी उपस्थिति

**नितिन गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री

**अजय टम्टा**
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री

**श्रीपाद नाईक**
राज्य मंत्री, विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

## सिटी ब्रीफ

### दामाद ने सास-ससुर पर लगाया मारपीट का आरोप

**खटीमा :** पुलिस ने दामाद द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर सास, ससुर और साली के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरपुड़ा निवासी सुखजिंदर सिंह पुत्र दिलबाग सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके ससुर भाग सिंह निवासी भगतिनिया, थाना न्यूरिया, जिला पीलीभीत, अपनी पत्नी और पुत्री के साथ शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे उनके घर आए और धारदार हथियार से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान उनके पिता ने बीच-बचाव किया, इसके बावजूद वह घायल हो गए। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सास, ससुर और साली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल में लगी आग

**सितारगंज :** गांव सिद्धगर्ब्यांग में अज्ञात कारणों से दो किसानों की लगभग डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल में आग लग गई, जिससे खेत में खड़ी पूरी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीण पुष्कर गर्ब्यांग ने बताया कि शनिवार रात को गांव सिद्धगर्ब्यांग निवासी किसान चक्कर सिंह और क्लो सिंह की लगभग डेढ़ एकड़ जमीन में आग लग गई। इससे गेहूं की पूरी फसल जलकर राख हो गई। अंदेशा जताया कि बिजली के तारों के टकराने से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लगी होगी। रविवार सुबह खेत में आग लगने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचे तो देखा पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी।

# श्रमिकों के खिलाफ बने कानून किए जाएं वापस

## ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस की बैठक



श्रम कानूनों को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद एक्टू काउंसिल के जिला पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (एक्टू) की जिला काउंसिल की बैठक में चार श्रम विरोधी कानूनों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने नए श्रम कानूनों को श्रमिकों के खिलाफ बताते हुए इन्हें वापस लिए जाने की मांग की।

स्थानीय निवासी निशान सिंह के आवास पर हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए चार लेबर कोड थोपने का काम किया है, जिससे उन्हें मनमानी करने का अधिकार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान श्रम कानून पूरी तरह श्रमिक विरोधी हैं, जिन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में गैस संकट और बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है। कई शहरों में श्रमिकों पर लाठीचार्ज कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। इन सभी परिस्थितियों की अनदेखी करते हुए केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा महंगाई को देखते हुए श्रमिकों का वेतन 42 हजार रुपये प्रतिमाह होना चाहिए। साथ ही छह माह से रोके गए महंगाई भत्ते को भी तुरंत जारी किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, जिला सचिव अनिता अन्ना, ललित मटियाली, रीता कश्यप, मोहन बिष्ट, हीरा सिंह राठौर, रुदल प्रसाद, प्रकाश नेगी, उत्तम दास, धीरज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ के आरोपी फूफा को तमिलनाडु से किया गिरफ्तार

**सितारगंजः** भतीजी के साथ छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे आरोपी फूफा को पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के अनुसार, 19 फरवरी को शक्तिफार्म के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया था कि वह किसी निजी कार्य के कारण अपने परिवार से दूर मध्यप्रदेश के एक गांव में रह रही है, जबकि उसकी 9 वर्षीय पुत्री शक्तिफार्म में अपने पिता व दादा-दादी के साथ रहती है। आरोप है कि 6 फरवरी को बच्ची ने फोन पर अपनी मां को बताया कि उसके फूफा ने उसके साथ छेड़छाड़ की और गलत नीयत से उसे छुआ। साथ ही, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी गोपाल भट्टाचार्य को कोयम्बटूर, तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी था। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने 10 अप्रैल को उसे अलंदुरई, कोयम्बटूर (तमिलनाडु) से गिरफ्तार किया।

# संदिग्ध बैंक खाताधारक समेत अन्य पर मुकदमा

- साइबर सेल की सूचना पर किच्छा पुलिस ने जांच की शुरू
- खाते का उपयोग साइबर ठगी व धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन में किए जाने का खुलासा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** साइबर सेल द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर संदिग्ध पाए गए एक्सिस बैंक के एक बैंक खाते की रिपोर्ट मिलने के बाद किच्छा पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उप निरीक्षक जयप्रकाश चंद द्वारा की जा रही जांच में सामने आया है कि संबंधित खाताधारक के विरुद्ध समन्वय पोर्टल पर करीब 30 शिकायतें अलग-अलग राज्यों से दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार, साइबर सेल रुद्रपुर ने संदिग्ध बैंक खाते की जानकारी देते हुए खाताधारक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच में पाया गया कि उक्त खाते का उपयोग साइबर ठगी और धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन में किया गया है। एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया, ऑनलाइन धोखाधड़ी, निवेश में मुनाफे का झांसा तथा ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लोगों से ठगी कर धनराशि उक्त खाते में ट्रांसफर कराई गई। जांच में यह भी सामने आया कि खाते में राशि जमा होते ही तुरंत निकासी कर उसे विभिन्न खातों में स्थानांतरित किया जाता था। खाते में लेन-देन की मात्रा खाताधारक की घोषित आय और वित्तीय प्रोफाइल के अनुरूप नहीं पाई गई। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज शिकायतों में इसी खाते का बार-बार उपयोग हुआ है। प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि संबंधित बैंक खाता बैंकिंग उद्देश्य के बजाय साइबर ठगी की धनराशि को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया गया। इस मामले में बैंक अधिकारियों की भूमिका पर भी संदेह जताया गया है। पुलिस द्वारा केवाईसी मानकों के पालन और लापरवाही की भी जांच की जा रही है।

उप निरीक्षक जयप्रकाश चंद की तहरीर पर खाताधारक, एजेंट, खाते के संचालन में मदद करने वाले व्यक्तियों, संबंधित बैंक अधिकारियों सहित अज्ञात साइबर सिंडिकेट सदस्यों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट 2000 की धारा 66(सी) और 66(डी) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## राजन मंडल और प्रदीप बढ़ाई को मिली बड़ी जिम्मेदारी


प्रदीप बढ़ाई।


राजन मंडल।

**सितारगंजः** वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह 'विकल' ने संगठन को मजबूत करने और श्रमिक हितों को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की है। परिषद द्वारा राजन मंडल को यूएस नगर जिले का वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रदीप बढ़ाई को सितारगंज विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह 'विकल' ने बताया कि सितारगंज निवासी राजन मंडल को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शक्तिफार्म निवासी प्रदीप बढ़ाई को सितारगंज विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। यह निर्णय दोनों पदाधिकारियों की सामाजिक सक्रियता, लंबे समय से श्रमिकों के लिए किए जा रहे कार्यों और मानवाधिकारों के प्रति उनकी गहरी रुचि को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी तथा श्रमिक हितैषी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंच सके।

# तमंचे के बल पर बंधक बना मारपीट की

- पीड़ित ने पत्नी व ससुराल पक्ष पर जानलेवा हमला करने का आरोप

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** तमंचे के बल पर तीन नकाबपोशों द्वारा आटा चक्की संचालक को बंधक बनाकर उसके सिर के बाल काटने तथा मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपनी पत्नी तथा ससुराल पक्ष पर जानलेवा हमला करने तथा साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में देवरानियां, मुंडिया जागीर, जिला बरेली निवासी मोहम्मद परवेज पुत्र लतीफ अहमद ने कहा कि वह 25 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे वह अपनी आटा चक्की पर था, इसी बीच तीन नकाबपोश मौके पर पहुंचे और एक व्यक्ति ने लात मारकर उसको नीचे गिरा दिया। उन्होंने तमंचा तानकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया तथा आवाज निकालने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसे रस्सी से बांध दिया तथा एक आरोपी ने बाल काटने वाली मशीन से पीड़ित के सिर के बाल काट दिए तथा पीड़ित के शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जिंदा जलाने की धमकी दी। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की तथा किसी के आने की आहट होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार करीब 2 वर्ष पूर्व उसका निकाह वार्ड नंबर 13, निकट छोटी मस्जिद,किच्छा निवासी एजाज अहमद की पुत्री आयशा बी से हुआ था। पत्नी आयशा का व्यवहार परिवार जनों तथा पीड़ित के साथ अच्छा न होने के कारण दोनों पक्षों में कई बार पंचायत हुई। 31 दिसंबर 2025 को भी तलाक को लेकर हुई पंचायत में कोई निष्कर्ष नहीं निकला। इसके बाद पत्नी एवं उसके परिजनों द्वारा लगातार पीड़ित एवं उसके परिवार जनों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बताया कि महिला हेल्पलाइन रुद्रपुर में भी पारिवारिक मुकदमा विचाराधीन है। पीड़ित ने हमले में उसकी पत्नी आयशा, ससुर एजाज अहमद तथा पत्नी के भाई अथर, अजहर एवं मजहर सहित तीन अज्ञात लोगों की मिलीभगत का संदेह व्यक्त किया है। पीड़ित परवेज के अनुसार ससुराल पक्ष के अलावा उसका किसी से कोई विवाद अथवा झगड़ा नहीं है। फिलहाल मोहम्मद परवेज की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंबेडकर जयंती को लेकर हुई बैठक

**शांतिपुरीः** देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को लेकर शांतिपुरी क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को शांतिपुरी ढांकानी में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक शेर राम ने बताया कि अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम पंचायत भवन परिसर में होंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आयोजन को व्यापक और सफल बनाया जा सके। बैठक में बिशन सिंह कोरंगा, शमशेर सिंह बिष्ट, सैनिक संगठन अध्यक्ष लाल सिंह कोरंगा, मोहन सिंह कोरंगा रहे।

# भास्कर जिपं सदस्य संगठन के जिलाध्यक्ष बने

- सुषमा बनीं सचिव, कई मुद्दों पर हुई चर्चा, सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रविवार को जिला पंचायत सदस्य संगठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से भास्कर सम्मल को जिला कार्यकारिणी का जिलाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद प्रस्ताव भी पारित किए गए।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य वार्ड 13 के भास्कर सम्मल को जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा गुरदास कालड़ा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सूरज नारायण को संरक्षक, शिल्पी सिंह को महिला


रुद्रपुर में नवनिर्वाचित पंचायत सदस्य संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अध्यक्ष, सुषमा हल्दार को महिला सचिव, सदफ मलिक को महिला उपाध्यक्ष, कुमारी रुक्मणी को जिला महामंत्री, मोहम्मद हसन को जिला महामंत्री और प्रेम प्रकाश को जिला सचिव बनाया गया।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष भास्कर सम्मल ने बताया कि जिला योजना समिति के सदस्यों का चुनाव हो चुका है। बैठक में पंचायतों में विकास कार्यों की सीमा 2.50 लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्यों का आरक्षण 10 वर्ष के लिए तय करने, उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में पंचायत कल्याण कोष का गठन, जिला पंचायत निधि निर्धारित करने, निर्विरोध जिला पंचायत बनने पर 15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने तथा पंचायत सदस्यों को यात्रा भत्ते के स्थान पर हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर 8300 रुपये प्रतिमाह मानदेय देने जैसे मुद्दों पर भी मंथन किया गया। संगठन इन मुद्दों को लेकर जल्द वार्ता करेगा। बैठक में पंचायत सदस्य नईम अहमद, सुखदेव हालदार, शिल्पी खेड़ा, मधु राणा, सूर्य नारायण, आशा देवी, सीमा कौर, जितेंद्र शर्मा, सदफ मलिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## टुकटुक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**खटीमाः** टुकटुक की टक्कर से युवक के घायल होने के मामले में पुलिस ने डेढ़ माह बाद आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल का इलाज बरेली के अस्पताल में चल रहा है। इस्लामनगर निवासी एजाज अहमद पुत्र मो. यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 फरवरी को सुबह करीब साढ़े 11 बजे उनका साला साजिद हुसैन पुत्र रहमत हुसैन, निवासी अमरिया, उदयपुर थाना अमरिया, जिला पीलीभीत, इस्लामनगर मेन चौराहा स्थित खिंडा रेस्टोरेंट के सामने बस का इंतजार रहा था। तभी एक टुकटुक के चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने टुकटुक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

- भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने किया सम्मान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने अपने आवास पर पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्र अपने वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हमेशा सफाई कर्मियों और पर्यावरण मित्रों का सम्मान करते हैं। उसी परंपरा का पालन करते हुए सभी पर्यावरण मित्रों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निगम क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने को लेकर


पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करते भाजपा नेता धीरेंद्र मिश्रा। ● अमृत विचार

चर्चा और मंथन भी किया गया। धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण मित्र हमेशा साफ-सफाई और जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहते हैं, ऐसे में उनका हौसला बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास सफाई रखे। पर्यावरण मित्रों के साथ-साथ आमजन की भागीदारी से ही स्वच्छ वातावरण संभव है और प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता बेहद जरूरी है, क्योंकि साफ वातावरण से ही व्यक्ति स्वस्थ रहता है और बीमारियों का खतरा कम होता है।

## घर की दीवार तोड़कर लाखों की चोरी की

**शक्तिफार्मः** जयनगर पिपलिया में अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े एक घर की मिट्टी की दीवार तोड़कर करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित सत्यजीत बैरागी ने बताया कि रविवार को उनका पूरा परिवार पास के गांव निर्मलनगर में दादी के ब्रह्मभोज में गया था।

इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया। दोपहर करीब डेढ़ बजे जब वह घर लौटे तो दीवार टूटी देख उन्हें अनहोनी का अंदेशा हुआ। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से आठ सोने की लॉन्ग, पांच बालियां, एक झुमका, तीन चांदी की पायल और करीब 50 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

# शास्त्रीय विधाओं में बच्चों ने दिखाया हुनर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** कला एवं संगीत समिति द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में स्कूली शिक्षा में कला समेकन के उद्देश्य से 'तान तरंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ हरीश जोशी, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप, हेमा जोशी परू, प्रमोद कुमार पांडे और सुदर्शन गहतोड़ी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में विकासखंड के 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मूल्यांकन हरप्रीत कौर और राजकुमार पांडे द्वारा किया गया। शास्त्रीय गायन में दितवी बत्रा प्रथम, अंशिका सक्सेना द्वितीय और श्रुति जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। शास्त्रीय



खटीमा में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करती छात्रा। ● अमृत विचार

वादन में विभा जोशी प्रथम, साक्षी और हार्दिक गहतोड़ी द्वितीय तथा कार्तिक जोशी तृतीय स्थान पर रहे। शास्त्रीय नृत्य में नव्या सिंह प्रथम, साक्षी द्वितीय और रोशिता तृतीय स्थान पर रहीं। लोक नृत्य में आयुषी प्रथम, श्वेता द्वितीय और अन्वी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन निर्मल न्यूलिया के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन समिति के सदस्य ललित मोहन जोशी, मनीषा कल्पासी, डॉ. हेमलता पाठक, कीर्ति बल्लभ गहतोड़ी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर गिरीश जोशी, लिली सिंह, मनोरमा नौडियाल, भगवती पंत, असमा सहित कई संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132
आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785,
सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम– अनिल कुमार, 9927028507

**भौतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. (एचएचएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **श्री संजीव कुमार और श्रीमती मोनिका त्रिवेदी, दोनों: निवासी सैनिक कॉलोनी निजदा, काशीपुर, ममदिर, शहरी, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 ऋण खाता सं. UP/UDA/JSHP/A000000109 के माध्यम से,** को मांग सूचना दिनांक **18-09-2024** को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि रु. **15,03,861/-** (रु. पद्रंह लाख तीन हजार आठ सौ इकसठ मात्र) दिनांक 14.09.2024 तक उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **07.04.2026** को लिया है।

उधारकर्ताओं का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

विशेष रूप से उधारकर्ता तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लि.** के प्रभार वास्ते राशि और उस पर ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।

**सम्पत्ति का विवरण**

**खसरा नंबर 368 मिन, एनए, गाँव नीझरा, गोविंद विहार कॉलोनी, कुंडेश्वरी रोड, यू.एस. नगर, नीझरा, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713, प्लॉट क्षेत्रफल = 800 वर्ग फुट सीमाएँ : उत्तर = किसी अन्य व्यक्ति का खेत, दक्षिण = विक्रेता गोपाल शर्मा का रॉ हाउस, पूर्व = 20 फुट चौड़ी सड़क (सिंह), पश्चिम = अन्य संपत्ति**

दिनांक : 11.04.2026
स्थान : हल्द्वानी
प्राधिकृत अधिकारी,
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**संबंध विच्छेद**
मैं परिमल हालदार,अपने पुत्र प्रताप हालदार को, उसके गलत आचरण व संगत से तंग होकर उनसे संबंध विच्छेद कर, अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद भविष्य में मेरे पुत्र प्रताप हालदार द्वारा किसी भी कार्य, लेन-देन, मुकदमेबाजी से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। आज के बाद प्रताप की सारी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। **-परिमल हालदार पुत्र नीलकांत हालदार, निवासी गोविंद नगर, पाड़ागांव, शक्तिफार्म,ऊधमसिंहनगर**

# विकास कार्यों में गुणवत्ता पर जोर


गुरुद्वारे के सीसी फर्श निर्माण कार्य का निरीक्षण करते जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या।

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** शांतिपुरी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या सक्रिय नजर आए। रविवार को उन्होंने धौराडाम नजीबाबाद क्षेत्र में जिला पंचायत निधि से बनाए जा रहे गुरुद्वारा के सीसी फर्श निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या ने मौके पर ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और उसके अनुपात की बारीकी से जांच की।

उन्होंने स्वयं खड़े होकर सीमेंट, रेत और अन्य सामग्रियों के मिश्रण को परखा और कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि जिला पंचायत से कराए जा रहे सभी विकास कार्य पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे, ताकि उनका लाभ लंबे समय तक क्षेत्रवासियों को मिल सके। निरीक्षण के दौरान भजन सिंह, सतपाल सिंह, चंचल कोरंगा और विक्रम कोरंगा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।


खटीमा के हल्दी घेरा में जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपा का गांव चलो-बस्ती चलो अभियान

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत नौसर मंडल के कार्यकर्ताओं ने ग्राम सभा हल्दी घेरा में व्यापक जनसंपर्क किया और भाजपा की नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया।जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य के नेतृत्व में रविवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए भाजपा की रीति-नीति के बारे में जानकारी दी गई और चौपाल भी लगाई गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शोभनाथ मौर्य, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडे, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, ग्राम प्रधान जसवंत सिंह, डॉ. हरदीप सिंह, चंद्रपाल सिंह, बलराज सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुलविंदर कौर, गुरप्रीत सिंह खिंडा, शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## बिजली चोरी में उपभोक्ता को तीन माह की सजा

**रुद्रपुर** : बिजली चोरी के मामले की सुनवाई करते हुए विशेष सत्र न्यायाधीश ने दोषी विद्युत उपभोक्ता को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई। 24 जनवरी 2023 को सैजना लालपुर, कोतवाली किच्छा क्षेत्र में ऊर्जा निगम की सतर्कता टीम द्वारा छापेमारी की गई थी। टीम में अवर अभियंता भुवन चंद्र उप्रेती, उपखंड अधिकारी दिनेश चंद्र गुरुरानी और लाइनमैन मोहन घई शामिल थे। चेकिंग के दौरान ग्राम सैजना में पाया गया कि अभियुक्त मोहम्मद हनीफ अपने परिसर के पास स्थित एलटी विद्युत पोल से दो कोर केबल के माध्यम से सीधे कटिया डालकर बिजली की चोरी कर रहा था। इस पर टीम ने मौके से कार्रवाई करते हुए कोतवाली किच्छा में विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष सत्र न्यायाधीश सिकंदर कुमार त्यागी की अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए तीन माह के कारावास की सजा सुनाई।



सुरेंद्रनगर में धार्मिक महोत्सव का उद्घाटन करते चेयरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

## तारकेश्वर धाम में शिव पूजा महोत्सव का शुभारंभ

**शक्तिफार्म** : सुरेंद्रनगर स्थित तारकेश्वर धाम में पांच दिवसीय शिव पूजा महोत्सव एवं मेले का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल और ग्राम प्रधान सुमन हालदार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। महोत्सव की शुरुआत संगीतमय झांकियों और संन्यासियों के धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पूजा कमेटी की ओर से अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। वहीं बैकुंठपुर स्थित तारकनाथ धाम में भी महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर आयोजन कमेटी अध्यक्ष देवाशीष पोद्दार, रंजीत हालदार, निर्मल मिस्त्री, राजा हालदार, दीपक बड़ाल, सपन हालदार, गोपाल सरकार, सूजन सरकार, चंदन मंडल, बलाई हालदार, असीम साना सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### परंपरा के अनुसार शिव भक्त कांटों पर नंगे पांव नृत्य करने के साथ ही अठखेलियां कर दिखाते हैं भक्ति की शक्ति

# शिव भक्ति की अद्भुत परंपरा 'कांटा झाप', दिखी आस्था

मुकेश कुमार, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** पवित्र चैत्र माह में क्षेत्र का माहौल पूरी तरह शिवमय हो उठता है। मंदिरों में घंटियों की गूंज, भजन-कीर्तन की मधुर धुन और श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच देल पूजा और कांटा झाप की परंपरा लोगों को अचरज में डाल देती है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, साहस और तपस्या का ऐसा संगम है, जिसे देखने वालों की सांसें थम जाती हैं।

सुरेंद्रनगर स्थित तारकेश्वर धाम एवं बैकुंठपुर स्थित शिवालय में इस विशेष अवसर पर शिव भक्त पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद खजूर के ऊंचे पेड़ पर चढ़ते हैं और उसके नुकीले, जहरीले कांटों पर नृत्य करते हैं। कांटों से भरे उस रास्ते पर जब भक्त थिरकते हैं, तो यह दृश्य किसी साधारण इंसान के लिए अविश्वसनीय लगता है, लेकिन भक्तों के चेहरे पर दर्द नहीं, बल्कि भक्ति और आत्मविश्वास की चमक साफ दिखाई देती है।



तारकेश्वर धाम में नंगे पांव कांटों पर चलते और अठखेलियां करते सन्यासी। ● अमृत विचार

मान्यता है कि यह कठिन साधना भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। शिव को तप और त्याग का प्रतीक मानते हुए भक्त अपने शरीर की पीड़ा को भुलाकर पूरी श्रद्धा के साथ इस अनुष्ठान को निभाते हैं। उनका विश्वास है कि सच्चे मन से की गई यह साधना हर मनोकामना को पूर्ण करती है और जीवन के कष्टों को दूर करती है। कांटा झाप को आत्मशुद्धि और बुराइयों पर विजय का प्रतीक भी माना जाता है। कांटों पर नृत्य कर भक्त यह संदेश देते हैं कि जीवन के कठिन रास्तों को भी विश्वास और साहस से पार किया जा सकता है। देल पूजा के दौरान दिनभर व्रत, हवन, भजन-कीर्तन और शिव आराधना का क्रम चलता है। इसके बाद जब कांटा झाप शुरू होता है, तो बड़ी संख्या में लोग इस अद्भुत परंपरा को देखने के लिए उमड़ पड़ते हैं। पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठता है। यह परंपरा जहां एक ओर गहरी आस्था का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर समाज में एकता, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का भी संचार करती है। हालांकि यह अनुष्ठान बेहद कठिन और जोखिम भरा होता है, जिसे केवल अनुभवी और संकल्पित साधक ही करते हैं।

# प्रहलाद पल्सिया में 70 करोड़ से बनेगा आंचल का प्लांट: बहुगुणा

### दुग्ध उत्पादकों को मिलेगा सीधा लाभ, सृजित होंगे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से क्षेत्र के विकास को गति देते हुए प्रस्तावित आंचल प्लांट के स्थान में बदलाव किया गया है। अब यह बहुप्रतीक्षित प्लांट ग्राम राजनगर के बजाय प्रहलाद पल्सिया स्थित एक्वा पार्क में स्थापित किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस आंचल प्लांट का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्लांट स्थापित होने से क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं है कि किसी सरकारी उद्यम को काश्तकार की भूमि पर स्थापित किया जाए, यह कुछ विकास विरोधी लोगों द्वारा फैलाया गया भ्रामक दुष्प्रचार है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। निर्मलनगर-सिडकुल को जोड़ने वाले पुल का शिलान्यास मई माह के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। इसके अलावा लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से गोला नदी पर शान्तिपुरी को जोड़ने वाले पुल को भी स्वीकृति मिल चुकी है, जिसकी निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की सड़कों से संबंधित कई प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं, जिनकी स्वीकृति शीघ्र मिलने की संभावना है। इन प्रस्तावों पर उच्च स्तर पर समीक्षा भी की जा चुकी है, जिससे कार्यों में तेजी आएगी। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सितारगंज उप जिला चिकित्सालय और सीएचसी शक्तिफार्म में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती जल्द की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता हो चुकी है और ट्रांसफर नीति के तहत शीघ्र नियुक्तियां की जाएंगी। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, पूर्व चेयरमैन अजय जायसवाल, संजय बाछाड़, देबू मंडल, गोविंद पोखरिया, सुबीर सरकार, कृष्ण पद मंडल, देवाशीष पोद्दार, विक्रम सिंह भंडारी, विक्की राय, गोविंद सरकार सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री। ● अमृत विचार

## मिशन 2027 के लिए कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

**शक्तिफार्म** : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मिशन 2027 विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत कार्यकर्ताओं को पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के आधार पर ही जनता के बीच पुन: पहुंचा जाएगा।

## महिला किसान को जान से मारने की धमकी देने पर केस

**किच्छाः** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला फार्मर को धमकाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से मधुबनी पार्क, सिविल लाइन, मुरादाबाद निवासी सायरा वाड्रा पत्नी स्व. रिचर्ड वाड्रा की कृषि भूमि किच्छा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपलिया में है। भूमि की देखरेख के लिए वह समय-समय पर यहां आती हैं।

पीड़िता ने बताया कि 25 फरवरी को वह किच्छा आई थीं और रात करीब 10:30 बजे उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन कर अपना नाम रूपेंद्र सिंह उर्फ राजू बताया और खुद को गुंडा बताते हुए दोबारा किच्छा आने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने यह भी कहा कि वह नसरीन सांगा के साथ रहता है और उसी के कहने पर धमकी दे रहा है। पीड़िता के अनुसार 30 जनवरी को भी उनके व्हाट्सएप नंबर पर अलग-अलग नंबरों से कॉल कर धमकियां दी गई थीं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रूपेंद्र सिंह उर्फ राजू और जून स्टेट, भीमताल (जिला नैनीताल) निवासी नसरीन सांगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कंटेनर में चालक का शव मिलने से सनसनी

संवाददाता, रुद्रपुर

- हत्या या प्राकृतिक मौत, जांच में जुटी पुलिस
- शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

**अमृत विचारः** चंपावत निवासी एक कंटेनर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। चालक के गले पर निशान मिलने के बाद पुलिस ने हत्या या प्राकृतिक मौत के एंगल से जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मृतक का परिवार भी हत्या की आशंका जता रहा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।



दर्शन सिंह (फाइल)।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चंपावत निवासी 43 वर्षीय दर्शन सिंह अपनी पत्नी ललिता और दो बच्चों के साथ यहां रहते थे और पेशे से कंटेनर चालक थे। बताया जा रहा है कि शनिवार को वह कंटेनर लेकर चंपावत से दिनेशपुर स्थित एक कोरियर कंपनी के लिए रवाना हुए थे। रात करीब नौ बजे उन्होंने कंटेनर को सिडकुल स्थित पार्किंग स्थल पर खड़ा कर दिया। रात सवा 11 बजे भोजन करने के बाद वह ड्राइविंग सीट पर ही सो गए। रविवार सुबह काफी देर तक दर्शन सिंह के नहीं उठने पर पार्किंग मुंशी कुंदन सिंह रावत ने उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद उन्हें आनन-फानन में बेसुध अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक मृतक दर्शन सिंह के गले पर कुछ निशान थे। सूचना मिलने पर मृतक का भाई भी मौके पर पहुंचा और उसने हत्या की आशंका जताई। सिडकुल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आग में दो एकड़ गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

**किच्छा/पुलभट्टाः** थाना अंतर्गत क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से खेत में खड़ी करीब दो एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल टीम के पहुंचने से पूर्व ही आग बुझ जाने के कारण टीम वापस लौट गई। रविवार की देर शाम थाना अंतर्गत सेतुइया क्षेत्र में राशिद अंसारी के खेत में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से फैलती चली गई। गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोक दिया। सूचना मिलते ही दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह के नेतृत्व में फायरमैन दीपक बसेड़ा, भवान सिंह, प्रमोद सोन, संजय सिंह एवं संविदा कर्मी धीरज राणा की टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची। हालांकि, टीम के पहुंचने से पूर्व ही ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था, जिसके चलते दमकल टीम को वापस लौटना पड़ा। क्षेत्र में लगातार खेतों में आगजनी की घटनाओं से किसानों में भय का माहौल बना हुआ है।

# सड़क हादसे में युवक की जान गई

संवाददाता, रुद्रपुर

- सिडकुल में करता था काम, सात बहनों का था इकलौता भाई
- शनिवार रात तेल टैंकर ने युवक को रौंदा

**अमृत विचारः** शनिवार देर रात गदरपुर-काशीपुर हाईवे पर तेज रफ्तार तेल टैंकर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक सात बहनों का इकलौता भाई था और सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था। सूचना मिलते ही समाजसेवी सुशील गाबा जिला अस्पताल पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



विकास (फाइल)।

जानकारी के अनुसार, यूपी के स्वार निवासी 29 वर्षीय विकास वाल्मीकि सिडकुल की एक ऑटो कंपनी में कार्यरत था। शनिवार रात करीब सवा 11 बजे वह ड्यूटी के बाद अपनी बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां गदरपुर जा रहा था। इसी दौरान काशीपुर-गदरपुर हाईवे पर महतोष मोड़ के पास अज्ञात तेज रफ्तार तेल टैंकर (संख्या यूके 07 सीडी 5604) ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और युवक को रौंदते हुए फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीर दौड़ पड़े और गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही समाजसेवी सुशील गाबा तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। गाबा ने बताया कि मृतक विकास सात बहनों का इकलौता भाई था और उनकी शादी के लिए दिन-रात मेहनत कर पैसे जुटा रहा था। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे सड़क हादसों में युवाओं की मौत चिंताजनक है और इसके खिलाफ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है।

# परिवार पर जानलेवा हमला कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर जानलेवा हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया गया, बावजूद इसके पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया।

पहाड़गंज निवासी साईन जहां ने बताया कि पड़ोसी इब्ने हसन, जावेद और मुस्तफा के साथ सरकारी नाले पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था। 25 अक्टूबर 25 को पड़ोसी परिवार के लोग एकजुट होकर जबरन घर में घुस आए और धारदार हथियारों व लोहे की रॉड से उनके पिता साबिर और भाई जफर पर हमला कर दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। बीच-बचाव करने पर उनका नाबालिग बेटा राहिल भी घायल हो गया। पिता की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हल्द्वानी रेफर कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि 26 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी लेकिन पुलिस ने उन्हें धमकाकर भगा दिया। वहीं, हमलावर लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे और झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कहते रहे। पीड़िता ने कई बार संबंधित चौकी के चक्कर लगाए, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और मेडिकल रिपोर्ट को भी नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने अदालत में याचिका दायर की। अदालत के आदेश पर अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

- थाना पंतनगर इलाके की है घटना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना पंतनगर इलाके में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। तलाशी लेने पर युवक की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है और सुसाइड के कारणों की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह थाना पंतनगर पुलिस को खबर मिली है कि सिडकुल चौकी इलाके के ओमेक्स कॉलोनी गेट के ठीक सामने गेहूं के खेत स्थित एक पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही प्रभारी नंदन सिंह रावत और सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पहुंचे और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया। तलाशी लेने पर जेब से एक आधार कार्ड और सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान लमगड़ा निवासी मुकेश कुमार (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है और आत्महत्या के वास्तविक कारणों की जांच में जुट गई है।



घटनास्थल का मौका मुआयना करती पुलिस। ● अमृत विचार

# पुलिस को देख विवाहिता ने छत से लगाई छलांग, गंभीर

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लालपुर चौकी इलाके में एक ऐसी हैरान करनी वाली घटना सामने आई। पुलिस को देख एक नवविवाहिता दो मंजिला छत से कूद गई। आनन फानन में गंभीर घायल महिला को निजीअस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित चार लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

जानकारी के अनुसार किराये के मकान में रह रही एक नवविवाहिता ने अपने पति को वीडियो और ऑडियो कॉल कर उसे बंधक बनाकर प्रताड़ित करने की बात कही थी। 10 अप्रैल को पति ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद महिला का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। मोबाइल ऑन होने पर जब एसएसआई अनिल जोशी और दरोगा नरेश जोशी ने मोबाइल की लोकेशन निकाली तो लोकेशन लालपुर की निकली। जिसके बाद रविवार को पुलिस लोकेशन के आधार पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद मकान तक पहुचीं। पुलिस को देखते ही महिला ने दो मंजिला भवन की छत से छलांग लगा दी। महिला को लहूलुहान हालत में निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने संदेह के आधार पर एक महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी हैं। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

कार्यक्रम

### सोर वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय कर लूटी वाहवाही

# जलियांवाला बाग हत्याकांड का किया मंचन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** सोर वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुई घटना का मंचन किया गया। उस समय बैसाखी का पर्व मना रहे लोग एक शांतिपूर्ण सभा में एकत्रित थे। जनरल डायर ने बिना किसी चेतावनी के बाग के एकमात्र निकास द्वार को घेर लिया और निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोली चलाने का आदेश दे दिया।

इस नरसंहार में अनेक निर्दोष लोग शहीद हुए और हजारों घायल हुए। बाग में स्थित कुआँ आज भी उस दर्दनाक दास्तान का गवाह है, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए छलांग लगा दी थी। विद्यार्थियों ने अपने नाटक के माध्यम से उस समय के दृश्य को जीवंत कर दिया। बच्चों ने जनरल डायर, क्रांतिकारियों और आम जनता के किरदारों का प्रभावशाली अभिनय किया, जिससे सभी की आंखें नम हो गईं। नाटक के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्कूल प्रशासन ने बच्चों की इस प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में देशभक्ति की भावना प्रबल होती है।



खटीमा के सोर वैली पब्लिक स्कूल में जलियांवाला बाग हत्याकांड का मंचन करने वाले बाल कलाकार व प्रबंधन। ● अमृत विचार

# नशे की गोलियों, इंजेक्शन के साथ एक युवक गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना पंतनगर पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान एक युवक को नशीली गोलियां और इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस का केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश कर दिया है। बताया जा रहा है कि युवक यूपी के गोपनीय रास्तों से प्रतिबंधित दवाइयां लाकर नशेड़ी युवाओं को महंगे दामों पर मुहैया कराता था।

जानकारी के अनुसार, पंतनगर के दरोगा हेमचंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ 11 अप्रैल की शाम चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हल्दी रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित झाड़ियों से एक युवक आता दिखा। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगा। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम फूलबाग सेंटर, पंतनगर निवासी जमाल तनवीर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 35 प्रतिबंधित नशीली गोलियां और छह शीशियां नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह किच्छा निवासी सोनू नामक युवक से ये दवाइयां खरीदता है। सोनू यूपी के गोपनीय रास्तों से प्रतिबंधित दवाइयों की खेप लाता है, जिसके बाद वह इन्हें महंगे दामों पर नशेड़ी युवाओं को बेचता है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### स्वः जनगणना के लिए पोर्टल पर जानकारी भरना शुरू

**जसपुर :** स्व : जनगणना शुरू होने के बाद स्थानीय निवासियों ने पोर्टल पर जानकारी भरना शुरू कर दिया है। उत्सुक लोग पोर्टल के कॉलमों की जानकारी एक-दूसरे की मदद से भर रहे हैं। ब्लॉक प्रशिक्षक कौशल चौधरी ने नागरिकों से अपील की है कि स्व : गणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है, इसलिए सभी लोग पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर रजिस्टर कर अपने मकान की गणना अवश्य करें। उन्होंने बताया कि स्व : गणना पूरी होने पर आईडी टेक्स्ट मैसेज या ई-मेल पर प्राप्त हो जाएगी, जिसे प्रगणक के आने पर उपलब्ध कराना होगा।

### लापता युवक घर लौटा

**काशीपुर :** दो दिन पूर्व लापता हुआ युवक खुद ही सुरक्षित घर लौट आया। इससे परिजनों ने राहत की सांस ली है। आदर्श नगर निवासी एक व्यक्ति का 17 वर्षीय पुत्र 10 अप्रैल को घर से कोचिंग के लिए निकला था, जो घर नहीं लौटा। परिजनों ने शनिवार को गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस भी उसकी तलाश में जुट गई। वहीं शनिवार रात लापता हुआ नाबालिग स्वयं ही घर वापस आ गया। उसने पुलिस को बताया कि वह काम की तलाश में मुरादाबाद चला गया था।

### 1.973 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। कुंडा कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान ढेला नदी के पास से ग्राम सरवरखेड़ा निवासी नूर मोहम्मद को गिरफ्तार कर उससे 1.973 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस टीम में एसआई अर्जुन सिंह, बलबीर सिंह, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, बृजेश कुमार रहे।

### कोमल ने रियलिटी शो में हासिल किया दूसरा स्थान

**शांतिपुरी :** पंजाब में आयोजित एक हास्य कॉमेडी रियलिटी शो में ऊधमसिंह नगर जनपद की प्रतिभाशाली छात्रा कोमल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोमल राजकीय इंटर कॉलेज देवरी की छात्रा हैं और उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कोमल ने अपने शानदार हास्य प्रदर्शन से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीतते हुए प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी सफलता पर माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में ललिता देवी, मंगल प्रसाद आदि शामिल रहे।

### अलमारी से 60 हजार रुपये किए गायब

**बाजपुर :** अज्ञात चोर पर दिनदहाड़े घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने का आरोप लगा है। पीड़िता कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के समय वह अपने पुत्र के साथ काम पर गई हुई थी। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी मीना पत्नी करन सिंह ने पुलिस को बताया कि 10 अप्रैल की सुबह करीब आठ बजे वह अपने पुत्र के साथ काम पर गई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोर ने सूने घर का फायदा उठाते हुए अंदर घुसकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे करीब 60 हजार रुपये चोरी कर लिए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने और चोरी गई रकम बरामद कराने की मांग की है।

### एसएसआई फर्त्याल को दी भावभीनी विदाई

**बाजपुर :** केलाखेड़ा थाने में कार्यरत वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल को स्थानांतरण पर पुलिस परिवार की ओर से विदाई दी गई। जनपद ऊधम सिंह नगर में 11 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के बाद उनका स्थानांतरण अल्मोड़ा परिक्षेत्र में किया गया है। थाना अध्यक्ष निरीक्षक धर्मवीर सोलंकी ने उनके सेवाकाल को संतोषजनक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपनिरीक्षक पूनम रावत, अपर उपनिरीक्षक हेमचंद्र, मोहित कुमार, सचिन, लक्ष्मण सिंह, यशवंत सिंह रहे।

### हादसों में दो लोग घायल एक हायर सेंटर रेफर

**बाजपुर :** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक युवक समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से एक की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शनिवार देर शाम किच्छा निवासी 25 वर्षीय सरताज पुत्र आरिफ अहमद बाइक से काशीपुर की ओर जा रहा था। सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र के छोई मोड़ के पास सड़क किनारे पड़ी बजरी पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे हुई, जिसमें हरिपुरा हरसान निवासी 72 वर्षीय जंग बहादुर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह सड़क हादसे में घायल हो गए।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को समय से करें पूरा : रोहेला

## दर्जा राज्यमंत्री विनय रोहेला ने की योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश



जसपुर पहुंचने पर दर्जा राज्यमंत्री विनय रोहेला का स्वागत करते सिख समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचारः** राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रोहेला ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट जानी। उन्होंने कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

रविवार को जसपुर पहुंचे विनय रोहेला का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद रोहेला ने आवास विकास स्थित अपने कार्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अधिवक्ताओं के चेंबरों का निर्माण, कटारमल देवता का सौंदर्यीकरण, भोगपुर डाम स्थित तीर्थनगर मंदिर का सौंदर्यीकरण, दादूवाला झील का निर्माण, वन विभाग द्वारा अमृतपुर में बनाए जाने वाले पार्क तथा वीआईपी कॉलोनी की सड़कों के निर्माण की जानकारी ली गई। रोहेला ने बताया कि जसपुर सीवर लाइन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। काशीपुर-धामपुर रेललाइन का फाइनल सर्वे हो चुका है। रोडवेज बस अड्डे का मामला राजनीतिक कारणों से अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। इस अवसर पर बीडीओ के.के. कांडपाल, एडीओ पंचायत सुखलाल राणा, हाजी राशिद, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

**नगर कीर्तन में शामिल हुए रोहेलाः** बैसाखी के अवसर पर भोगपुर डाम में नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन तुमड़िया डाम तक लगभग चार किलोमीटर तक निकाला गया। नगर कीर्तन में पहुंचे विनय रोहेला का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने आवास विकास क्षेत्र में बन रहे गुरुद्वारे का भूमि पूजन भी किया।

## चेक बाउंस के मामले में आरोपी को एक वर्ष की सजा

**काशीपुर, अमृत विचारः** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को एक वर्ष के कारावास और 14.15 लाख रुपए के जुर्माने की भी सजा सुनाई है।

ग्राम चनकपुर निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र दलविंदर सिंह ने अपने अधिवक्ता मुजीब अहमद एडवोकेट के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे की अदालत में परिवाद दायर किया था कि ग्राम अजीतपुर निवासी गुलाब सिंह ने वर्ष 2021, 2022 व 2023 में उससे 14 लाख रुपए उधार लिए थे। लेकिन उसने वायदे के मुताबिक रकम नहीं लौटाई। तगादा करने पर उसने 14 लाख रुपए के तीन चेक दिए। जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गए।

परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे आयशा फरहीन की अदालत ने आरोपी गुलाब सिंह को एनआई एक्ट का दोषी पाया। अदालत ने आरोपी गुलाब सिंह को एक वर्ष के कारावास और 14.15 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां, व्यवस्था पर की चोट

- चैती मेला परिसर में 21 दिवसीय नि:शुल्क रेडक्रॉस चिकित्सा शिविर का समापन, दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान रहीं मुख्य अतिथि



चैती मेला परिसर में आयोजित सम्मेलन में कविता पाठ करता युवा कवि। ● अमृत विचार

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** मां बाल सुंदरी देवी के ऐतिहासिक चैती मेला परिसर में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, काशीपुर शाखा के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का समापन समारोह काव्य सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समां बांध दिया। कुछ कवियों ने रचनाओं से व्यवस्था पर चोट की।

मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान ने रेडक्रॉस ध्वज उतारकर शिविर का विधिवत समापन किया। उन्होंने शिविर के सफल संचालन की सराहना करते हुए आयोजकों, चिकित्सकों और सहयोगियों के सेवा भाव की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व काव्य सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा, पदाधिकारियों, प्रधान पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री परिवार सहित अन्य लोग रहे। अतिथियों ने चिकित्सकों, सहयोगियों एवं शिविर में योगदान देने वालों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण पंत ने 21 दिवसीय शिविर की विस्तृत आख्या प्रस्तुत की। काव्य सम्मेलन की शुरुआत गीतकार कवि सोमपाल प्रजापति द्वारा मां शारदे की वंदना से हुई। इसके बाद विभिन्न कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विजय प्रकाश कुशवाह ने लो आ गया हूं बिकने को मैं भी बाजार में जैसी यथार्थपरक पंक्तियों से श्रोताओं को भावविभोर किया। शेष कुमार 'सितारा' ने सांस का हर सुमन वतन के लिए देशभक्ति से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत की। ओज कवि शुभम लोहनी ने राजनीति का बिगड़ा सब परिवेश के माध्यम से सामाजिक कटाक्ष किया। शालिनी शर्मा ने मैं उसी की हमेशा दीवानी रही से प्रेम और भावनाओं की अभिव्यक्ति की। संचालनकर्ता डॉ. प्रतोष मिश्रा ने जिंदगी क्यों हो रही अधीर से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सुरेन्द्र मधुर ने साथ ही साधु बनके लूटते, सोमपाल प्रजापति ने पंख नहीं हैं पर उड़ान आसमान की है और जेके कटियार ने बन जाने दो सरकार हमारी रचना पेश की। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी गुरनाम सिंह गामा, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, जेपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बंटी सक्सेना, संयोजक काव्य सम्मेलन कौशलेश गुप्ता, उदयराज, उदय राज हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, जिला कोर कमेटी सदस्य सरोज ठाकुर, विकास शर्मा, दीपक यादव, डॉ. योगेश चौहान, विमल गुड़िया, सुधा शर्मा, अनीता पंत, सुरेन्द्र कोठारी, अर्चना लोहनी, मनोज कुमार विश्नोई समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ ने स्कूल समय सारणी पर जताया विरोध

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचारः** स्कूलों की नई समय-सारणी को लेकर स्थानीय शिक्षक अब खुलकर सामने आ गए हैं। राजकीय माध्यमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी ने इस संबंध में प्रांतीय नेतृत्व को पत्र भेजकर शासन के आदेश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कौशल चौधरी ने बताया कि राजकीय शिक्षक संघ ने इस निर्णय को लेकर पूर्व में ही सरकार से असहमति जताई थी, इसके बावजूद शासन ने यह आदेश जारी कर दिया, जिसका शिक्षक संघ छात्र हित में विरोध कर रहा है। जसपुर ब्लॉक इकाई के मंत्री अनूप सिंह एवं ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि शासन द्वारा 6 अप्रैल को जारी आदेश के तहत प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों के लिए नई समय-सारणी निर्धारित की गई है, जो व्यावहारिक दृष्टि से कई समस्याएं उत्पन्न कर रही है। नई समय-सारणी का नकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों की दिनचर्या और पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। कहा कि जनपद की भौगोलिक एवं मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखे बिना यह निर्णय लिया गया है। यहां राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई के कपिल सैनी, अनीता चौहान, नरेश चौहान, संदीप कुमार, बबीता सत्यवाली, धर्मेंद्र सिंह, नीलम वर्मा, नफीस अहमद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा की तैयारी

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समाज समिति काशीपुर ने 14 अप्रैल को निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। रविवार को मुख्य बाजार स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में आंबेडकर संदेश शोभायात्रा के संस्थापक जितेंद्र देवांतक ने बताया कि इस वर्ष 14 अप्रैल को काशीपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति के कार्यकर्ता पिछले करीब डेढ़ माह से शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने में जुटे हुए थे।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा का उद्देश्य बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को शोषित, वंचित समाज के साथ-साथ सर्व समाज तक पहुंचाना है। आंबेडकर संदेश शोभायात्रा के अध्यक्ष सुक्लेश कुमार आजाद ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में आसपास के क्षेत्रों से रथों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें शोषित-वंचित समाज में कार्य करने वाले महापुरुषों की झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। साथ ही दिल्ली से आए ढोल-ताशे और डीजे की धुन पर युवा महिला-पुरुष बड़ी संख्या में शामिल होकर बाबा साहब के प्रति श्रद्धा व्यक्त करेंगे। समिति के महासचिव महिलाल गौतम ने अपील की कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को अधिकार दिए, विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष हर गुलाल गौतम, कोषाध्यक्ष शंकर सिंह, सदस्य जयपाल सिंह तथा कानूनी सलाहकार एडवोकेट अजीत सिंह मौजूद रहे।



काशीपुर में प्रेस वार्ता करते शोभायात्रा समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# झोपड़ियों में लगी आग तीन मवेशी जिंदा जले

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं, जिसमें दो भैंस और एक बकरी की जलकर मौत हो गई। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।जानकारी के अनुसार, गर्मी का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। कहीं गेहूं के खेतों में तो कहीं झाड़ियों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पच्चावाला में रविवार दोपहर करीब सवा 12 बजे सत्यवीर सिंह पुत्र मल्ली सिंह की तीन झोपड़ियों में अचानक आग लग गई। आग की विकरालता को देखते हुए ग्रामीणों ने फायर विभाग को सूचना दी। सूचना पर फायर स्टेशन काशीपुर से लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह के नेतृत्व में एक फायर यूनिट मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आग की चपेट में आकर सत्यवीर सिंह की दो भैंस और एक बकरी की जलकर मौत हो गई। हालांकि, किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। लीडिंग फायरमैन ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। टीम में चालक सुमित पवार, दीपक राठौर, फायरमैन अर्जुन सिंह, आकाश गैरोला, पंकज कुमार तथा महिला फायरमैन ज्योति, नमिता, आरती और शीतल शामिल रहीं।

# किसान आयोग उपाध्यक्ष का स्वागत

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राज्य किसान आयोग में उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह नामधारी की नियुक्ति के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके तालीफार्म स्थित आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, लंबे समय से क्षेत्र की राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने के कारण धामी सरकार द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से बाजपुर सहित पूरे ऊधम सिंह नगर के किसानों को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नामधारी के अनुभव का लाभ किसानों को मिलेगा और उनकी समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से हो सकेगा। उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने बधाई देने पहुंचे सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में धामी सरकार द्वारा किए गए कार्य सराहनीय हैं और उनके नेतृत्व में भाजपा हैट्रिक बनाएगी। वहीं, दर्जा राज्य मंत्री एवं किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। इस मौके पर बाजपुर ट्रक यूनियन के अध्यक्ष बल्देव सिंह नामधारी, इंद्रजीत सिंह, वीरेंद्र बिष्ट, कन्नू जोशी, विकास गुप्ता, भगवंत म्यान, बिट्टू चौहान, बिट्टू डब समेत सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई दी।



बाजपुर में किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी व उनके पिता का स्वागत करते लोग।

## मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुरः** निर्माणाधीन फैक्ट्री के स्वामी ने ठेकेदार के भाई पर फैक्ट्री में घुसकर लेबर और उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। गाजियाबाद निवासी निरंजन मित्तल पुत्र श्रीकांत मित्तल ने पुलिस को तहरीर सौंपी। उनकी प्रस्तावित फैक्ट्री अरोमा पार्क, आईआईएम कुंडेश्वरी के निकट स्थित है, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। आरोप है कि ठेकेदार सबलु के भाई कामिल, जो लक्ष्मीपुर पट्टी स्थित मधुवन नगर पार्क का निवासी है, अक्सर साइट पर आकर मजदूरों के साथ बदसलूकी, गाली-गलौज और मारपीट करता है। निरंजन मित्तल ने बताया कि बीती 10 अप्रैल को कामिल ने उनकी फैक्ट्री में तोड़फोड़ की और पाइप से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

# जसपुर में 169 जायरीनों को बताए हज के अरकान

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचारः** हज पर जाने वाले ऊधम सिंह नगर और चंपावत जनपद के 169 जायरीनों को प्रशिक्षण देकर हज के अरकान बताए गए। इस दौरान उनका टीकाकरण भी किया गया। आगामी 18 अप्रैल से जायरीनों की पहली उड़ान शुरू होगी।

फैज ए आम इंटर कॉलेज में राज्य हज कमेटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उलेमाओं ने हज के अरकान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट ने जायरीनों के भोजन की व्यवस्था कराई। हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि 18 अप्रैल से हज यात्रा शुरू हो रही है और यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे राज्य से हज इंस्पेक्टर तैनात किए जा रहे हैं। कुछ जायरीनों ने यात्रा महंगी होने और सऊदी अरब में स्वयं खाना बनाने की अनुमति न मिलने की शिकायत भी की। इस पर हज कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि मामले की समीक्षा कर सरकार से वार्ता की जाएगी। उन्होंने बताया कि सऊदी सरकार द्वारा कैटरिंग की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, खड़क सिंह, पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट, डॉ. यूनुस चौधरी, शमशाद हुसैन, मो. आरिफ, फईम खां सहित कई लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य रईस अहमद ने हज सुविधा ऐप की जानकारी दी।

## पिता-पुत्र पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुरः** पिता-पुत्र पर मारपीट और महिलाओं से अभद्रता करने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अलीगंज रोड निवासी ललित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हरनेक सिंह और उसके पुत्र ने पूर्व में उनके प्लॉट से ईंट-पत्थर उठा लिए थे। इस संबंध में उन्होंने पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद से दोनों उनसे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि नौ अप्रैल की देर शाम वह किसी कार्य से घर से बाहर निकले थे, तभी आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोककर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनकी मां, पत्नी और पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपियों से उन्हें जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**आयोजन** आरोहण-2026 छात्रवृत्ति परीक्षा में हजारों विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

# छात्रवृत्ति परीक्षा में नेहा शर्मा प्रथम व हर्षित द्वितीय

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचारः** सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में आरोहण-2026 छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के 265 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि पूरे क्षेत्र के लगभग 6000 विद्यार्थियों ने प्रारंभिक चरण में प्रतिभाग किया। रविवार को संस्थान में कार्यक्रम के अंतिम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इससे पूर्व कॉलेज जीवन पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति और प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।



दिनेशपुर सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते शिक्षक।

प्रतियोगिता में नेहा शर्मा (वाणिज्य संकाय, श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, रुद्रपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्षित (पीसीबी, किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल, दिनेशपुर) द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान सकन्या सक्सेना (पीसीएम, एकेआईसीएस, बाजपुर) ने प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः 3100, 2100 और 1100 की नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल 30 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्राचार्य विवेक त्रिवेदी और रजत धनन ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग के प्राचार्य विवेक त्रिवेदी व रजत धनन ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। इस मौके पर संस्थान के उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीए अनुभू बाथला, शिवम शर्मा, रोहित सिंह पडियार, डॉ. सुप्रीत बांग, साहिल छाबड़ा, कार्तिक हालदार, ललित भट्ट सहित संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पाल की माता के निधन पर सांसद ने जताया शोक

**जसपुरः** सांसद अजय भट्ट ने नगर पंचायत महुआडाबरा पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा परिजनों को सांत्वना दी। रविवार को सांसद अजय भट्ट और आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रोहेला मनोज पाल के आवास पर पहुंचे। उन्होंने मनोज पाल की माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें ढांढस बंधाया। मनोज पाल ने बताया कि सांसद ने संसद सत्र के दौरान भी उन्हें फोन कर सांत्वना दी थी। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, तीरथ सिंह, खड़क सिंह, डॉ. यूनुस चौधरी, विनीत चौहान, डॉ. एम.पी. सिंह, प्राशीष विश्नोई, विशाल कश्यप, शमीम प्रधान, कृष्ण कुमार, करन चौधरी, कमल चौहान मौजूद रहे।

# 90 किलो गोवंशीय मांस बरामद, आरोपी दबोचा

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** गोवंश स्क्वायड और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 90 किलो गोवंशीय मांस बरामद किया है। मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

कुमाऊं परिक्षेत्र के गोवंश स्क्वायड प्रभारी पंकज बेलवाल के नेतृत्व में शुक्रवार देर रात पुलिस टीम ने वार्ड-पांच, सरकड़ी रोड स्थित हारून पुत्र चंदा के घर पर छापेमारी कर आरोपी को घर के आंगन में करीब 90 किलो मांस बेचते पकड़ा। जिला पशु चिकित्साधिकारी को के निर्देश पर डॉ. संदीप तलवार, डॉ. पूजा बाठला और डॉ. सुमैला मलिक की टीम शनिवार सुबह मौके पर पहुंची और मांस के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। मौके से इलेक्ट्रॉनिक कांटा, चापड़, चाकू और लकड़ी का गुटका बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने बोर नदी किनारे गोवंशीय पशु का वध कर खाल व अन्य अवशेष नदी में बहा दिए और मांस को बेचने के लिए घर लाया था। आरोपी के खिलाफ गो संरक्षण अधिनियम की धारा 3/5/6/11(1) के तहत केस दर्ज कर लिया है। टीम में गोवंश स्क्वायड प्रभारी पंकज बेलवाल, एसआई सुशील कुमार, पुलिसकर्मी संजीव कुमार, राजेश गिरी, अहसान अली व उमेश शाह शामिल रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### उपपा के संस्थापक सदस्य हेम का निधन

**अल्मोड़ा :** उपपा के संस्थापक सदस्य हेम पांडे के निधन पर कार्यकर्ताओं ने उनके गृहगांव पाटिया में श्रद्धांजलि सभा की। इस दौरान मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। यहां उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, गोविंद लाल वर्मा, हरीश पांडे, हर सिंह बिष्ट, महासचिव अधिवक्ता नारायण राम, एड. गोपाल राम, किरन, ज्योति पांडेय, जगदीश राम, गोविंद राम रहे।

### निर्माण सामग्री सड़क पर दस हजार का चालान

**अल्मोड़ा :** रविवार को अल्मोड़ा पुलिस ने धारानौला क्षेत्र में सड़क पर निर्माण सामग्री डालने वाले ठेकेदार का दस हजार रुपये का चालान काट दिया। साथ ही तत्काल निर्माण सामग्री को हटवाया। लोगों को हिदायत दी कि सड़क पर निर्माण सामग्री न डालें।

# जल पुलिस ने 10 वर्षीय बच्चे को डूबने से बचाया

- परिवार के साथ स्नान करते समय शारदा नदी में बहा बच्चा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** शारदा घाट पर जल पुलिस की तैनाती श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगातार मददगार साबित हो रही है। जल पुलिस के जवानों और स्थानीय तैराकों ने अब तक स्नान के दौरान नदी की तेज धारा में बहने वाले 15 से अधिक श्रद्धालुओं की जान बचाई है।

रविवार सुबह जल पुलिस के गोताखोरों ने उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी 10 वर्षीय बच्चे को डूबने से बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार अवधेश पाल (10) पुत्र अमर सिंह पाल, निवासी ग्राम लस्करपुर, तहसील बिल्सी, जनपद बदायूं अपने परिजनों के साथ मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए आया था। स्नान के दौरान वह शारदा नदी की तेज धारा में बहने लगा। बच्चे को बहता देख परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर मौजूद जल पुलिस कर्मियों ने तुरंत नदी में छलांग लगाकर बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया।

रेस्क्यू टीम में हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल भुवन मेहरा, कांस्टेबल सतीश सिंह, कांस्टेबल विशाल कबडवाल, गोताखोर रविंद्र कुमार तथा पीआरडी जवान सूरज और योगेश कुमार शामिल रहे।

### विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने किया उद्घाटन, कल मुख्य कौतिक का होगा आयोजन, जुटेगी भीड़

# जैनोली में चैतव कौतिक का शुभारंभ, झोड़ा-चांचरी की धूम

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** जैनोली के सैमधार में पारंपरिक चैतव कौतिक का शुभारंभ हो गया है। कौतिक का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने किया। चैतव कौतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित इस प्राचीन कौतिक में चौगांव, फल्दाकोट सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग भाग ले रहे हैं। पहले दिन झोड़ा और चांचरी की धूम रही।

उद्घाटन अवसर पर विधायक डॉ. नैनवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी अपनी प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक होती है। उन्होंने आयोजन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। चैतव कौतिक समिति के अध्यक्ष कृपाल राम और उपाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने बताया कि कौतिक तीन दिनों तक चलेगा, जबकि मुख्य कौतिक 14 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान चौगांव क्षेत्र के लोग फूलदेई और ओड़ा भेटने की पारंपरिक रस्म अदा करेंगे।

मुख्य मेले के दिन दोपहर दो बजे से पिलखोली, जैनौली और जोग्याड़ी के ग्रामीण ढोल-दमाऊ के साथ कौतिक स्थल पर पहुंचेंगे। इस दौरान झोड़ा गायन होगा और देर शाम कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव तारा सिंह फर्तियाल, त्रिभुवन सिंह फर्तियाल सहित अनेक लोगों ने सहयोग किया।



जैनोली कौतिक में झोड़ा गायन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# सम्मानजनक मानदेय और नियमितीकरण की मांग

### आशा फैसिलिटेटरों ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यत को सौंपा ज्ञापन, प्रोत्साहन राशि पांच हजार रुपये करने पर जोर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** मानदेय बढ़ोत्तरी समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर आशा फैसिलिटेटर मुखर हो गई है। रविवार को आशा फैसलिटेटरों ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा कि लंबे समय से आशा फैसलिटेटर मानदेय बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे है। लेकिन उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। जिससे आशा फैसलिटेटर में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि एक आशा फैसलिटेटर पर 15 से 30 आशा कार्यकर्ता एवं उतनी ही ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी होती है। वह पूरे माह विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाती हैं, इसके बावजूद उन्हें केवल 25 दिनों का ही मानदेय दिया जाता है, जो कि न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। उन्होंने पूरे माह के कार्य के अनुसार सम्मानजनक मानदेय देने और सेवा का नियमितीकरण करने, वर्तमान में दो हजार की राज्य प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह करने, पीएलए, बीएचएनसी एवं ब्लॉक स्तरीय बैठकों के भुगतान में वृद्धि किए जाने, शीतकालीन व ग्रीष्मकालीन यूनिफॉर्म आशाओं से भिन्न रंग दिए जाने आदि की मांग उठाई। इस दौरान संगठन की जिलाध्यक्ष श्यामा रावत, उपाध्यक्ष ममता वर्मा, कोषाध्यक्ष रेखा आर्या, मुन्नी बिष्ट, प्रेमा बिष्ट, शांति नयाल, ममता बिष्ट, धनूली गोस्वामी, ममता, दीपा नयाल, हेमा शर्मा, रेखा पांडे, मंजू जोशी, कविता, नीमा सनवाल आदि रहे।





अल्मोड़ा में रविवार को आशा फैसिलिटेटरों ने भाजपा नेता रौतेला को ज्ञापन सौंपा। ● अमृत विचार



द्वाराहाट में रविवार को केंद्रीय विद्यालय की मांग को लेकर अनशन पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

### परिवहन निगम के कर्मियों के नियमितीकरण की मांग

**टनकपुर :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में परिवहन निगम व कर्मचारियों की तमाम समस्याएं उठी साथ ही उनके निस्तारण की हुई मांग उठाई गई। यहां आयोजित बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव प्रसाद, महामंत्री दिनेश पंत, सेवानिवृत कर्मचारी मोहन भंडारी, अनुराग नौटियाल, जगमोहन, गोपाल, नमन शर्मा, राजेंद्र बिष्ट, भूपाल सिंह बिष्ट, कैलाश मुरारी, सूरज भान, श्याम सिंह के अलावा परिवहन निगम के प्रदेश के शाखा अध्यक्ष एवं मंत्री मौजूद रहे। बैठक में परिवहन निगम की वित्तीय स्थिति पर गहन विचार विमर्श किया गया साथ ही निगम को मजबूत बनाने के संबंध में रणनीति बनाई गई ताकि परिवहन निगम को आगे सफलता के साथ संचालित किया जा सके। इस दौरान परिवहन निगम में ऑफ रोड बसों को ऑन रोड करना, कर्मचारियों के वेतन, निगम के कर्मचारियों को नियमितीकरण करने, परिवहन निगम में कल पुर्जों की जॉच किए जाने समेत तमाम समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके निस्तारण की मांग की गई।

### द्वाराहाट में केवि की मांग को लेकर क्रमिक अनशन शुरू

**अल्मोड़ा :** द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर विभिन्न संगठनों क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। रविवार को नगर के त्रिमूर्ति चौक पर भाजपा नेता उमेश भट्ट और पूर्व सैनिक बसंत साह धरने पर बैठे। इस दौरान लोगों ने दो वर्ष पूर्व स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय का अब तक संचालन नहीं होने पर नाराजगी जताई। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि द्वाराहाट में दो वर्ष पूर्व स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय का अब तक संचालन नहीं हो सका है। जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। आरोप लगाया कि जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया में हीलाहवाली के कारण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। कहा कि द्वाराहाट के साथ स्वीकृत कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय का संचालन जुलाई 2025 से शुरू हो चुका है, जबकि द्वाराहाट को अब इससे वंचित रखा गया है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मामले में सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त जनता उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। यहां धरना स्थल पर पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष विनोद जोशी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख नन्दिता भट्ट, आनंद मठपाल, चारु तिवारी, महेंद्र मैनाली, सुरेंद्र साह, नवीन मैनाली, ललित भट्ट, पूरन पपने, श्याम रौतेला आदि रहे।

# भूमि सुपोषण, योग व होम्योपैथी पर की चर्चा

- विश्व होम्योपैथी दिवस व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर टनकपुर में विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं नवयोग सूर्योदय सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस तथा आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भूमि सुपोषण, योग एवं होम्योपैथी विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

टनकपुर के बिचई स्थित नवयोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, नवयोग ग्राम के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संरक्षक डॉ. देवीदत्त जोशी ने की। कार्यक्रम में सहारनपुर से आए आचार्य अरुण ने भूमि सुपोषण एवं प्राकृतिक खेती विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए इसके लाभों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिज्ञासा इंग्लिस के निदेशक सत्यांशु आर्य, प्राइम एकेडमी दिल्ली के निदेशक आकांक्षु कश्यप, जेएनयू केयर बैंकांक (थाईलैंड) के निदेशक डॉ. विक्रम सिंह, योगाचार्य डॉ. नवजीत जोशी सहित नितेश, मोनिका, रेखा, बबीता, कविता, परशुराम, दिनेश रावत और चंद्रमोहन जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन नवयोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. नवनीत जोशी ने किया तथा अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



टनकपुर में गोष्ठी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# क्रॉप कटिंग प्रयोग से होगा बीमा क्लेम का निर्धारण

संवाददाता, रामनगर/कालाढूंगी

**अमृत विचार:** गैबुआ मोहनपुर मेहरा में फसल उत्पादन के आकलन के लिए क्रॉप कटिंग प्रयोग किया गया। यह प्रयोग राजस्व उप निरीक्षक तारा चन्द्र घिल्डियाल की देखरेख में स्थानीय किसान भजन सिंह के गेहूं के खेत पर संपन्न हुआ। निर्धारित मानकों के अनुसार फसल के चयनित हिस्से को काटकर उसकी उपज का वैज्ञानिक तरीके से आकलन किया गया।

इस दौरान संबंधित अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया संपन्न की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रयोग से प्राप्त आंकड़े फसल उत्पादन के सही आकलन के साथ-साथ बीमा क्लेम निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजस्व उप निरीक्षक तारा चन्द्र घिल्डियाल ने कहा कि किसानों को फसल बीमा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि क्रॉप कटिंग प्रयोग से प्राप्त आंकड़े ही बीमा क्लेम का आधार बनते हैं, जिससे प्राकृतिक आपदा या फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को उचित मुआवजा मिल सके।



गेहूं की फसल काटने के दौरान राजस्व उप निरीक्षक तारा चन्द्र घिल्डियाल।

# साइबर क्राइम की जानकारी दी

- लमगड़ा पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चलाया अभियान
- साइबर फ्रॉड व डिजिटल अरेस्ट से बचाव के बताएं तरीके

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर जनपद के समस्त कोतवाली एवं थाना प्रभारियों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, नगर, कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को साइबर अपराधों और ठगी से बचाव के तरीको की जानकारी दी जा रही है।

रविवार को पुलिस ने लमगड़ा, मोतियापाथर, नाटाडोल, दुर्गानगर, गंगानगर, शहरफाटक आदि स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, तथा लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियमकृके संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही नशे के दुष्प्रभाव, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन के विषय में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की तथा आपातकालीन सेवाओं के लिए डायल 112, एवं साइबर अपराध की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



लमगड़ा क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# सड़कें बदहाल, वाहन दुर्घटनाओं की आशंका

संवाददाता, अल्मोड़ा



**अमृत विचार:** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों की बदहाल सड़कों को लेकर क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने नाराजगी जताई है। कहा कि सरकार और विभागीय लापरवाही से आम जनता को परेशानियां उठानी पड़ रही है।

विधायक तिवारी ने कहा कि लंबे समय से शहर की अधिकांश सड़कें बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा नगर की सड़कों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना तक मुश्किल है, वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बरसात के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जिससे कई बार दुर्घटनाएं भी सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि हजारों पर्यटक अल्मोड़ा आते हैं एवं अल्मोड़ा से होकर ही अन्य क्षेत्रों का रुख करते हैं। सड़कों की बदहाल स्थिति से उन्हें भी काफी दिक्कत होती है जिसका सीधा असर पर्यटन व्यवसाय पर पड़ रहा है। विधायक ने तत्काल सड़कों के सुधार की मांग की है। उन्होंने बताया कि जब मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए दस प्रमुख कार्यों की सूची मांगी गई थी, तब उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर नगर की सड़कों को हॉटमिक्स कराने का प्रस्ताव रखा था। कहा कि यदि जल्द ही सड़कों को गड्ढा मुक्त कर हॉटमिक्स का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह इस मुद्दे को लेकर जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### गरुड़ महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 16 को

**बागेश्वर:** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ का वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक समारोह 16 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीएन तिवारी ने दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, लघु नाटिका, एकल अभिनय, तात्कालिक भाषण तथा परिधान प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा वार्षिक क्रीड़ा समारोह और विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## करियर

### अल्मोड़ा में शांतिपूर्वक संपन्न हुईं परीक्षाएं, 894 अभ्यर्थियों ने नहीं दी परीक्षा

# 2111 ने दी सीडीएस और एनडीए की परीक्षा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को आयोजित सीडीएस और एनडीए की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 3005 अभ्यर्थियों में से 2111 ने परीक्षा दी, जबकि 894 ने परीक्षा छोड़ी।

जिला मुख्यालय के विभिन्न केंद्रों में तीन पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई, जिसमें एनडीए की पहली पाली में गणित विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 1784 में से 1301 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, 483 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में सामान्य योग्यता परीक्षा आयोजित की गई। कुल पंजीकृत 1784 में से 1288 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, 496 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। वही सीडीएस की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 1221 में से 810 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, 411 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई। कुल पंजीकृत 1221 में से 810 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, 411 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। तीसरी पाली में गणित विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 657 में से 418 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, 239 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था।



अल्मोड़ा में यूपीएससी परीक्षा के दौरान तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

### इन केंद्रों पर हुई परीक्षा

रैमजे इंटर कॉलेज, अल्मोड़ा इंटर कॉलेज अल्मोड़ा, एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज अल्मोड़ा, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका विद्या मंदिर, शारदा पब्लिक स्कूल, सोबन सिंह जीना परिसर समेत अन्य केंद्रों में परीक्षा संपन्न कराई गई।

### सेमलखलिया में गुलदार की धमक

**रामनगर :** सेमलखलिया क्षेत्र में इन दिनों गुलदार की धमक से ग्रामीण परेशान हैं। अभी तक गांव में ग्रामीणों के कई मवेशियों पर गुलदार हमला कर चुका है। कई पालतू कुत्तों को शिकार बना चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर वन विभाग मानव वन्य जीव संघर्ष कम करने की घोषणा कर रहा है तो दूसरी ओर हिंसक जानवरों का गांव में घुसना लगातार जारी है जिससे ग्रामीणों में भय है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने गांव की पूरब दिशा की ओर सोलर फैंसिंग तार बाड़ करने की मांग की है। पूर्व प्रधान खुशहाल सिंह मनराल, राज्य आंदोलनकारी सुरेंद्र सिंह नेगी, सिद्धार्थ पपनै, हर्षित पंचोली आदि ने ग्रामीणों व उनके मवेशियों की सुरक्षा की मांग की है।

# दौड़ में आलोक, भावना अव्वल

- अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुई क्रॉस कंट्री दौड़
- अतिथियों ने चौघानपाटा से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती की उपलब्ध में रविवार को क्रॉस कंट्री दौड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चौघानपाटा से हुआ, जो करबला, दुगालखोला, पुलिस लाइन होते हुए पुनः चौघानपाटा में संपन्न हुई।

डॉ. भीम राव अंबेडकर आयोजन समिति की ओर से आयोजित दौड़ का शुभारंभ अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किया। पुरूष वर्ग की दौड़ में आलोक भट्ट ने प्रथम और महिला वर्ग में भावना अधिकारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पुरूष वर्ग में दूसरे स्थान पर विजय टम्टा, तीसरे स्थान पर जीवन बोरा, महिला वर्ग के दूसरे स्थान पर मीनाक्षी बिष्ट और तृतीय स्थान पर नेहा जोशी रही। वहीं, प्रतियोगिता में दसवें स्थान तक सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यहां समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता अखिलेश टम्टा, संयोजक किशन लाल, संजय भाटिया, राजेंद्र प्रसाद, नवीन चंद्रा, रमेश लाल, पंकज कुमार कुलकोडिया, रोहित कांत, नवीन चंद्र आर्या, मुकेश कुमार, सुशील बाराकोटी, दिगपाल आर्य, नवीन चंद्र, सुभाष चंद्र, भूपाल कोहली, नरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, राजेंद्र प्रसाद, दर्शन कुमार आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में रविवार को क्रॉस कंट्री दौड़ का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार



मैंने प्रेम का मार्ग अपनाने का फैसला किया है। नफरत एक बहुत बड़ा बोझ है, जिसे सहन करना असंभव है।

-मार्टिन लूथर किंग, अमेरिकी सिविल राइट्स एक्टिविस्ट


## चंद्रपथ से वापसी

मानव अंतरिक्ष इतिहास में आर्टेमिस 2 की सफलता एक निर्णायक मोड़ है। 56 वर्षों बाद मनुष्य फिर से गहरे अंतरिक्ष में पहले से भी अधिक दूरी तय कर पाया, जहां वह अंतिम बार अपोलो 17 अभियान के दौरान पहुंचा था। यह उपलब्धि केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक और भविष्यगामी भी है। इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर उतरना नहीं, बल्कि उसके चारों ओर मानवयुक्त यान से परिक्रमा कर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना था। पर यह चंद्रमा पर उतरने से कम महत्वपूर्ण नहीं, क्योंकि इसने साबित किया कि आधुनिक तकनीक, जीवन-समर्थन प्रणाली और अंतरिक्ष यान अब मानव को चंद्रमा तक भेजने और वापस लाने में सक्षम हैं।

नासा के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर अमित क्षत्रिय का यह बयान कि चंद्रमा का रास्ता खुल गया है, केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि एक ठोस वैज्ञानिक संकेत है कि अब अगला चरण और भी जटिल होगा, यानी चंद्रमा पर स्थायी उपस्थिति। इस अभियान में करीब 93 अरब डॉलर के खर्च को 'दीर्घकालिक निवेश' के रूप में देखना चाहिए। अंतरिक्ष तकनीक का हर बड़ा कदम, चाहे वह जीपीएस हो, सेटेलाइट संचार या मौसम पूर्वानुमान, आखिरकार मानव जीवन को बेहतर बनाता है। आर्टेमिस-2 ने नई पीढ़ी के रॉकेट, उन्नत हीट शील्ड और सुरक्षित क्रू मॉड्यूल जैसी तकनीकों को परखा, जो आगे के मिशनों की रीढ़ बनेंगी। इस मिशन की सबसे बड़ी उपलब्धि वह 'विश्वास' बहाली है, जिसने भरोसा दिलाया कि मानव फिर से चंद्रमा तक और उससे आगे भी जा सकता है, हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि अब चंद्रमा पर उतरना आसान हो जाएगा, लेकिन यह अवश्य है कि इसके सबसे कठिन चरण मानव सुरक्षा और वापसी सफलतापूर्वक पार कर लिया गया है। अब अगला लक्ष्य मानव को चंद्र सतह पर उतारना है, जिसकी संभावना इस दशक के अंत तक जताई जा रही है। भविष्य की दृष्टि से चंद्रमा केवल गंतव्य नहीं, बल्कि आगे की अंतरग्रहीय यात्रा के लिए 'लॉन्च पैड' बन सकता है। वहां पानी की उपलब्धता ईंधन उत्पादन और मानव बस्तियों की संभावना को जन्म देती है। यदि चंद्रमा पर स्थायी आधार स्थापित होता है, तो मंगल जैसे दूरस्थ अभियानों की लागत और जटिलता दोनों कम हो सकती हैं, हालांकि चंद्रमा से हीलियम-3, टाइटेनियम या अन्य खनिजों को पृथ्वी पर लाना अभी तकनीकी और आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह संभावना भविष्य की 'स्पेस इकोनॉमी' का आधार बन सकती है। मंगल पर 2030 के दशक तक मानव भेजने की नासा की योजना महत्वाकांक्षी अवश्य है, पर असंभव नहीं। आर्टेमिस-2 जैसी सफलताएं इस दिशा में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। यह भी स्पष्ट है कि यह यात्रा केवल मशीनों की नहीं, बल्कि उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के साहस की भी है, जिन्होंने इस जोखिम को स्वीकार किया।

भारतीय संदर्भ में, यह मिशन इसरो के लिए भी प्रेरणास्रोत है। भारत के चंद्रयान और गगनयान कार्यक्रमों को इससे तकनीकी और रणनीतिक दिशा मिलेगी। वैश्विक सहयोग की संभावना भी बढ़ेगी। कुल मिलाकर आर्टेमिस-2 केवल एक मिशन नहीं, बल्कि मानवता की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को लांघने का साहस रखती है।

# उत्तर प्रदेश: विकास और चुनौतियों के बीच संघर्ष





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संरचना में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लगभग 30.80 ट्रिलियन के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ यह भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है। राज्य की आर्थिक संरचना कृषि, सेवा क्षेत्र और तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश पर आधारित है। हाल के वर्षों में यहां बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय विकास हुआ है, जिससे राज्य की आर्थिक क्षमता में वृद्धि देखने को मिली है, किंतु इसके साथ-साथ कई गंभीर सामाजिक आर्थिक चुनौतियां भी मौजूद हैं।

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार लंबे समय से कृषि रही है। राज्य, देश में गेहूं, चावल, गन्ना, आलू और दालों के उत्पादन में अग्रणी है। गन्ना उत्पादन और चीनी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। बड़ी संख्या में लोग कृषि और उससे जुड़े कार्यों पर निर्भर हैं, जिससे यह क्षेत्र रोजगार का प्रमुख स्रोत बना हुआ है, हालांकि खेती पर अत्यधिक निर्भरता और छोटे भूमि जोतों के कारण किसानों की आय सीमित रहती है। आधुनिक कृषि तकनीकों की कमी और बाजार तक सीमित पहुंच भी किसानों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है।

सेवा क्षेत्र ने भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी से विस्तार किया है। लखनऊ, नोएडा, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े क्षेत्रों का विकास हुआ है। विशेष रूप से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आईटी कंपनियों और डेटा सेंटरों की स्थापना ने राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाया है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए व राज्य की आय में वृद्धि हुई है।

औद्योगिक क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, वस्त्र उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है। सरकार द्वारा निवेश आकर्षित करने के लिए आयोजित सम्मेलनों और नीतिगत सुधारों ने राज्य को औद्योगिक दृष्टि से अधिक आकर्षक बनाया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी से हो रहा विकास उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का एक प्रमुख आधार बन गया है। राज्य में कई आधुनिक एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों को आपस में बेहतर तरीके से जोड़ दिया है। इससे न केवल यातायात में सुधार हुआ है, बल्कि व्यापार और उद्योग को भी गति मिली है। हवाई अड्डों का विस्तार, मेट्रो परियोजनाएं और स्मार्ट सिटी योजनाएं शहरी विकास को नई दिशा दे रही हैं। साथ ही, डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स हब की स्थापना से राज्य की आर्थिक संरचना अधिक सुदृढ़ हो रही है।

राज्य का कुल आर्थिक आकार बड़ा है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय अभी भी राष्ट्रीय औसत से कम बनी हुई है। इसका मुख्य कारण राज्य की विशाल जनसंख्या है। बड़ी आबादी के कारण संसाधनों पर दबाव बढ़ता है और आय का वितरण समान रूप से नहीं हो पाता। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्पष्ट असमानता देखने को मिलती है, जहां शहरों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहीं गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर सीमित हैं। यह असंतुलन सामाजिक और आर्थिक विकास को प्रभावित करता है।

मानव विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा की पहुंच में सुधार हुआ है, लेकिन गुणवत्ता अभी भी चिंता का विषय है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे और शिक्षकों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी और चिकित्सा सुविधाओं का अभाव लोगों के जीवन स्तर को प्रभावित करता है। मातृ और शिशु मृत्यु दर में सुधार हुआ है, लेकिन यह अभी भी अपेक्षाकृत अधिक है।

रोजगार के क्षेत्र में भी राज्य को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में युवा रोजगार के बेहतर अवसरों की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। यह प्रवृत्ति राज्य की आर्थिक संरचना को कमजोर करती है और स्थानीय स्तर पर विकास को प्रभावित करती है, हालांकि कौशल विकास योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इनका प्रभाव अभी व्यापक स्तर पर दिखाई देना बाकी है।

सामाजिक स्तर पर भी कई चुनौतियां मौजूद हैं, जिनमें गरीबी, लैंगिक असमानता और सामाजिक भेदभाव प्रमुख हैं। महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी कम है और उन्हें शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।

राजनीतिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक है, क्योंकि यह लोकसभा की सबसे अधिक सीटें प्रदान करता है और केंद्र की सत्ता पर सीधा प्रभाव डालता है। राज्य में स्थिर सरकार और नीतिगत निरंतरता ने हाल के वर्षों में विकास परियोजनाओं को गति दी है, किंतु जातीय समीकरण, क्षेत्रीय असमानताएं और चुनावी प्रतिस्पर्धा नीति निर्माण को जटिल भी बनाते हैं।

सरकार द्वारा निवेश को आकर्षित करने, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और प्रशासनिक सुधार लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस और विभिन्न विकास योजनाओं के माध्यम से राज्य को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। यदि इन प्रयासों को शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के साथ संतुलित किया जाए, तो राज्य अपनी विशाल जनसंख्या को एक मजबूत आर्थिक संसाधन में बदल सकता है।

लगभग 30.80 ट्रिलियन के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ यूपी भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है, किंतु इसके साथ-साथ कई गंभीर सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां भी मौजूद हैं।

## सोशल फोरम

### दु:ख की थाह



वाचस्पति शर्मा
सीरियल व्यंगकार

किसी अपने के जाने का दु:ख कितना गहरा हो सकता है, शायद इसे शब्दों में पूरी तरह बांध पाना मुमकिन ही नहीं। कभी-कभी यह पीड़ा इतनी अथाह हो जाती है कि पीछे छूट गए लोग उसी याद में घुलते-घुलते खुद को भी खो बैठते हैं। यह सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है; प्रकृति के कई अन्य जीवों में भी यह विरह, यह लगाव, यह टूटन साफ़ दिखाई देती है।

शायद यही वजह है कि दुनिया की कई सभ्यताओं ने 'अंतिम विदाई' को सिर्फ एक दुखद पल नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और सांस्कृतिक अनुष्ठान बना दिया। एक ऐसा अनुष्ठान, जहां आँसू होते हैं- पर उनके साथ स्मृतियों की गरमाहट भी होती है, जहां दर्द होता है, पर उसके बीच जीवन की खूबसूरती को भी याद किया जाता है।

दक्षिण भारत में यह परंपरा अक्सर देखने को मिलती है, जहां अंतिम यात्रा को सजाया-संवारा जाता है, मानो किसी को आख़िरी बार पूरे सम्मान और स्नेह के साथ विदा किया जा रहा हो। वहीं उत्तर भारत में यह कम देखने को मिलता है, लेकिन आदिवासी समुदायों में यह भाव और भी गहराई से जिया जाता है। आदिवासियों ने जीवन के हर पहलू के लिए गीत रचे हैं। जन्म के लिए, मृत्यु के लिए, फसल काटने के लिए, रोपाई के लिए और यहां तक कि बकरियां चराने के लिए भी गीत रच डाले, मानो वे हर अनुभव को एक भावना, एक धुन में ढाल देते हैं, ताकि जीवन कभी भी नीरस न लगे और मृत्यु भी सिर्फ अंत न लगे।

मुझे याद आता है कि मल्लिका साराभाई ने अपनी मां, मृणालिनी साराभाई के पार्थिव शरीर के सामने नृत्य प्रस्तुत किया था। यह सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं था- यह एक बेटी का अपनी मां के प्रति अंतिम प्रेम-प्रदर्शन था, एक श्रद्धांजलि जो शब्दों से कहीं अधिक गहरी थी।

इसी तरह, दारा सिंह जी ने अपने बेटे बिंदु से कहा था, 'मेरे जाने के बाद तुम पार्टी करना।' और सच में, उनके जाने के बाद बिंदु ने घर में एक पार्टी रखी। आधी रात को जब अमिताभ बच्चन वहां पहुंचे, तो वे यह देखकर हैरान रह गए कि जहां शोक के बजाय जश्न का माहौल है, लेकिन कुछ ही पलों में वे उस भावना को समझ गए कि यह जश्न किसी के जाने का नहीं, बल्कि उसके जीए हुए जीवन का था। आजकल ईरान से भी कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जहां लोग अपने शहीदों को गीत और संगीत के साथ विदा कर रहे हैं। यह दृश्य दिल को छू लेने वाले हैं। दर्द भी है, गर्व भी है और एक अजीब सी शांति भी।

-फेसबुक वॉल से

## प्रसंगवश

### सपनों व संघर्षों के बीच उलझती बालिका शिक्षा

इस वर्ष बिहार बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परिणामों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि अवसर मिले, तो लड़कियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। 10वीं परीक्षा में कुल पास प्रतिशत लगभग 81 से 82 प्रतिशत के आसपास रहा, जिसमें लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों की तुलना में बेहतर रहा। कई टॉप रैंक पर भी लड़कियों का दबदबा देखने को मिला। इसी तरह 12वीं (इंटरमीडिएट) परीक्षा में भी लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जहां उनका पास प्रतिशत लगभग 85 से 86 प्रतिशत तक पहुंचा, जो लड़कों से अधिक था।

यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उन संघर्षों की जीत है, जो बिहार के ग्रामीण इलाकों की लाखों लड़कियां हर दिन लड़ती हैं। सीमित संसाधनों, पारिवारिक दबाव और सामाजिक बंधनों के बावजूद उनका यह प्रदर्शन एक नई दिशा की ओर इशारा करता है।



काजल सहनी
एक्टिविस्ट

अगर पिछले पांच वर्षों (2021 से 2026) के रुझानों पर नजर डालें, तो यह साफ दिखता है कि बिहार, विशेषकर उसके ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा में निरंतर सुधार हुआ है। 2021 में जहां 10वीं और 12वीं के परिणामों में लड़कियों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम थी, वहीं धीरे-धीरे उनकी उपस्थिति और सफलता दर दोनों में वृद्धि हुई है। हर साल उत्तीर्ण प्रतिशत में 2 से 5 फीसदी तक का सुधार देखा गया है। यानी अब गांवों की लड़कियां न केवल परीक्षा में बैठ रही हैं, बल्कि टॉपर्स की सूची में भी अपनी जगह बना रही हैं। यह बदलाव केवल शिक्षा प्रणाली का परिणाम नहीं है, बल्कि सामाजिक सोच में धीरे-धीरे आ रहे परिवर्तन का भी संकेत है।

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा की राह अभी भी पूरी तरह आसान नहीं है। कई लड़कियों के भीतर पढ़ने का गहरा जुनून होता है, लेकिन आर्थिक तंगी उनके सपनों के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बन जाती है। कई परिवारों की स्थिति ऐसी होती है कि वे अपनी बेटियों की पढ़ाई पर खर्च नहीं कर पाते और उन्हें कम उम्र में ही घर के कामों या मजदूरी में लगा देते हैं। कुछ मामलों में सामाजिक दबाव इतना अधिक होता है कि 12वीं के बाद ही लड़कियों की शादी कर दी जाती है, जिससे उनका आगे पढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का सपना अधूरा रह जाता है। यह स्थिति आज भी कई गांवों की हकीकत है।

चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी स्कूलों की कमी, शिक्षकों की अनुपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है। लड़कियों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसके कारण कई परिवार उन्हें दूर के स्कूलों में भेजने से हिचकिचाते हैं। इसके अलावा, बाल विवाह की समस्या भी शिक्षा में बड़ी बाधा बनी हुई है। जब तक समाज में इस सोच को नहीं बदला जाएगा कि लड़कियों की जगह केवल घर तक सीमित नहीं है, तब तक शिक्षा का यह संघर्ष जारी रहेगा।

इस स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक है कि सरकार, समाज और परिवार मिलकर एक समन्वित प्रयास करें। सबसे पहले, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। हर गांव के करीब ही गुणवत्तापूर्ण स्कूल और कॉलेज होने चाहिए, जहां लड़कियां सुरक्षित वातावरण में पढ़ सकें। इसके साथ ही, परिवारों को जागरूक करना जरूरी है कि वे अपनी बेटियों की शिक्षा को भी लड़कों के बराबर प्राथमिकता दें। पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ सख्त कदम उठाने होंगे।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



महात्मा फुले ने भेदभाव मिटाने के लिए पूरी जिंदगी काम किया, लेकिन आज की सरकार इस भावना के खिलाफ काम कर रही है। मेरी सरकार के दौरान शुरू की गई कई जनकल्याणकारी योजनाओं को इस सरकार ने बंद कर दिया। ये योजनाएं आम लोगों के लिए बेहद जरूरी थीं।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही है। वर्तमान सरकार ने किसी भी योजना को बंद नहीं किया है। कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को न केवल बंद किया, बल्कि उन्हें बिगाड़ने का काम कर जनता के हितों से खिलवाड़ किया।

-डॉ. प्रेमचंद बैरवा
उप-मुख्यमंत्री, राजस्थान



# वार्ता विफल: क्या थमेगा खाड़ी युद्ध का संकट!



विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत फिलहाल विफल हो गई है। पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही यह वार्ता खाड़ी युद्ध को खत्म करने का आखिरी मौका प्रतीत हो रही थी। फरवरी 2026 में शुरू हुए इस संघर्ष ने पहले ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को प्रभावित कर दिया, हजारों लोगों की जान ले ली और तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं। दो हफ्ते का सीजफायर फिलहाल टिका हुआ है, इस्लामाबाद की बातचीत फिलहाल नाकाम रही है और अब अगर जंग लंबी खिंच गई तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, राजनीति और आम लोगों की जिंदगी इसकी चपेट में आ जाएगी।

सबसे बड़ा झटका ऊर्जा बाजार को लगेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया का करीब 20-25 प्रतिशत तेल गुजरता है। अगर ईरान ने फिर से इसे ब्लॉक किया या हमले बढ़ाए, तो रोजाना 15-20 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई रुक सकती है। अभी तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच चुकी हैं। लंबी जंग की स्थिति में ये 130 से 170 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने इसे अब तक का सबसे गंभीर सप्लाई शॉक बताया है। गैस की कीमतें भी दोगुनी हो जाएंगी। नतीजा साफ है- हर जगह महंगाई का कहर। पेट्रोल, डीजल, ट्रांसपोर्ट, खाने-पीने की चीजें- सब कुछ महंगा हो जाएगा।

विकसित देशों में महंगाई की आशंका बढ़ जाएगी, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत, चीन और दक्षिण कोरिया सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी, क्योंकि ये तेल के बड़े आयातक हैं। ग्लोबल इकोनॉमी पर असर और भी गहरा होगा। अर्थशास्त्री चेतावनी दे रहे हैं कि अगर युद्ध कुछ महीनों तक चला, तो दुनिया की जीडीपी ग्रोथ 0.2 से 1.2 प्रतिशत तक गिर सकती है। शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल मचेगी, सप्लाई चेन बाधित होंगी और यूरोप तथा एशिया में रीस संकट और गहरा जाएगा। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तो बुरी तरह चोट खाएगी। सऊदी अरब, यूएई और कुवैत में बुनियादी ढांचे पर हमले हो चुके हैं।

संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन के अनुसार, अरब देशों की जीडीपी पर 120 से 194 बिलियन डॉलर का भारी असर पड़ सकता है। मानवीय संकट भी विकराल रूप ले लेगा। अभी तक हजारों मौतें हो चुकी हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। शरणार्थी संकट यूरोप और एशिया तक फैल सकता है। स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। इसके साथ ही पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि युद्ध में तेल सुविधाओं और रिफाइनरियों पर हमले से प्रदूषण बढ़ेगा।

वैश्विक राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका-ईरान जंग से रूस और चीन को अप्रत्यक्ष फायदा हो सकता है। रूस यूक्रेन मोर्चे पर अपना ध्यान बंटा सकेगा, जबकि चीन सस्ते दामों पर तेल खरीदकर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करेगा। खाड़ी देश अमेरिका पर अपना भरोसा खो सकते हैं। नाटो गठबंधन में दरारें और गहरी होंगी। मध्य पूर्व में नए गठजोड़ बन सकते हैं। इजराइल-लेबनान फ्रंट एक बार फिर गर्म हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ेगी।

भारत पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ेगा। हमारा लगभग 40 प्रतिशत तेल और 80 प्रतिशत गैस मध्य पूर्व से आता है। तेल की कीमतें बढ़ने से आयात बिल आसमान छू जाएगा, रुपया और कमजोर होगा तथा मुद्रास्फीति पर काबू पाना मुश्किल हो जाएगा। सरकार के उच्च अधिकारी भी मान रहे हैं कि जंग लंबी खिंचने से महंगाई बढ़ेगी, आर्थिक ग्रोथ पर दबाव पड़ेगा और विदेशों में रह रहे भारतवंशियों द्वारा भेजे जाने वाले धन की आवक प्रभावित होगी। खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीय मजदूर पहले ही वापस लौट रहे हैं। लंबी जंग का मतलब सिर्फ ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा होगा। उर्वरक महंगे होने से फसलें प्रभावित होंगी, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी।

गरीब देशों में भुखमरी बढ़ेगी और विकासशील दुनिया में आर्थिक अस्थिरता फैल जाएगी। अगर मसले का हल निकलता है, तो पूरी दुनिया को बड़ी राहत मिलेगी, लेकिन अगर बात नहीं बनी, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ चेतावनी दे दी है- फिर से बड़े हमले हो सकते हैं। ईरान भी किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा है। दोनों तरफ से सख्त रुख अपनाया जा रहा है। अगर जंग दोबारा शुरू होती है तो आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

अमेरिका-ईरान के बीच चल रही बातचीत फिलहाल विफल हो गई है। इस बातचीत पर पूरी दुनिया की निगाहें थीं। अब अहम सवाल यह है कि इस संकट का हल कैसे निकलेगा?

## सामयिकी

### पूर्व सांसदों की पेंशन और समानता का सिद्धांत

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सवाल किया है कि पूर्व सांसदों को दी जाने वाली पेंशन और सुविधाओं का औचित्य क्या है, तो इसने देशभर में एक नई चर्चा को जन्म दिया। यह प्रश्न केवल एक प्रशासनिक या कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा हुआ विषय है। आखिर क्यों एक वर्ग को विशेषाधिकार प्राप्त हों, जबकि अन्य वर्गों को कड़े नियमों और सीमाओं में बांध दिया जाए? यह सवाल आम नागरिक के मन में स्वाभाविक रूप से उठता है।

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि जनता द्वारा चुने जाते हैं, ताकि वे उनके हितों की रक्षा कर सकें और समाज के विकास के लिए काम करें। यह एक जिम्मेदारी है, कोई स्थायी लाभ प्राप्त करने का माध्यम नहीं। परंतु जब जनप्रतिनिधियों को आजीवन पेंशन, कई प्रकार की सुविधाएं और विशेष अधिकार दिए जाते हैं, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या यह व्यवस्था सेवा की भावना को बढ़ावा देती है, या इसे एक विशेषाधिकार में बदल देती है। एक सामान्य सरकारी कर्मचारी को पेंशन पाने के लिए वर्षों तक सेवा करनी पड़ती है। कई बार 20 से 30 वर्षों की नौकरी के बाद ही वह इस सुविधा का हकदार बनता है। इसके विपरीत, सांसद बनने के लिए केवल एक कार्यकाल, जो कि पांच वर्षों का होता है, ही पर्याप्त है। यह असमानता न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारतीय संविधान समानता के सिद्धांत पर आधारित है। हर नागरिक को समान अवसर और समान अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन जब एक विशेष वर्ग को अतिरिक्त लाभ दिए जाते हैं, तो यह सिद्धांत कमजोर पड़ता दिखाई देता है। पूर्व सांसदों की पेंशन का मुद्दा इसी असमानता का प्रतीक बन गया है। जब देश का एक बड़ा वर्ग आर्थिक संघर्ष से जूझ रहा हो, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से परेशान हो, तब ऐसे विशेषाधिकार जनता के बीच असंतोष पैदा करते हैं। यह असंतोष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक भी होता है।

यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इन पेंशनों और सुविधाओं का खर्च अंततः जनता के करों से ही पूरा होता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या यह संसाधनों का सही उपयोग है? क्या यह धन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में निवेश नहीं किया जाना चाहिए? हालांकि यह तर्क दिया जा सकता है कि कुल बजट में यह खर्च बहुत अधिक नहीं है, लेकिन मुद्दा केवल राशि का नहीं, बल्कि सिद्धांत का है। यदि एक व्यवस्था असमानता को बढ़ावा देती है, तो उसे केवल इसलिए सही नहीं ठहराया जा सकता कि उसका आर्थिक प्रभाव सीमित है।

इस विषय पर एक पक्ष यह भी है कि जनप्रतिनिधियों को कार्यकाल के बाद कुछ सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनका तर्क है कि सांसद बनने के बाद व्यक्ति को अपने पेशे, व्यवसाय या नौकरी से दूरी बनानी पड़ती है। ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके पास स्थायी आय का स्रोत नहीं होता। इसके अलावा, यह भी कहा जाता है कि यदि जनप्रतिनिधियों को आर्थिक सुरक्षा नहीं दी जाएगी, तो वे स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्णय लेने में सक्षम नहीं रहेंगे। वे बाहरी प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं, जिससे लोकतंत्र की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यह तर्क अपनी जगह पर उचित प्रतीत होते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वर्तमान व्यवस्था संतुलित है, या यह सुविधा 'आवश्यकता' से आगे बढ़कर 'विशेषाधिकार' का रूप ले चुकी है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# व्हील्स

# कम कीमत में पावरफुल इलेक्ट्रिक SUV

Tata Passenger Electric Mobility ने भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए किफायती कीमत में दमदार 4x4 इलेक्ट्रिक एसयूवी का विकल्प पेश किया है। कंपनी ने अपनी चर्चित Tata Harrier EV लाइनअप में नया Fearless+ QWD 75 वेरिएंट शामिल किया है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 26.49 लाख रुपये रखी गई है। यह नया वेरिएंट खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर लाया गया है, जो सीमित बजट में भी पावरफुल क्वॉड व्हील ड्राइव इलेक्ट्रिक एसयूवी का अनुभव लेना चाहते हैं। इससे पहले कंपनी का Empowered QWD 75 वेरिएंट बाजार में उपलब्ध था, जिसकी कीमत 28.99 लाख रुपये है। नए वेरिएंट के आने से अब ग्राहकों के पास ज्यादा किफायती विकल्प मौजूद है।

### तकनीकी दृष्टि से बेहद खास QWD मॉडल

टाटा हैरियर ईवी का QWD (Quad Wheel Drive) वेरिएंट तकनीक और प्रदर्शन के लिहाज से बेहद खास है। यह Tata Motors की पहली ऑल-व्हील ड्राइव (AWD) इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जिसमें दो इलेक्ट्रिक मोटर एक फ्रंट एक्सल पर और दूसरी रियर एक्सल पर दी गई हैं। फ्रंट मोटर 158 पीएस की पावर जनरेट करती है, जबकि रियर मोटर 238 पीएस की ताकत देती है। दोनों मोटर मिलकर वाहन को मजबूत ऑल-व्हील ड्राइव क्षमता प्रदान करती हैं।










### फीचर्स और कम्फर्ट का बेहतरीन मेल

फीचर्स के मामले में भी यह एसयूवी काफी समृद्ध है। इसमें 205 मिमी का ग्राउंड क्लीयरेंस और 502 लीटर का बड़ा बूट स्पेस दिया गया है, जो इसे फैमिली और एडवेंचर दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है। 19 इंच के अलॉय व्हील्स और आकर्षक एक्सटीरियर डिजाइन इसकी सड़क पर मौजूदगी को और प्रभावशाली बनाते हैं। इंटीरियर की बात करें, तो इसमें 6-वे पावर्ड ड्राइवर सीट्स (मेमोरी फंक्शन के साथ), वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल जैसी सुविधाएं दी गई हैं। साथ ही 14.5 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर इसे हाई-टेक अनुभव प्रदान करते हैं। साउंड सिस्टम के लिए इसमें डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट के साथ 10-स्पीकर वाला जेबीएल ऑडियो सिस्टम दिया गया है, जो केबिन के अंदर शानदार ऑडियो अनुभव देता है। इसके अलावा 540 डिग्री कैमरा, एंबिएंट लाइटिंग, एनएफसी कार्ड एक्सेस और वीइकल-टू-लोड (V2L) और वीइकल-टू-वीइकल (V2V) जैसी आधुनिक तकनीकें भी इसमें शामिल हैं।

### हर रास्ते पर मजबूत पकड़

इसका कुल टॉर्क 504 न्यूटन मीटर तक जाता है, जो इसे मुश्किल रास्तों, जैसे कच्ची सड़कों, पहाड़ी इलाकों और ऑफ-रोड ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाता है। ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए इसमें 6 टेरेन मोड दिए गए हैं, जिनमें नॉर्मल, सैंड, स्नो, मड, रॉक क्रॉल और कस्टम मोड शामिल हैं। इसके साथ ही ऑफ-रोड असिस्ट फीचर भी मौजूद है, जो कठिन परिस्थितियों में ड्राइविंग को आसान बनाता है।

### दमदार परफॉर्मेंस और शानदार रेंज

यह इलेक्ट्रिक एसयूवी acti.ev+ platform प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है, जो इसे मजबूती और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। परफॉर्मेंस की बात करें, तो यह कार मात्र 6.3 सेकेंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है, जो इसे अपने सेगमेंट में काफी तेज बनाती है। Fearless+ QWD 75 वेरिएंट में 75 kWh का बैटरी पैक दिया गया है। कंपनी के अनुसार, इसकी प्रमाणित (सर्टिफाइड) रेंज 622 किलोमीटर तक है, जबकि वास्तविक परिस्थितियों में यह लगभग 450 से 500 किलोमीटर तक चल सकती है। चार्जिंग के लिहाज से भी यह काफी सुविधाजनक है। 120 किलोवॉट के डीसी फास्ट चार्जर की मदद से इसे केवल 25 मिनट में 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। यह फीचर लंबी यात्राओं के दौरान समय की बचत में मदद करता है।

### सुरक्षा और भरोसे का पैकेज

सुरक्षा के लिहाज से भी यह एसयूवी काफी भरोसेमंद है। इसमें मल्टीपल एयरबैग्स, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (ADAS) और 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी गई है। इसके साथ ही कंपनी अनलिमिटेड लाइफटाइम बैटरी वॉरंटी भी दे रही है, जो ग्राहकों के लिए अतिरिक्त भरोसा प्रदान करती है।



कुल मिलाकर, नया Fearless+ QWD 75 वेरिएंट उन ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरा है, जो किफायती कीमत में पावर, परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स से लैस इलेक्ट्रिक एसयूवी खरीदना चाहते हैं।

---

**मॉय फर्स्ट राइड**

## पापा के साथ सड़क पर आत्मविश्वास की उड़ान



आत्म सशक्तिकरण का एक माध्यम गाड़ी चलाना भी है। साधारण रूप से इसे मात्र एक आवश्यकता की श्रेणी में रखा जा सकता है, किंतु महिलाओं के लिए यह इससे बढ़कर है। जब मैंने गाड़ी चलाना सीखा था, तब मेरा पहला अनुभव भी खास था। मैंने गाड़ी चलाना अपने पिता से सीखा था, जब मैं कक्षा-12 की छात्रा थी। मुझे आज भी याद है, एक शांत सी सुबह थी। मैंने पापा से सकुचाते हुए कहा कि पापा मुझे कार चलाना सिखाना है। पापा ने मेरी इस बात को खुशी-खुशी स्वीकार किया और कहा- यह बहुत अच्छी बात है।

अगली सुबह पापा मुझे पास के खाली मैदान में ले गए। शुरुआत आसान नहीं थी। कभी क्लच जल्दी छोड़ देती, तो गाड़ी झटके से बंद हो जाती। कभी ब्रेक और एक्सीलेटर में गड़बड़ हो जाती। मैं परेशान हो जाती, लेकिन पापा कभी नाराज नहीं हुए। वे हर गलती को धैर्य से समझाते और कहते, "गलतियां ही हमें बेहतर बनाती हैं।" धीरे-धीरे मेरी पकड़ मजबूत होती गई। हर दिन थोड़ी-थोड़ी प्रैक्टिस के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ने लगा। पापा हमेशा बगल में बैठकर मुझे दिशा देते, लेकिन उन्होंने कभी मुझे पूरी तरह अपने ऊपर निर्भर नहीं होने दिया। वे चाहते थे कि मैं खुद फैसले लेना सीखूं। ऐसे पापा मुझे धीरे-धीरे मैदान में कार चलाना सिखा दिया। फिर कुछ दिन बाद पापा ने कहा आज रोड पर गाड़ी चलाओ। ये सुनकर मैं घबरा गई। मैंने घबराते हुए कहा, "पापा, मुझसे नहीं होगा।" उन्होंने मुस्कुराकर जवाब दिया, "तुम कर सकती हो, बस खुद पर भरोसा रखो।" उनकी आवाज में इतना विश्वास था कि मेरा डर धीरे-धीरे कम होने लगा। फिर मैं अगली सुबह रोड पर कार लेकर निकली। पापा साथ में थे। मुझे देखकर रास्ते में छोटी-छोटी बच्चियां खुश हो रही थीं और जैसे कुछ महिलाओं को देखकर मैं सोचती थी कि मैं एक दिन ऐसे ही गाड़ी चलाऊंगी, वैसा ही कोई सपना उनकी आंखों में चमकता हुआ मुझे दिखा। गाड़ी महिलाएं चलाएं या पुरुष इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह एक बेसिक लाइफ स्किल है, जो हर किसी को आनी चाहिए।

गाड़ी चलाना मात्र आवश्यकता नहीं है, कई बार जब दुनियाभर की चिताओं में व्यक्ति घिरा होता है, तो एक छोटी सी राइड से दोबारा फ्रेश हो जाता है। घर का सामान लाना हो या कहीं दूर जाना हो, अगर गाड़ी चलाना आता है, तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। यह अनुभव मेरे लिए हमेशा खास रहेगा, क्योंकि इसमें सिर्फ ड्राइविंग नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक छिपे हैं। पापा की सीट से शुरू हुआ यह सफर आज मेरी अपनी ड्राइव बन चुका है।

*-अदिति शुक्ला, बरेली*

---

## गर्मियों में भी ठंडा रहेगा इंजन, अपनाएं ये 5 टिप्स

गर्मियों के मौसम में दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जाता है। ऐसी भीषण गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि आपकी बाइक के इंजन पर भी पड़ता है। लगातार गर्मी में चलने से इंजन ओवरहीट हो सकता है, जिससे पिस्टन और रिंग्स पर असर पड़ता है, बाइक की पावर घटती है और माइलेज भी कम हो जाता है। खासकर यदि आप रोजाना 50 से 100 किलोमीटर तक बाइक चलाते हैं, तो कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर आप इंजन को सुरक्षित और ठंडा रख सकते हैं। सही मेंटेनेंस, समझदारी भरी राइडिंग और छोटे-छोटे उपाय आपकी बाइक को गर्मी में भी बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करते हैं।

- **कूलेंट और इंजन ऑयल का रखें खास ध्यान**
  आजकल 150cc से ज्यादा क्षमता वाली अधिकांश बाइक्स लिक्विड-कूल्ड सिस्टम के साथ आती हैं। ऐसे में गर्मी शुरू होने से पहले कूलेंट का स्तर जरूर जांच लें। यदि यह कम हो, तो हमेशा कंपनी द्वारा सुझाया गया कूलेंट ही डालें। साधारण पानी या सस्ते विकल्प इंजन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हर 5000 किलोमीटर पर कूलेंट बदलवाना बेहतर रहता है। इसी तरह इंजन ऑयल भी गर्मी में जल्दी पतला हो जाता है। ऐसे में 10W-40 या 15W-50 ग्रेड का फुल सिंथेटिक ऑयल इस्तेमाल करना उचित है, जो उच्च तापमान में भी अपनी क्षमता बनाए रखता है। हर 3000-4000 किलोमीटर पर ऑयल बदलवाना चाहिए। एयर-कूल्ड बाइक्स में ऑयल का स्तर हमेशा सही रखें, ताकि इंजन अंदर से ठंडा बना रहे।
- **रेडिएटर और इंजन फिन्स की सफाई जरूरी**
  गर्मी के मौसम में धूल और गंदगी रेडिएटर पर जम जाती है, जिससे कूलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता कम हो जाती है। हर 10-15 दिन में सॉफ्ट ब्रश या हल्के प्रेशर वॉश से रेडिएटर फिन्स साफ करें। अगर आपकी बाइक एयर-कूल्ड है, तो इंजन के फिन्स पर जमा गंदगी भी हटाना जरूरी है। साथ ही रेडिएटर फैन की कार्यक्षमता पर नजर रखें। यदि फैन या थर्मोस्टेट खराब हो जाए, तो इंजन का तापमान तेजी से बढ़ सकता है।



### अपनाएं स्मार्ट राइडिंग

तेज रफ्तार हमेशा बेहतर नहीं होती। 80-90 किमी/घंटा की स्पीड पर इंजन और हवा के बीच संतुलन बना रहता है। इससे कूलिंग बेहतर होती है। ट्रैफिक में मध्यम गति बनाए रखें और बार-बार ब्रेक व एक्सीलेरेशन से बचें। लंबी दूरी तय करते समय बीच-बीच में रुककर इंजन को ठंडा होने का समय दें।

### सही पार्किंग और आईडलिंग का ध्यान रखें

तेज धूप में खड़ी बाइक का तापमान बहुत तेजी से बढ़ जाता है। कोशिश करें कि हमेशा छायादार स्थान या पार्किंग शेड में बाइक खड़ी करें। यदि ऐसा संभव न हो, तो यूवी-प्रोटेक्टेड कवर का इस्तेमाल करें। लंबे समय तक ट्रैफिक में इंजन चालू रखने से भी गर्मी बढ़ती है। यदि सिग्नल पर ज्यादा देर रुकना पड़े, तो इंजन बंद कर देना बेहतर होता है। यह आदत इंजन को अनावश्यक गर्म होने से बचाती है।

### टायर, ब्रेक और चेन की नियमित जांच

गर्मी में टायर का प्रेशर सामान्य से बढ़ जाता है, इसलिए सप्ताह में एक बार सुबह के समय टायर प्रेशर जरूर जांचें। सही प्रेशर इंजन पर अतिरिक्त दबाव को कम करता है। ब्रेक पैड्स अगर घिस चुके हों, तो वे ज्यादा गर्मी पैदा करते हैं, इसलिए समय पर बदलवाना जरूरी है। चेन को हर 400-500 किलोमीटर पर लुब्रिकेट करें, क्योंकि सूखी या टाइट चेन इंजन पर अतिरिक्त लोड डालती है।

---

## तेज रफ्तार से ज्यादा जरूरी है सही लेन का चुनाव

**काम की बात**

हम रोज सड़कों और हाईवे पर वाहनों की रफ्तार का अलग-अलग रूप देखते हैं। कहीं कोई तेज गति से आगे निकल रहा होता है, तो कहीं कोई आराम से चल रहा होता है। कई ड्राइवर यह मान लेते हैं कि हाईवे पर जहां जगह मिले, वहीं तेज चलाना सही है, लेकिन असलियत इससे बिल्कुल अलग है। गलत लेन में ड्राइविंग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकती है। हाईवे पर हर लेन का अपना अलग उद्देश्य और जिम्मेदारी होती है। यदि चालक इनका सही ढंग से पालन करें, तो यातायात अधिक व्यवस्थित रहता है और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होती है।

### हाईवे लेन सिस्टम को समझना जरूरी

#### दाहिनी लेन-ओवरटेक के लिए (Fast Lane)

हाईवे की सबसे दाहिनी लेन को फास्ट या ओवरटेक लेन कहा जाता है। यह लेन केवल उन वाहनों के लिए होती है, जिन्हें सामने चल रहे वाहन को पार करना होता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि कोई वाहन लगातार इसी लेन में चलता रहे। सही तरीका यह है कि ओवरटेक करने के बाद तुरंत मिडिल लेन में वापस आ जाएं। लंबे समय तक इस लेन में बने रहना अन्य तेज वाहनों के लिए बाधा बनता है और दुर्घटना की संभावना बढ़ा देता है।

#### मिडिल लेन- संतुलित और सुरक्षित विकल्प (Balanced Lane)

मिडिल लेन को सबसे सुरक्षित और संतुलित माना जाता है। यहां गति सामान्य रहती है न बहुत तेज, न बहुत धीमी। लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह लेन सबसे उपयुक्त होती है। अधिकांश वाहन इसी लेन का उपयोग करते हैं, जिससे ट्रैफिक का प्रवाह सहज बना रहता है और जरूरत पड़ने पर ओवरटेक करना भी आसान होता है।

#### बायीं लेन - धीमी गति वाले वाहनों के लिए (Slow Lane)

हाईवे की बायीं लेन धीमी गति से चलने वाले वाहनों के लिए निर्धारित होती है। इसमें ट्रक, बस, भारी लोड वाले वाहन और कम गति वाली गाड़ियां शामिल होती हैं। इस लेन से सीधे फास्ट लेन में जाना एक बड़ी गलती है। ऐसा करने पर तेज रफ्तार से आ रहे वाहनों से टकराव का खतरा बढ़ जाता है।



### सुरक्षित ड्राइविंग के जरूरी नियम

- लेन बदलने से पहले रियर और साइड मिरर अवश्य देखें।
- बिना इंडिकेटर दिए लेन बदलना खतरनाक हो सकता है, इसलिए हमेशा संकेत दें।
- ओवरटेक करने के बाद फास्ट लेन खाली करें और वापस मिडिल लेन में आ जाएं।
- निर्धारित स्पीड लिमिट का पालन करें।
- सही लेन अनुशासन अपनाना केवल नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। थोड़ा सा सतर्क रवैया और नियमों की समझ सड़क पर बड़े हादसों को टाल सकती है।

**शिवराज सिंह ने 4 जिलों के लिए जारी किया कृषि मसौदा**

**रायसेन (मध्य प्रदेश), एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को मध्य प्रदेश के चार जिलों के लिए एक व्यापक कृषि मसौदा जारी किया। उन्होंने पारंपरिक खेती से हटकर ड्रैगन फ्रूट और एवोकैडो जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को अपनाने का आह्वान किया, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 13 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2595, राज श्री 1980, फ़ॉर्चून कि. 2715, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2395, जय जवान 2125, सचिन 2320, सूरज 2125, अवसर 2100, उजाला 2130, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक (kg) 2500, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2480, स्वास्तिक 2550
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल–(प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4300
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**–पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280, रोज़ा 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**–सोना पक्के आभूषण 152000, सोना गिन्नी 148000, चांदी (पक्की) 2410 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में–**
**चावल :** शरबती– 3800 मसूरी– 1400 बासमती– 7200–8600 परमल– 1200–3900
**दाल दलहन**–काला चना– 2400–3200 साबुत चना दाल– 1000 मूंग साबुत– 5500 राजमा– 7800–12500 दाल उड़द– 5200 साबुत मसूर दाल– 2200 मसूर दाल– 1600 उड़द साबुत– 10200 काबुली चना– 5200–10200 अरहर दाल– 10000 –12600 लोबिया/करमानी– 1300–3800

# तेल की कीमतें और महंगाई तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

## प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर रहेगी नजर, मंगलवार को बंद रहेंगे शेयर बाजार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के अलावा कच्चे तेल की कीमतें भी इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगी। यह सप्ताह अवकाश के कारण छोटा रहेगा, क्योंकि मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहेंगे।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि निफ्टी-50 इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। 24,000 अंक के स्तर को फिर से हासिल करने के बाद बाजार में सतर्क आशावाद दिख रहा था, लेकिन वार्ता विफल होने से निकट अवधि का परिदृश्य बदल गया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ खुल सकते हैं।

इस सप्ताह बाजार पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का भी असर रहेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि विप्रो, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर निवेशकों की नजर रहेगी। इसके अलावा 13 अप्रैल को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और 14 अप्रैल को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े भी जारी होंगे, जो महंगाई के रुझान का संकेत देंगे। पिछले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद बाजार में जोरदार तेजी आई थी। कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया था।

### ...यूं नहीं हो सका अमेरिका-ईरान समझौता

ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने के कारण शांति समझौता नहीं हो सका। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, ईरानी पक्ष ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद बने रहे।

# टीसीएस दे रही 25 हजार फ्रेशर्स को नौकरी

**मुंबई, एजेंसी**





- अधिकारी ने कहा- मांग पर निर्भर करेंगी और भर्तियां
- फिलहाल अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाने की कोई योजना नहीं
- कंपनी ने 2025-26 में दी थी 44,000 ग्रेजुएट्स को नौकरी

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 25,000 नए स्नातकों (फ्रेशर) को नौकरी देने की पेशकश की है। कंपनी ने संकेत दिया है कि आगे की नियुक्तियां बाजार में मांग की स्थिति पर निर्भर करेंगी। टीसीएस के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 44,000 नए स्नातकों की नियुक्ति की थी, जो देश में निजी क्षेत्र में किसी कंपनी द्वारा की गई भर्तियों का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि 2026-27 के दौरान हमने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी देने की पेशकश की है। मांग पर स्थिति स्पष्ट होने के बाद हम और नियुक्तियां करेंगे। पिछले तीन वर्षों से टीसीएस हर साल 40,000 से अधिक फ्रेशर्स को नौकरी दे रही है। कृतिवासन ने कहा कि फिलहाल अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि नए स्नातकों को किसी परियोजना में जोड़ने से पहले करीब नौ महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

वित्त वर्ष 2025-26 में हुई लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के लिए लंबे समय तक करियर के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस छंटनी से कोई सीधा संबंध नहीं था, बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके में बदलाव के कारण वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकता कम हुई है।

कारोबारी माहौल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी के पास परियोजनाओं की पाइपलाइन स्थिर है, जो वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि नई मांग विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक बाजारों से आ रही है, जिसमें लागत अनुकूलन और डिजिटल बदलाव से जुड़े सौदे शामिल हैं।

# महंगाई से बचाने के लिए कोल इंडिया ने खुद उठाया बढ़ती लागत का बोझ

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- पश्चिम एशिया संघर्ष से बेहताशा बढ़ गयीं औद्योगिक डीजल और विस्फोटों की कीमतें

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) उपभोक्ताओं को कोयले की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए बढ़ती कच्चे माल की लागत खुद वहन कर रही है। विस्फोटक और औद्योगिक डीजल जैसे प्रमुख कच्चे माल के खर्च में पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद तेज बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इस अतिरिक्त लागत को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा रहा है, क्योंकि ऐसा करने से कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ सकता है।

कंपनी अपनी खदानों में काम कर रहे ठेकेदारों को बढ़ी हुई डीजल कीमतों का मुआवजा भी दे रही है। खुले खनन में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के प्रमुख घटक अमोनियम नाइट्रेट की कीमत एक अप्रैल तक 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इसके कारण विस्फोटकों की औसत लागत मार्च के अंत तक लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर करीब 49,800 रुपये प्रति टन हो गई। कंपनी की अनुषंगी इकाइयां हर साल करीब नौ लाख टन विस्फोटकों का उपयोग करती हैं और इस पूरी अतिरिक्त लागत को कोल इंडिया खुद वहन कर रही है। डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो मार्च के मध्य में लगभग 92 रुपये प्रति लीटर थी।

### कोयला आयात में कमी

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू कोयले के रिकॉर्ड भंडार और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में मजबूती के कारण फरवरी में कोयला आयात 8.5% घटकर 1.65 करोड़ टन रह गया। एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार, फरवरी 2024–25 में आयात 1.81 करोड़ टन था। वहीं, जनवरी 2026 के 1.66 करोड़ टन के मुकाबले फरवरी में स्थिर रहा।

## एफपीआई ने अप्रैल में शेयर बाजार से निकाले 48,213 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अप्रैल महीने में भी अपनी बिकवाली जारी रखी है।

बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने अप्रैल के पहले 10 दिन में ही 48,213 करोड़ (करीब 5.14 अरब डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ की निकासी की थी, जो अब तक का निकासी का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ का निवेश किया था, जो पिछले 17 माह का उच्चस्तर है।

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों की कुल निकासी बढ़कर 1.8 लाख करोड़ से अधिक हो चुकी है। केवल अप्रैल में ही 10 तारीख तक उन्होंने 48,213 करोड़ निकाले हैं।

विश्लेषकों के अनुसार, यह लगातार बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है।

## भारत में 30 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख हुई पेटेंट आवेदनों की संख्या : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि देश में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के कारण पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या 2025–26 में 30 .2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह संख्या 1,10,375 थी। उल्लेखनीय है कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है।

गोयल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वित्त वर्ष 2025–26 में हमारे पेटेंट आवेदन ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 1 .43 लाख से अधिक हो गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 .2 प्रतिशत की वृद्धि हैं। इसमें से 69 प्रतिशत से अधिक पेटेंट घरेलू स्तर पर दाखिल किए गए हैं, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवोन्मेषकों की अग्रणी भूमिका है। आवेदनों की संख्या में 2016–17 से लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जब यह संख्या 45,444 थी।

**जानकारी**

## कितने बैंक अकाउंट





बैंक अकाउंट महज एक जरूरत नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। इसमें आपकी सैलरी आती है, EMI कटती है, सब्सिडी आती है। ये बैंक के माध्यम से ही होता है। ऐसे में लोग एक से अधिक बैंक खाते खुलवा लेते हैं। लेकिन बड़ा प्रश्न ये है कि आखिर एक व्यक्ति कितन खाते खुलवा सकता है? क्या ज्यादा अकाउंट रखना सही है? तो अगर आप भी इसी दुविधा में फंसे हैं तो ये पूरा आलेख आपके लिए काम की बात है, इसे जरूर पढ़िए–

### आपके काम की बात-

- बैंक अकाउंट जितने चाहें खोल सकते हैं लेकिन हर अकाउंट की जिम्मेदारी भी होती है। ऐसे में समझदारी सीमित अकाउंट रखने में ही है। इससे आपकी फाइनेंशियल लाइफ आसान भी रहेगी और सुरक्षित भी।

### क्या सच लिमिट नहीं है?

- रिजर्व बैंक ने यह तय नहीं किया है कि एक व्यक्ति कितने बैंक खाते खोल सकता है।
- आप अपनी जरूरत के हिसाब से कई अकाउंट खोल सकते हैं, लेकिन ज्यादा अकाउंट का अर्थ हमेशा ज्यादा नियम और जिम्मेदारी होती है।

### बैंक अकाउंट कितने प्रकार के?

जरूरत के हिसाब से अलग–अलग खाते होते हैं–

- **सेविंग अकाउंट :** आम लोगों के लिए, ब्याज मिलता है।
- **सैलरी अकाउंट :** नौकरीपेशा लोगों के लिए, खास फायदा–ये जीरो बैलेंस होते हैं।
- **करंट अकाउंट :** बिजनेस के लिए श्रेष्ठ, यानी ज्यादा ट्रांजेक्शन
- **जॉइंट अकाउंट :** परिवार या पार्टनर के साथ।

इनमें हर अकाउंट का अलग काम और लाभ है।

### अकाउंट जरूरी क्यों?

- सैलरी सीधे खाते में आती है। सरकारी योजनाओं का पैसा मिलता है। ऑनलाइन पेमेंट और UPI इसी से चलते हैं। अब तो बच्चों के लिए भी बैंक अकाउंट खोले जा रहे हैं ताकि शुरुआत से ही बचत की आदत बने साथ ही सरकार स्कॉलरशिप भी इसी में भेजती है।

### ज्यादा अकाउंट रखने में समस्या?

ज्यादा अकाउंट देखने में अच्छा है लेकिन कई समस्याएं भी होती हैं–

- हर खाते में मिनिमम बैलेंस। (कुछ बैंकों में अभी भी जरूरी है)
- डेबिट कार्ड और मेंटेनेंस चार्ज अलग से लगते हैं।
- इससे धीरे–धीरे आपकी बचत कम होने लगती है।

### आईटीआर भरते समय रिस्क संभव

- भारत आपको हर अकाउंट की जानकारी देनी पड़ती है।
- अब कोई सूचना छूट गई तो समस्या होगी।
- इससे ITR फाइलिंग कठिन हो जाता है



**पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव** **महासंग्राम**



# बंगाल को तीन भागों में बांटना चाहती है भाजपा : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार राज्य को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन करना चाहती है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों का विलय बिहार या ओडिशा में किया जा सकता है, जिससे उन क्षेत्रों में रहने वाले बंगालियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

बांकुडा जिले के छटना और ओंडा तथा पूर्वी बर्धमान के खंडघोष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा-भाजपा पश्चिम बंगाल को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन विधेयक लाने की योजना बना रही है। वह बंगाल के कुछ हिस्सों का बिहार या ओडिशा में विलय कर सकती है और वहां के बंगालियों को प्रताड़ित कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को पश्चिम बंगाल की सत्ता से हटाने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का सौदा किया है।

बनर्जी का परोक्ष रूप से यह इशारा, सोशल मीडिया पर सामने आये आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) प्रमुख हुमांयू कबीर के उस वीडियो की ओर था जिसमें वह कथित तौर पर यह कहते हुए सुने गए कि वह बनर्जी को सत्ता से हटाने को शुभेंदु अधिकारी सहित भाजपा नेताओं से संपर्क में हैं। तृणमूल कांग्रेस ने मामले की जांच की मांग की है, जबकि भाजपा और एजेयूपी ने वीडियो को एआई निर्मित बताया है।

# बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं वोटबैंक के सौदागर : योगी

## बोले-केवल भाजपा सरकार के पास है तृणमूल और वामपंथी गुंडों का उपचार

**बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल के सोनामुखी में जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले बांग्लादेश में एक दलित हिंदू की निर्मम हत्या पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी मौन रहीं। उन्हें भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए। कहा कि वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं।

सोनामुखी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट मत दीजिए। योगी ने कहा कि ये लोग नवरात्रि आयोजन में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं।

मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है। भाजपा कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई। स्वरूप घोष, पलाश घोष, उत्पल दास जैसे कार्यकर्ताओं के घर उजाड़ दिए गए। सुशोभन का हाथ काट दिया। सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान किया कि दिल्ली में मोदी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है। स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अब बंगाल में 'खेला' बंद और भाजपा की जीत से विकास शुरू होगा। उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। योगी ने राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रवींद्र नाथ ठाकुर व राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को भी याद किया।

### पहले यूपी में भी दंगे होते थे

योगी ने कहा कि जो अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आज बंगाल में है, 9 वर्ष पहले वही स्थिति उत्तर प्रदेश में भी थी। वहां त्योहारों के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में जनता–जनार्दन ने डबल इंजन सरकार बनाई तो आज यूपी में तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है।

# तमिलनाडु चुनाव : मोदी, नबीन व राहुल के दौरे से आयेगी तेजी

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में आगामी 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दौरे से चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेता केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार के बाद अब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भाजपा राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए आक्रामक चुनाव अभियान चला रही है। चुनावी अभियान की शुरुआत सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नवीन ने की, जो रविवार सुबह मदुरै पहुंचे। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वह रोड शो करेंगे, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली को संबोधित करेंगे और बूथ कमेटी की बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अप्रैल को राज्य में कई रैलियां और रोड शो करेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद भी करेंगे। भाजपा इस द्रविड़ क्षेत्र में पकड़ मजबूत करने के लिए उत्सुक है। तमिलनाडु में पिछले छह दशकों से परंपरागत रूप से और बारी-बारी से द्रमुक और अन्नाद्रमुक सत्ता में रही।

दूसरी ओर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी राज्य में चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। वह श्रीपेरंबदूर में अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देने के बाद विभिन्न सीटों पर रैलियां करेंगे।

## तमिलनाडु की चुनावी लड़ाई चतुष्कोणीय नहीं मुकाबला केवल टीवीके और द्रमुक के बीच : विजय

**कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय ने रविवार को कहा कि भले ही दावा किया जा रहा है कि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबला है, लेकिन वास्तव में लड़ाई टीवीके और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के बीच है। अभिनय से राजनीति में आए विजय ने कन्याकुमारी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चतुष्कोणीय या 40 कोणीय मुकाबला नहीं है। यहां केवल दो पक्ष हैं, एक टीवीके है, दूसरा द्रमुक। क्या आप जनविरोधी स्टालिन सरकार चाहते हैं, या विजय, जो जनता से प्रेम करता है, यह चुनाव बस इसी बात पर आधारित है। टीवीके की जनसभा में शामिल होने के लिए आई भारी भीड़ के बीच विजय ने साइकिल चलाई। उन्होंने अपने पिछले चुनाव प्रचार स्थल कराईकुडी में भी लोगों से संपर्क साधने के उद्देश्य से साइकिल चलाई थी। लेकिन हालात तब बेकाबू हो गए, जब लोग उनके करीब आने की कोशिश करने लगे। इस बार आयोजकों ने विजय के चारो ओर सुरक्षा घेरा बनाया था।

## केंद्र से टकराव करेंगे तो तमिलनाडु को निधि कैसे मिलेगी: पलानीस्वामी

**तंजावुर (तमिलनाडु), एजेंसी।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख ई .के . पलानीस्वामी ने राज्य को निधि जारी करने के मुद्दे पर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार जानबूझकर केंद्र सरकार से टकराव कर रही है, तो उसे निधि कैसे मिल सकती है। वह अन्नाद्रमुक नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के महासचिव टी .टी .वी . दिनाकरन के साथ संयुक्त चुनाव प्रचार के तहत शनिवार को एक सभा को संबोधित कर रहे थे। पलानीस्वामी ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के बीच मतभेद हो सकते हैं या वे एक–दूसरे की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन चुनाव के बाद चुनी हुई सरकार को उन लोगों की सेवा करनी चाहिए, जो उन्हें सत्ता में लेकर आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर राज्य सरकार जानबूझकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करती है, तो तमिलनाडु को निधि कैसे मिल सकती है? केंद्र में कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करने के दौरान भी द्रमुक को अपेक्षित निधि नहीं मिली थी। अब वह भाजपा की आलोचना कर रही है।

## असम: पुलिस ने चुनावी मामले में कुंकी को समन भेजा, पहुंची थाने

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम जातीय परिषद (एजेपी) ने हाल में हुए विधानसभा चुनाव में गुवाहाटी सेंट्रल से पार्टी के उम्मीदवार कुंकी चौधरी को पुलिस द्वारा समन किये जाने को लेकर रविवार को सीएम हिमंत विश्व शर्मा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा अपने खिलाफ जनादेश को देख घबरा गई है। चुनाव संबंधी मामले में समन मिलने के बाद चौधरी सुबह पानबाजार पुलिस थाना पहुंचीं। उन्हें शनिवार को नोटिस देकर रविवार पूर्वाह्न 11 बजे से पहले पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था ऐसा नहीं करने पर उनकी गिरफ्तारी की बात कही गई थी। भाजपा कार्यकर्ता नबा कुमार लखकर ने नौ अप्रैल को मतदान के दिन चौधरी और उनके प्रबंधक संदीप यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि दोनों ने आचार संहिता का उल्लंघन कर स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव संचालन में बाधा डाली।

# रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करेंगे भारत-यूएई

अबू धाबी, एजेंसी

● जयशंकर ने यूएई के उपप्रधानमंत्री अल नाहयान से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और इसके प्रभावों पर चर्चा की।

जयशंकर नौ से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अबू धाबी में हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज शाम अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने खाड़ी देश में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर भारत की ओर से गहरी सराहना व्यक्त की।

मंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और आगे बढ़ती रहेगी।

# संरा महासचिव के चयन प्रक्रिया में सक्रिय रहेगा रूस

मास्को। रूस संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पर बारीकी से नजर रख रहा है और चयन प्रक्रिया में पूरी तरह से सक्रिय रहेगा। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पुतनिक को दी। लोग्विनोव ने कहा, रूसी पक्ष अगले महासचिव के चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से जांचने का इरादा रखता है। हम नामांकन प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का पद अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है। हालांकि औपचारिक रूप से यह पद प्रशासनिक प्रकृति का है।

# भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के पीछे चीन की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

● अरुणाचल के सभी हिस्से भारत के अभिन्न अंग : जायसवाल

भारत ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों के काल्पनिक नाम दिए जाने को चीनी चाल, शरारत और निराधार कथानक गढ़ने का प्रयास बताते हुए कहा है कि चीन की इस तरह की कार्रवाई द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के संबंध में मीडिया प्रश्नों के उत्तर में रविवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश सहित यह सभी हिस्से भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत चीनी पक्ष द्वारा भारत के क्षेत्र में आने वाले स्थानों को काल्पनिक नाम देने के किसी भी शरारतपूर्ण प्रयास को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि चीनी पक्ष की ये कार्रवाई भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता पैदा करते हैं और बेहतर समझ विकसित करने के प्रयासों को क्षति पहुँचाते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे प्रस्तुत करने और निराधार कथानक गढ़ने के प्रयास सच को बदल नहीं सकते।

न्यूज डिकोडर

## आफ्टर मार्केट एक्सेसरीज

# आपका शौक जो बन सकता है जानलेवा

शोरूम से गाड़ी बाहर निकलते ही अधिकांश मालिकों के मन में उसे 'सजाने' का विचार आने लगता है। यहीं से शुरू होता है 'आफ्टर-मार्केट एक्सेसरीज' का खेल। शोरूम के महंगे विकल्पों से बचने और अपनी कार को दूसरों से अलग दिखाने की होड़ में लोग स्थानीय बाजारों का रुख करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि एक चमकती हुई एक्स्ट्रा लाइट या डैशबोर्ड पर रखा एक भारी सजावटी सामान आपकी और दूसरों की जान के लिए कितना बड़ा खतरा हो सकता है? आफ्टर-मार्केट एक्सेसरीज वे उपकरण या पुर्जे होते हैं जो वाहन निर्माता द्वारा फैक्ट्री फिटेड नहीं होते, बल्कि बाद में बाहर से लगवाए जाते हैं। इनमें से कई एक्सेसरीज न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करती हैं, बल्कि वाहन की इंजीनियरिंग और सुरक्षा प्रणालियों (जैसे एयरबैग्स और सेंसर) के साथ भी छेड़छाड़ करती हैं। एक छोटी सी वायरिंग की गलती पूरी गाड़ी को आग के गोले में तब्दील कर सकती है, और एक गलत तरीके से लगाया गया बुल-बार हादसे के समय एयरबैग को खुलने से रोक सकता है। कानूनन, वाहन के मूल ढांचे या स्पेसिफिकेशन में बदलाव करना अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए भारी जुर्माना और जेल तक का प्रावधान है। फिर भी, जानकारी के अभाव में लोग अपनी वारंटी और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगा देते हैं। यह लेख इसी खतरनाक शौक की परतों को खोलता है।



### इन एक्सेसरीज पर पाबंदी

- बुल-बार या क्रैश गार्ड : यह गाड़ी की सुरक्षा के लिए उसके आगे और पीछे की ओर लगाए जाते हैं। इन पर पूर्ण प्रतिबंध है।
- टिंटेड ग्लास (काली फिल्म) : सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, शीशों पर बाहर से काली फिल्म लगाना अवैध है। विजिबिलिटी 70% (आगे-पीछे) और 50% (साइड) होनी चाहिए।
- तेज आवाज वाले हॉर्न और साइलेंसर : मॉडिफाइड साइलेंसर (खासकर बुलेट में) और प्रेशर हॉर्न पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।
- अतिरिक्त लाइटें (एचआईडी/एलईडी बार्स) : छत पर लगी लाइटें या ऐसी लाइटें जो सामने वाले की आंखों को चौंधिया दें, अवैध हैं।
- नंबर प्लेट : फैंसी फॉन्ट या रंगों वाली नंबर प्लेट पर जुर्माना हो सकता है। हमेशा एचएसआरपी प्लेट का ही उपयोग करें।
- चौड़े टायर : कंपनी द्वारा निर्धारित साइज से ज्यादा बड़े टायर लगवाने पर भी चालान हो सकता है।

### ये सुरक्षा के लिए घातक

- बुल-बार : लोग इसे सुरक्षा मानते हैं, लेकिन यह सबसे खतरनाक है। हादसे के समय ये 'क्रम्पल ज़ोन' को काम नहीं करने देते और इम्पैक्ट सेंसर्स को ब्लॉक कर देते हैं, जिससे एयरबैग्स नहीं खुलते। साथ ही, पैदल चलने वालों के लिए ये जानलेवा होते हैं।
- गलत वायरिंग और हेडलैंप्स : म्यूजिक सिस्टम या महंगी लाइटें लगवाने के लिए अक्सर मूल तारों को काटा जाता है। इससे शॉर्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है, जो कार में आग लगने का मुख्य कारण है।
- बड़े अलॉय व्हील्स और टायर : कंपनी द्वारा निर्धारित साइज से बड़े टायर लगवाने से सस्पेंशन खराब होता है ,ब्रेक लगाने की क्षमता कम हो जाती है।
- सीट कवर्स : अगर आपकी कार की सीटों में एयरबैग हैं, तो उन पर सामान्य सीट कवर लगवाना मौत को दावत देना है। ये एयरबैग को बाहर नहीं आने देते।

### रद्द हो सकती है वाहन की वारंटी

- कंपनियां अपनी वारंटी शर्तों में बहुत सख्त होती हैं। निम्नलिखित स्थितियों में आपकी वारंटी खत्म हो सकती है।
- इलेक्ट्रिकल कटिंग : अगर किसी भी एक्सेसरी के लिए मूल वायरिंग को काटा गया है।
- मैकेनिकल बदलाव : इंजन ट्यूनिंग या सस्पेंशन के साथ छेड़छाड़।
- अनधिकृत सीएनजी किट : यदि किट आरटीओ अप्रूव्ड और कंपनी अधिकृत नहीं है।
- स्ट्रक्चरल बदलाव : चेसिस या बॉडी स्ट्रक्चर में ड्रिलिंग करना।

### बीमा क्लेम भी प्रभावित

- यदि आप एक्सेसरीज लगवाना ही चाहते हैं, तो हमेशा कंपनी ऑथराइज्ड सामान ही चुनें। शोरूम से मिली आपकी गाड़ी एक संतुलित मशीन है। उसमें किया गया एक छोटा सा अवैध बदलाव न केवल आपके बीमा क्लेम को खारिज करवा सकता है, बल्कि किसी सड़क हादसे में कानूनी और शारीरिक संकट का कारण भी बन सकता है।

### सुरक्षा से समझौता

- वाहन निर्माता करोड़ों रुपये खर्च करके गाड़ी का सेफ्टी टेस्ट करते हैं। कोई भी अनटेस्टेड एक्सेसरी उस पूरी इंजीनियरिंग को बिगाड़ देती है।
- संतुलन : छत पर भारी सामान ले जाने वाले कैरियर या बड़े टायर गाड़ी के गुरुत्वाकर्षण केंद्र को बिगाड़ देते हैं, जिससे तेज मोड़ पर गाड़ी पलटने का डर रहता है।
- इलेक्ट्रिक लोड : अतिरिक्त एक्सेसरीज बैटरी और अल्टरनेटर पर दबाव डालती हैं, जिससे गाड़ी बीच रास्ते में बंद हो सकती है।

### व्हीकल एक्ट

- मोटर वाहन अधिनियम की धारा 52 के अनुसार, कोई भी मालिक अपने वाहन में ऐसा बदलाव नहीं कर सकता जिससे निर्माता द्वारा दिए गए मूल विवरण बदल जाएं।
- जुर्माना : मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों में बाहरी एक्सेसरीज लगवाना या उनके मूल ढांचे में बदलाव करना अवैध माना जा सकता है। पकड़े जाने पर 1,000 से 25,000 रुपये तक का जुर्माना, वाहन की जब्ती, आरसी का निलंबन और कुछ मामलों में 6 महीने तक की जेल भी हो सकती है।
- रंग बदलना : यदि आप गाड़ी का रंग बदलते हैं, तो उसे आरटीओ में दर्ज कराना अनिवार्य है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूक्रेन का ईस्टर पर युद्धविराम उल्लंघन

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन पर रूसी सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 32 घंटे के ईस्टर युद्धविराम का उल्लंघन करने का रविवार को आरोप लगाया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धविराम के शुरुआती 16 घंटों के दौरान यूक्रेनी सेना द्वारा युद्धविराम के दो हजार मामले सामने आए। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मैक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईस्टर के अवसर पर युद्धविराम की घोषणा होने के बावजूद, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने कल रात पोक्रोव्स्कोये क्षेत्र से रूसी सैनिकों के ठिकानों पर तीन बार हमला किया। कहा कि 11 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार चार बजे से 12 अप्रैल को सुबह आठ बजे के बीच यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा कुल 1,971 बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 12 मछुआरों को पकड़ा

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल क्षेत्र के 12 मछुआरों को रविवार सुबह गहरे समुद्र में मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे शनिवार रात कराईकल में मछली पकड़ने के लिए बंदरगाह से समुद्र में उतरे थे, तभी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को पार करने के बाद कराईनगर क्षेत्र के पास मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने उन्हें पकड़ लिया। श्रीलंकाई नौसेना जवानों ने उनकी मशीनीकृत नाव को भी जब्त कर लिया और उन्हें तथा नाव को कांकेसंथुराई ले गए।

### छात्र मौत : संकाय सदस्यों की जांच शुरू

**कन्नूर।** कन्नूर डेंटल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने कॉलेज के कुछ संकाय सदस्यों के खिलाफ जांच शुरू की है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि छात्र के माता-पिता और मित्रों द्वारा संकाय सदस्यों पर भावनात्मक उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद चक्करक्कल पुलिस ने जांच शुरू की। अभी तक पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है। छात्र की पहचान तिरुवनंतपुरम निवासी नितिन राज आर.एल.(22) के रूप में हुई है जो यहां अंजराकांडी स्थित कॉलेज में बीडीएस प्रथम वर्ष का छात्र था।

### मणिपुर में बम हमले के खिलाफ किया प्रदर्शन

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए बम हमले और दो बच्चों की मौत के विरोध में रविवार को राजधानी इंफाल में हजारों लोगों ने रैली निकाली। यह रैली उरीपोक निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानीय निकायों के एक समूह, उरीपोक अपुनबा लुप और उरीपोक नुपी अपुनबा लुप द्वारा आयोजित की गई थी। रैली लैम्बोइखोंगनांगखोंग से शुरू हुई और चार किलोमीटर की दूरी तय की।

# भारत का आर्थिक विकास वैश्विक साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर

## कोलंबिया विश्वविद्यालय के इकोनॉमी समिट में बोले भारतीय राजदूत क्वात्रा

न्यूयॉर्क/ह्यूस्टन, एजेंसी

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत की आर्थिक विकास यात्रा उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर है और इस बात पर बल दिया कि अमेरिका इस साझेदारी में सबसे आगे और केंद्र में है तथा भारत के सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक है।

क्वात्रा ने ये टिप्पणियां शनिवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स (एसआईपीए) के दीपक और नीरा राज सेंटर ऑन इंडियन इकोनॉमिक पॉलिसीज द्वारा आयोजित कोलंबिया इंडियन इकोनॉमी समिट 2026: द क्वेस्ट फॉर ए डेवलप्ड इंडिया में एक विशेष संबोधन के दौरान कीं।

उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत का आर्थिक विकास हमारी अपनी यात्रा है जो न केवल आर्थिक विकास और समृद्धि के हमारे मूलभूत सिद्धांतों के लिए है बल्कि यह हमारे अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। अमेरिका हमारे सबसे महत्वपूर्ण व अहम साझेदारों में से एक है। द्विपक्षीय संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्वात्रा ने कहा कि साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और बदलते वैश्विक परिवर्तनों से निपटने में भारत-अमेरिका साझेदारी सबसे महत्वपूर्ण और सबसे निर्णायक साझेदारियों में से एक है।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए अपने लोगों के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। राजदूत ने कहा कि हम भारत में अपनी यात्रा, अपने आर्थिक विकास, अपने समाज के विकास के एक परिवर्तनकारी दौर में हैं... साथ ही, हम वैश्विक बदलावों के संबंध में सीखने के लिहाज से एक अनूठे दौर में भी जी रहे हैं।



### लगातार मजबूत हो रहे भारत-अमेरिकी संबंध

भारतीय दूतावास ने बताया कि उन्होंने समुदाय को एकजुट करने में प्रवासी संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस (एफआईए) के कार्यों की सराहना की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के योगदान को स्वीकारा। द ग्रोथ ट्रायंगल शीर्षक से एक सत्र में भाग लेते हुए ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत डी सी मंजुनाथ ने कहा कि सरकार, व्यापार और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव के माध्यम से भारत-अमेरिका संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने भारत और टेक्सास के बीच बढ़ते सहयोग को व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। इस कार्यक्रम में भारत के बदलते नीतिगत परिदृश्य और विकास प्राथमिकताओं की जानकारी दी गई।

### साझेदारी में भारत के लिए रणनीतिक, राजनीतिक और सुरक्षा प्रमुख

मजबूत अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के महत्व और सार पर बल देते हुए क्वात्रा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी में सरकार-से-सरकार, सरकार-से-व्यापार, व्यापार-से-व्यापार और लोगों-से-लोगों के संबंध शामिल हैं। उन्होंने कहा, इन चार श्रेणियों के भीतर क्षेत्रीय विस्तार के संदर्भ में हमारे लिए एक प्रमुख खंड रणनीतिक राजनीतिक और सुरक्षा है। उन्होंने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद), भारत-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारे और अमेरिका के साथ व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी जैसी पहलों के माध्यम से चुनौतियों और अवसरों की पुनर्कल्पना करने के प्रयासों का उल्लेख किया। क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में नेतृत्व स्तर का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को मौजूदा वैश्विक बदलावों के प्रति सतर्क रहना चाहिए।

# रोहतक से दिल्ली तक हरित गलियारा बनाकर पहुंचाया गया मरीज के लिए हृदय

● एंबुलेंस ने 85 मिनट में पूरी की 98 किलोमीटर से अधिक की दूरी

**नई दिल्ली।** जरूरतमंद मरीज में प्रतिरोपित किए जाने के लिए एक दानदाता के जीवित हृदय को लेकर एक एंबुलेंस ने रोहतक से राष्ट्रीय राजधानी तक की 98 किलोमीटर से अधिक की दूरी 85 मिनट में पूरी की। इसके लिए नौ अप्रैल को एक हरित गलियारा बनाया गया था। इसमें कहा गया है कि दिल्ली पुलिस और रोहतक पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए 'हरित गलियारे' की मदद से एंबुलेंस ने अपराह्न 2.50 बजे से 4.15 बजे के बीच यह दूरी तय की, जिससे यह सुनिश्चित हो सका कि महत्वपूर्ण समय सीमा के भीतर हृदय कार्यशील बना रहे। ओखला स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के अनुसार, यह अंग पं. बी.डी. शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज , रोहतक में 37 वर्षीय 'ब्रेन-डेड' दाता से प्राप्त किया गया था और प्रतिरोपण के लिए दिल्ली के अस्पताल में लाया गया था। बयान में कहा गया है कि गंभीर डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी से पीड़ित प्राप्तकर्ता 26 वर्षीय मरीज में सफल प्रतिरोपण किया गया और वर्तमान में आईसीयू में उसकी गहन निगरानी की जा रही है।

# अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा अनावृत्त

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● सिएटल में नगर प्रशासन की ओर से स्थापित कराई गई कांस्य प्रतिमा

अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में वेस्टलेक स्क्वायर पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है।

भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, शिकागो 1893 से सिएटल 2026 तक! ...सिएटल का प्रशासन शहर के मध्य क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्मारक स्थापित करने वाला पहला नगर प्रशासन बन गया है। विल्सन ने समारोह में कहा कि यह स्मारक सिएटल की समावेशी भावना को दर्शाता है और भारत एवं अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के इस विविधतापूर्ण महानगरीय प्रौद्योगिकी केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है।



# आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राजधानी में राष्ट्रीय स्तर के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन विज्ञान भवन में पूर्वाह्न 11 बजे रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियां और महिलाएं भाग लेंगी। इसमें सरकार, शिक्षा जगत, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक कार्य और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी महिलाएं शामिल होंगी। सितंबर 2023 में संसद ने ' नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया , जो विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गयी हैं। अब देश भर में महिला आरक्षण के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए 16 अप्रैल को संसद की बैठक बुलाई गई है। यह सम्मेलन देश के विकास पथ को आकार देने में महिलाओं की अधिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने को आयोजित किया जा रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज दिन की शुरुआत कार्यभार के साथ होगी। दोपहर बाद नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला** – आज का दिन अनुकूल रहेगा। मित्रों और सहयोगियों से मदद मिलेगी। कार्यों में सफलता मिलने की संभावना बनी रहेगी।

**वृष** – आज दोपहर बाद धीरे-धीरे कार्यों में गति आएगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक खर्च से बचना आवश्यक है।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत सावधानी से करें, क्योंकि कार्यों में बाधा आ सकती है। प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन धैर्य से आप स्थिति संभाल लेंगे।

**मिथुन** – आज आपकी बुद्धि और संचार क्षमता मजबूत रहेगी। नए विचार सामने आएंगे और लाभ के अवसर बनेंगे। संपर्कों से सहयोग मिलेगा।

**धनु** – आज भाग्य आपका साथ देगा। कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। बनते कार्यों से आत्मविश्वास मजबूत रहेगा।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत में मन विचलित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में दबाव रहेगा, लेकिन स्थिति धीरे-धीरे सुधर जाएगी।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत आपके पक्ष में रहेगी। दोपहर बाद कुछ बदलाव आ सकते हैं। परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**सिंह** – आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। नए संपर्क लाभकारी सिद्ध होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।


**कुंभ** – आज उधार दिया हुआ धन वापस मिलेगा। नए संपर्क बनेंगे और कार्यों में प्रगति होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी व्यस्तता के साथ होगी। आपकी योजना सफल रहेगी। मानसिक संतुलन बना रहेगा।

**मीन** – आज खर्च पर नियंत्रण रखें और धैर्य बनाए रखें। थोड़ी उलझन हो सकती है, धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होगी। कार्यों में प्रगति मिलेगी।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 13 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 14 अप्रैल 01.08 तक तत्पश्चात द्वादशी।

दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-धनिष्ठा 16 .03 तक तत्पश्चात शतभिषा।

### सुडोकू - 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |

### सुडोकू -118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| 6 | | 2 | | | | | 7 | |
| 9 | | | 4 | | | 5 | | |
| 4 | | 7 | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 5 | 9 | | 6 | | | 3 |
| | | 8 | | | 2 | | | 7 |
| | 9 | | | | | 2 | 5 | |
| | 1 | | | | 3 | | | |

# सीधी उड़ान सहित ताइवान से निलंबित कुछ संबंधों को फिर से शुरू करेगा चीन

**बैंकॉक।** चीन ने रविवार को कहा कि वह ताइवान के साथ निलंबित संबंधों को कुछ हद तक फिर से शुरू करेगा। इनमें समूचे चीन के शहरों के लिए सीधी उड़ानें और ताइवानी मत्स्य उत्पादों का आयात भी शामिल है। हाल में ताइवान की विपक्षी पार्टी की नेता ने चीन की यात्रा की थी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अधीन ताइवान वर्क ऑफिस ने एक बयान में कहा कि वह कम्युनिस्ट पार्टी और ताइवान की कुओमिंतांग पार्टी के बीच एक दीर्घकालिक संचार तंत्र स्थापित करने की संभावना तलाशेगा तथा ताइवान के जलीय कृषि उत्पादों के आयात को सुविधाजनक बनाएगा जिन पर हाल के वर्षों में प्रतिबंध लगा दिया गया था। कुओमिंतांग पार्टी की प्रमुख चेंग ली-वुन और चीनी राष्ट्रपति शी ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें दोनों ने शांति की अपील की।

## कारनामा

### विश्व की सर्वाधिक शैक्षणिक डिग्री रखने वाले इंसान हैं राजस्थान के झुंझनूं जिले के दशरथ सिंह

# जुनून : हासिल कीं 138 डिग्रियां, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र

जयपुर, एजेंसी

आम तौर पर लोग एक या दो डिग्री हासिल कर संतुष्ट हो जाते हैं लेकिन यदि किसी व्यक्ति के अंदर पढ़ाई का ऐसा जुनून हो कि उसने पास 138 डिग्री, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र हों तो ऐसे व्यक्ति को आप क्या कहना पसंद करेंगे। यह कारनामा राजस्थान में झुंझुनूं जिले के डॉ. दशरथ सिंह ने कर दिखाया है।

हाल में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह में डॉ. दशरथ सिंह को 138वीं डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने वैदिक अध्ययन में परास्नातक की डिग्री विशिष्ट योग्यता के साथ हासिल की। वह शिक्षा के क्षेत्र में 11 विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। दशरथ वर्तमान में भारतीय सेना एवं रक्षा मंत्रालय में वरिष्ठ सलाहकार हैं।

सेना की नौकरी के दौरान पंजाब, जम्मू-कश्मीर, असम जैसे अपेक्षाकृत कठिन इलाकों में तैनाती के बावजूद दशरथ में पढ़ाई का जुनून कम नहीं हुआ। सेना की नौ राजपूताना रेजिमेंट में सिपाही रहे दशरथ सिंह का नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मोस्ट एजुकेशनली क्वालिफाइड पर्सन ऑफ द वर्ल्ड यानी विश्व के सबसे ज्यादा शैक्षणिक योग्यता रखने वाले व्यक्ति के रूप में दर्ज है।

डॉ. दशरथ सिंह अब तक तीन विषयों में पीएचडी, सात में स्नातक, 46 में स्नातकोत्तर, 23 में डिप्लोमा, सेना से संबंधित सात विषयों में डिग्री और 52 विषयों में प्रमाणपत्र हासिल कर चुके हैं। राजस्थान से सबसे ज्यादा सैनिक देने वाले झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ तहसील के खिरोड़ गांव में एक साधारण से किसान एवं सैनिक परिवार में जन्मे दशरथ अपने परिवार से तीसरी पीढ़ी के सैनिक हैं। उनका बचपन बेहद कष्टमय और कठिन परिस्थितियों में गुजरा। दशरथ ने कहा, मेरे परिवार में कोई पढ़ा लिखा नहीं था और न ही पढ़ाई-लिखाई का कोई माहौल ही था।



### दशरथ के नाम शिक्षा क्षेत्र में 11 रिकॉर्ड

दशरथ के नाम शिक्षा के क्षेत्र में 11 रिकॉर्ड हैं, जिनमें इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, दो हॉवर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, यूएन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, ग्लोबल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और नेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं।



> मेरे लिए सबसे अहम चीज टीम की जीत थी। मैं तो बस बाकी गेंदबाजों द्वारा बनाए गए दबाव का फायदा उठा रहा था। पेस और धीमी गेंदों के मिश्रण पर के लिए आपको नेट्स में काफी अभ्यास करना पड़ता है, ताकि मैच में उसे सही तरीके से इस्तेमाल कर सकें।
>
> – प्रसिद्ध कृष्णा


# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार, 13 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान – 200 रन
रजत पाटीदार
बेंगलुरु – 195 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद – 184 रन

## पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात – 10 विकेट
रवि विश्नोई
राजस्थान – 9 विकेट
अंशुल कंबोज
चेन्नई – 8 विकेट

## हाईलाइट



मियामी में यूएफसी 327 मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स इवेंट में महिलाओं के स्ट्रॉवेट मुकाबले में मेक्सिको की लूपी गोडिनेज़ को अमेरिका की तातियाना सुआरेज (दाएं) को हरा दिया। एजेंसी

### बरवाल ने मैराथन में 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**रोटरडैम (नीदरलैंड)।** सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। बरवाल ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### सीएसके के सिमंस ने कहा, लड़के हारते-हारते थक गए थे

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल नहीं गिरा था, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि खिलाड़ी हारते-हारते थक चुके थे। पांच बार के चैंपियन सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर हार का सिलसिला तोड़ा और इस तरह से वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सिमंस ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हमारे खिलाड़ी इस मैच को जीतने के लिए वास्तव में बेताब थे। मुझे लगता है कि लगातार तीन मैच हारने के बाद हम हारते-हारते थक गए थे।

# घर में फिर लड़खड़ाया लखनऊ गुजरात ने सात विकेट से हराया

## मार्करम के अलावा एलएसजी का कोई बल्लेबाज 20 रन भी नहीं बना सका

**लखनऊ, एजेंसी**

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से शिकस्त दी। एलएसजी एकाना में एकबार फिर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है।

सुपर जाएंट्स को आठ विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए।



कप्तान ऋषभ पंत का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते गुजरात टाइटंस के मोहम्मद सिराज। एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों ने रक्षात्मक नीति अपनाते हुए शुरुआती चार ओवरों में सिर्फ 25 रन बनाए। शुभमन गिल ने पांचवें ओवर में शमी के खिलाफ छक्का और तीन चौके लगाकर ओवर से 20 रन बटोरे। गिल ने इस दौरान आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए राठी ने पहली ही गेंद पर सुदर्शन को चलता किया। क्रीज पर आए बटलर ने इसी ओवर में चौके से टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। राठी के अगले ओवर में पंत ने बटलर का आसान कैच टपका कर उन्हें जीवनदान दिया। गिल ने दूसरे छोर से जॉर्ज लिंडे के खिलाफ चौका लगाया, तो वहीं बटलर ने जोखिम लिए बिना आवेश और राठी की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा। गिल ने 12वें ओवर में आवेश खान के खिलाफ एक रन चुराकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, तो वहीं बटलर ने ओवर का समापन हैट्रिक चौकों से किया। उन्होंने लिंडे की गेंद पर एक रन दौड़कर 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। टी20 प्रारूप में यह बटलर का 100वां अर्धशतक है। प्रिंस ने गिल को, तो वहीं शमी ने बटलर को आउट कर टाइटंस को सात गेंद के अंदर दो झटके देकर टीम की वापसी कराने की कोशिश की, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (21) और राहुल तेवतिया (10) ने लक्ष्य तक पहुंचाने की औपचारिकता पूरी की।

### रन के लिए एलएसजी के बल्लेबाज तरसे

लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद विकेट गंवा दिए।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**164/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का सुंदर बो कृष्णा | 30 |
| मिचेल मार्श का गिल बो रबाडा | 11 |
| ऋषभ पंत का तेवतिया बो सिराज | 18 |
| आयुष बडोनी का फिलिप्स बो कृष्णा | 09 |
| निकोलस पूरन का गिल बो कृष्णा | 19 |
| अब्दुल समद का फिलिप्स बो अशोक | 18 |
| मुकुल चौधरी का बटलर, बो प्रसिद्ध | 18 |
| जॉर्ज लिंडे का स्थानापन्न बो अशोक | 16 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 12 |
| आवेश खान नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त** : 9, **गेंदबाजी** : सिराज 4-0-19-1, रबाडा 4-0-54-1, अशोक 4-0-32-2, प्रसिद्ध 4-0-28-4, राशिद 4-0-25-0

### गुजरात टाइटंस

**165/3** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का आवेश बो राठी | 15 |
| शुभमन गिल का पंत बो प्रिंस | 56 |
| जोस बटलर का मारक्रम बो शमी | 60 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 21 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 10 |

अतिरिक्त : 03, गेंदबाजी : शमी 4-0-36-1, प्रिंस 4-0-31-1, राठी 4-0-31-1, लिंडे 3-0-28-0, आवेश 2-0-24-0, मारक्रम 1.4-0-15-0

**4000** रन पूरे किए शुभमन गिल ने आईपीएल में

**04** विकेट लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने 28 रन देकर

**04** मुकाबलों में लखनऊ ने 2 जीते और 2 हारे हैं

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 6. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 7. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.532 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

## नवाबी नगरी में चिलचिलाती धूप पर भारी पड़ा क्रिकेट का जुनून

- सचिन की बेटी सारा और बहू सानिया बनीं आकर्षण का केंद्र
- 'सिलेंडर बेचकर मैच देखने आए' वाले पोस्टर ने बटोरी सुर्खियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** नवाबों के शहर लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रविवार को क्रिकेट का ऐसा हाई वोल्टेज करंट दौड़ा कि चिलचिलाती धूप भी प्रशंसकों के जोश को ठंडा नहीं कर सकी। गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में भले ही लखनऊ ने दिल जीता, लेकिन मैच गुजरात के शुभमन गिल ले उड़े।

**सिलेंडर बेचकर देखने आए मैच, सारा समेत सितारों का जमावड़ा**
स्टेडियम में केवल चौके-छक्कों के पोस्टर ही नहीं, बल्कि कुछ अतरंगी संदेश भी दिखे। एक दर्शक का पोस्टर "घर में गैस नहीं, सिलेंडर बेचकर मैच देखने आए हैं" सोशल मीडिया और स्टेडियम में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं, वीआईपी बॉक्स में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर और उनकी भाभी सानिया (अर्जुन तेंदुलकर की पत्नी) एलएसजी को सपोर्ट करती नजर आईं। सानिया अपनी टीम की जर्सी में पूरी तरह क्रिकेट के रंग में रंगी थीं।

**नारेबाजी का जबरदस्त मुकाबला**
मैदान और उसके बाहर, गेट नंबर-2 पर प्रशंसकों के बीच नारों की जंग छिड़ी रही। एलएसजी के समर्थकों ने नारा बुलंद किया— "इकाना-लखनऊ का पुराना है साथ, गुजरात की नहीं बनेगी बात", तो गुजरात के फैंस ने भी पलटवार करते हुए "जीतेगा भाई जीतेगा, गुजरात जीतेगा" के नारों ने माहौल गरमाए रखा। इससे पहले मीडिया बॉक्स में वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, यूपीसीए सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता और इकाना के एमडी उदय सिन्हा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

### 27 करोड़ वाले पंत फिर रहे फ्लॉप

लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत से फैंस को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली वाले इस खिलाड़ी का बल्ला इकाना में एक बार फिर खामोश रहा। पंत ने शुरुआत तो आक्रामक की, लेकिन 11 गेंदों में मात्र 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस सीजन के चार मैचों में पंत का प्रदर्शन (7, 68*, 10, 18) उनके फॉर्म में निरंतरता की कमी दिखी।

# बेंगलुरु ने मुंबई को दिया 241 रनों का लक्ष्य

- सॉल्ट, पाटीदार और कोहली ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

**मुंबई, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को यहां शीर्ष क्रम में फिल सॉल्ट (78 रन), कप्तान रजत पाटीदार (53 रन) और विराट कोहली (50 रन) के अर्धशतकों की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट पर 240 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सॉल्ट और कोहली ने पहले विकेट के लिए 65 गेंद में 120 रन की भागीदारी निभाई। सॉल्ट ने 36 गेंद का सामना करते हुए छह छक्के और इतने ही चौके जमाए।

गत चैंपियन टीम के लिए पाटीदार और टिम डेविड (नाबाद 34 रन, 16 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) ने आते ही तेजी से रन जुटाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पाटीदार (20 गेंद) ने आते ही छक्कों और चौकों की झड़ी लगाकर आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक जड़ा जिसके लिए उन्होंने 17 गेंद खेलीं जिसमें चार चौके और पांच छक्के जड़े थे। मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर, मिचेल सैंटनर, हार्दिक पंड्या और ट्रेंट बोल्ट को एक एक विकेट मिले।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते रजत पाटीदार। एजेंसी

पारी की शुरुआत कोहली ने बोल्ट की गेंद पर जोरदार छक्का जड़कर की। जहां कोहली बीच-बीच में बाउंड्री लगाते रहे तो वहीं उनके जोड़ीदार सॉल्ट ने रन गति को तेज करने की जिम्मेदारी संभाली। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाजों बोल्ट और हार्दिक के खिलाफ बाउंड्री लगाईं। सॉल्ट ने बोल्ट की गेंद को स्टैंड में छक्के के लिए भेज दिया जबकि सैंटनर की गेंद पर उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़े। इससे आरसीबी के 50 रन 4.2 ओवर में ही पूरे हो गए थे, इससे उन्होंने मुंबई इंडियंस को मजबूर कर दिया कि वे जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर कोई विकेट नहीं) को पावरप्ले में ही दूसरा ओवर फेंकने के लिए वापस बुला लें जो कि आमतौर पर देखने को नहीं मिलता। इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सिर्फ छह रन दिए, लेकिन इसके बावजूद आरसीबी ने पावरप्ले में 71 रन बना लिए थे। आठवें ओवर में सॉल्ट ने लेग-स्पिनर मयंक मार्कंडेय को निशाना बनाते हुए लगातार तीन चौके जड़े जबकि कोहली ने सैंटनर के तीसरे ओवर में दो और चौके लगाए। विकेट लेने के लिए बेताब मुंबई इंडियंस ने आखिरकार 11वें ओवर में गेंद शार्दुल को सौंपी। शार्दुल ने सॉल्ट को कवर पर खड़े हार्दिक के हाथों कैच करवाकर पहला विकेट दिलाया।

पाटीदार ने फिर साधारण गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत शार्दुल की गेंद को कवर के ऊपर से उठाकर चौका जड़ते हुए की और फिर मार्कंडेय की खराब लेंथ का पूरा फायदा उठाते हुए इस लेग-स्पिनर पर लगातार तीन छक्के जड़े। देखते ही देखते पाटीदार ने नौ गेंद में 34 रन बना लिए। मुंबई ने शार्दुल को ऑफ-साइड से बाहर गेंदें डालने के लिए लगाया, लेकिन वे ज्यादातर मौकों पर ऐसा करने में चूक गए।

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स की भिड़ंत सनराइजर्स से

**हैदराबाद, एजेंसी**

बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी। रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है।

टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है। जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है।

तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए। कप्तान रियान पराग की अगुआई वाले मध्य क्रम की अब तक अधिक परीक्षा नहीं हुई है। हालांकि मध्य क्रम के बल्लेबाज अब तक मिले सीमित मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और शायद यह टीम के दमदार अभियान में एकमात्र चिंता की बात है।

रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं।

जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** इशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्राइडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रेविस हेड, प्रफुल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, इशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नितीश रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पेन, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा।

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

# पहले दिन तीन घंटे के खराब खेल से हमें नुकसान हुआ : विशाल उप्पल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कप्तान विशाल उप्पल ने बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक में अपनी टीम के तीसरे स्थान पर रहने के लिए पहले दिन तीन घंटे के खराब खेल को जिम्मेदार ठहराया जिससे भारत विश्व ग्रुप प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। भारत ग्रुप एक में ही रहेगा जबकि शीर्ष पर रहने वाली दो टीम थाईलैंड और इंडोनेशिया ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

एक सप्ताह के उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन पर बात करते हुए उप्पल ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ धीमी शुरुआत एक कड़े मुकाबले में महंगी साबित हुई। उप्पल ने शनिवार को फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराने के बाद कहा सबसे बड़ी खुशी तो यही है कि हमने कोरिया को हरा दिया। लेकिन दुख की बात यह है कि हमने सप्ताह की शुरुआत में तीन घंटे खराब टेनिस खेली, जिसकी वजह से हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए। भारत ने क्वालीफाई करने की उम्मीदों के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया था, लेकिन थाईलैंड के खिलाफ हार उसे भारी पड़ी। उप्पल ने कहा अभी बहुत दुख हो रहा है। प्रतियोगिता से पहले हम जानते थे कि क्वालीफाई करने के लिए थाईलैंड और कोरिया को हराना होगा।



बिली जीन किंग कप के दौरान भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेमों में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा**

# शटलर आयुष शेट्टी की फाइनल में टूटी उम्मीद

**निंगबो (चीन), एजेंसी**

भारत के आयुष शेट्टी को रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मंगलुरु के 20 साल आयुष को लय हासिल करने में परेशानी हुई और वह चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन से 8-21, 10-21 से हार गए जिससे इस प्रतियोगिता में भारत का पुरुष एकल स्वर्ण पदक का 61 साल का इंतजार जारी रहा। हार के बावजूद गौरवरीय आयुष का अभियान शानदार रहा। वह दिनेश खन्ना के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने।



खन्ना इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय एकल चैंपियन हैं। उन्होंने 1965 में यह खिताब जीता था। खन्ना के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी 2023 में यह खिताब जीता था। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और पिछले सत्र में इंडोनेशिया मास्टर्स में शी से हारने के बाद इस मुकाबले में उतरे थे। आयुष ने हालांकि इस हफ्ते अधिक नियंत्रण और आक्रामकता के साथ खेला और फाइनल के अपने सफर के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कुनलावत वितिदसार्न, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और वर्ल्ड सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग को हराया। आयुष ने हालांकि शी की कड़ी चुनौती के सामने घुटने टेक दिए। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने का मौका नहीं दिया। शी ने अपने खेल की विविधता से भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बनाया और कुछ सटीक स्मैश भी लगाए। चीन के खिलाड़ी ने दो बढ़िया नेट ड्रिबल से शुरुआती अंक हासिल किए और 4-0 की बढ़त बना ली। आयुष के स्मैश शुरू में सटीक नहीं थे और वह 2-6 से पिछड़ गए। चीन के खिलाड़ी ने लंबी रैली के बाद बाहर शॉट बाहर जिससे आयुष को कुछ राहत मिली।

### नियंत्रण हासिल करने के लिए कर रहे थे संघर्ष

आयुष नियंत्रण हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने कई सहज गलतियां की। शी ने शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और क्रॉस कोर्ट शॉट लगाकर आयुष को गलतियां करने के लिए मजबूर किया। शी ने दो स्मैश के साथ गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर आयुष के बाहर शॉट मारने से पहला गेम जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी को मैच में बने रहने के लिए दूसरा गेम जीतना था। उन्होंने बेहतर शुरुआत करते हुए 3-1 की बढ़त बनाई लेकिन शी ने नेट पर कुछ अच्छे शॉट खेलकर उन पर दबाव बनाए रखा। आयुष हालांकि 7-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन इसके बाद उन्होंने लय गंवा दी। भारतीय खिलाड़ी ने दो शॉट बाहर जबकि एक नेट पर मारा जिससे शी ने 7-7 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली और फिर ब्रेक तक 11-8 से आगे हो गए। ब्रेक के बाद शी पूरी तरह छाए रहे। उन्होंने कछ अच्छे स्मैश से स्कोर 13-8 किया और फिर इसे 15-9 तक पहुंचाया। शी ने बॉडी रिटर्न अंक के बाद सीधे स्मैश से स्कोर 17-9 किया। आयुष ने फिर एक और शॉट बाहर मारा जबकि शी स्मैश के साथ अंक जुटाकर खिताब से सिर्फ दो अंक दूर पहुंच गए।